राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

नई दिल्ली से प्रकाशित

वर्ष : 12
अंक : 33
पृष्ठ : 08
नई दिल्ली
गुरुवार 18 अगस्त 2022
मूल्य : 1.50/-
RNI No .DELHIN/2011/38334



**मुख्य अपडेट**

**पेज 3** संयुक्त त्यागी स्वाभिमान मोर्चा (त्यागी समाज दिल्ली प्रदेश) ने श्रीकांत त्यागी प्रकरण में हुई अन्यायपूर्ण कार्यवाही पर आपत्ति दर्ज की

**पेज 5** किसान संसद से प्राकृतिक खेती का व्यवहारिक खाका पारित कर भेजा गया प्रधानमंत्री को

**पेज 7** गोकुलम एफसी ने ताशकंद में फंसी महिला टीम के लिये प्रधानमंत्री कार्यालय से मदद मांगी


## डिटेंशन सेंटर में ही रहेंगे रोहिंग्या

### हरदीप पुरी ने फ्लैट और सुरक्षा देने को कहा था; अब गृह मंत्रालय बोला- ऐसा कोई आदेश नहीं

नई दिल्ली। दिल्ली में अवैध रोहिंग्या शरणार्थियों को घर दिए जाने की खबरों को गृह मंत्रालय ने खारिज कर दिया है। मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि कुछ रिपोर्ट्स में रोहिंग्याओं को फ्लैट्स देने की बात कही जा रही है। हमने ऐसा कोई निर्देश नहीं दिया है कि अवैध रोहिंग्या शरणार्थियों को दिल्ली के बक्करवाला में फ्लैट्स दिए जाएंगे। दरअसल, बुधवार को ही केंद्रीय आवास मंत्री हरदीप पुरी ने ट्वीट कर फ्लैट्स दिए जाने की बात कही थी।



#### डिपोर्टेशन तक डिटेंशन सेंटर में ही रहेंगे

गृह मंत्रालय ने कहा– दिल्ली सरकार ने हमें प्रपोजल दिया था कि रोहिंग्या को नई लोकेशन पर शिफ्ट किया जाए। लेकिन, हमने उन्हें निर्देश दिया कि अवैध रोहिंग्या को अभी वहीं रखा जाए, जहां वे हैं। उनके डिपोर्टेशन (निर्वासन) की बातचीत चल रही है। तब तक उन्हें डिटेंशन सेंटर में ही रखा जाएगा। दिल्ली सरकार ने उन जगहों को डिटेंशन सेंटर घोषित नहीं किया, जहां अवैध रोहिंग्या को रखा गया है। हमने उन्हें तुरंत ऐसा करने का निर्देश दिया है।

#### हरदीप पुरी ने फ्लैट देने की बात कही थी

केंद्रीय शहरी विकास और आवास मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बुधवार को ट्वीट किया कि भारत ने हमेशा शरण मांगने वालों का स्वागत किया है। एक ऐतिहासिक फैसले में तय किया गया है कि रोहिंग्या शरणार्थियों को दिल्ली के बक्करवाला में EWS फ्लैट्स में शिफ्ट किया जाएगा। उन्हें बेसिक सुविधाएं दी जाएंगी और 24 घंटे सुरक्षा भी दी जाएगी। इसके कुछ घंटे बाद गृह मंत्रालय ने भी ट्वीट किया और कहा कि ऐसा कोई आदेश नहीं है।

#### दिल्ली सरकार हर महीने दे रही 7 लाख रुपए किराया

रिपोर्ट्स के मुताबिक, दिल्ली में रोहिंग्याओं के सिर पर छत बनाने को लेकर हुई हाई लेवल मीटिंग के बाद लिया गया। बैठक की अध्यक्षता दिल्ली के मुख्य सचिव ने की और इसमें दिल्ली सरकार, दिल्ली पुलिस और गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। जुलाई के आखिरी हफ्ते में हुई बैठक में इस बात पर जोर दिया गया था कि दिल्ली सरकार, मदनपुर खादर इलाके में रोहिंग्याओं के टेंट के लिए लगभग 7 लाख रुपये हर माह का किराया दे रही है।

#### विहीप ने जताई थी नाराजगी

हालांकि इस बीच विश्व हिंदू परिषद ने भी रोहिंग्या मुसलमानों को दिल्ली में घर देने के फैसले पर कड़ी नाराजगी जताई थी। विहिप के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार ने एक लेटर जारी करके कहा था कि सरकार इस पर फिर से विचार करे। उन्हें घर देने के बजाय भारत से बाहर भेजा जाए। पाकिस्तान के हिन्दू शरणार्थियों को अमानवीय हालात में रहना पड़ रहा है और सरकार रोहिंग्याओं को घर और सुरक्षा दे रही है।

## दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे परियोजना को मिली सफलता

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और उत्तराखंड की राजधानी देहरादून को जोड़ने वाले दिल्ली–देहरादून एक्सप्रेस–वे परियोजना पर चल रहा काम अब महत्वपूर्ण पड़ाव पर पहुंच गया है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को ट्वीट करके यह जानकारी दी। श्री गडकरी ने कहा कि इस एक्सप्रेस वे पर निर्माणाधीन अंतिम 20 किलो मीटर का हिस्सा राजाजी राष्ट्रीय उद्यान से होकर गुजरता है और यह क्षेत्र पर्यावरण और वन्य पशु संरक्षण की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि देहरादून के निकट राजाजी पार्क के जिस क्षेत्र से होकर यह एक्सप्रेस वे गुजर रहा है, वहां एशिया का सबसे ऊंचा तथा करीब 12 किलोमीटर लम्बा वन्यजीव गलियारा बनाया जा रहा है। क्षेत्र में वन्य पशुओं को एक्सप्रेस वे के कारण असुविधा न हो इसलिए यह गलियारा बनाया जा रहा है।

## बंगाल के हावड़ा में कचरे में मिले 17 भ्रूण

### 10 लड़कियां और 7 लड़के; अबॉर्शन के बाद फेंके जाने की आशंका

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले के उलूबेरिया शहर से दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। यहां पर कचरे के ढेर से 17 भ्रूण मिले हैं। उलूबेरिया के बनिबाला खारा इलाके में वॉर्ड नंबर 31 में मिले इन भ्रूणों में से 10 लड़कियों के हैं और 7 लड़कों के हैं। सभी भ्रूणों को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेजा गया है।

उलूबेरिया म्युनिसिपैलिटी के मुताबिक, इस इलाके के डेढ किमी के दायरे में करीब 30 प्राइवेट नर्सिंग होम हैं। पुलिस को शक है कि यहां पर अबॉर्शन के बाद इन भ्रूणों को कचरे के तौर पर फेंका गया है। पुलिस इसकी जांच कर रही है।



#### कर्नाटक में भी मिले थे 7 भ्रूणों के अवशेष

लगभग दो महीने पहले कर्नाटक से भी ऐसी ही घटना सामने आई थी। 25 जून को यहां के बेलगावी में एक नाले में से 7 भ्रूणों के अवशेष बरामद किए गए थे। सभी भ्रूण सिर्फ 5 महीने के थे। घटना बेलगावी के मुदलगी शहर के एक बस स्टैंड के पास की थी। पुलिस ने आशंका जताई थी कि बस स्टैंड के आसपास के अस्पतालों ने अबॉर्शन के बाद इन भ्रूणों को फेंक दिया होगा। इस मामले में पुलिस की जांच जारी है।

## मुफ्त चुनावी वादों की परिभाषा तय करेगा सुप्रीम कोर्ट

### 'पूछा- मुफ्त शिक्षा, पानी-बिजली क्या चुनावी वादे हैं? आप राय दें, फैसला हम करेंगे

नई दिल्ली। चुनाव के समय फ्री स्कीम्स की घोषणा को लेकर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस एनवी रमना ने की बेंच में सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा कि हम यह तय करेंगे कि चुनावी घोषणा में फ्री स्कीम्स क्या है? शनिवार तक सभी पक्षों को रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा गया है। मामले में अगली सुनवाई सोमवार यानी 22 अगस्त को होगी।

सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने कहा कि क्या हम किसी पॉलिटिकल पार्टी को किसानों को खाद देने से रोक सकते हैं? सबको शिक्षा और स्वास्थ्य देने पर अमल करना सार्वजनिक धन का दुरुपयोग नहीं है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों को लोगों से वादा करने से नहीं रोका जा सकता। सवाल इस बात का है कि सरकारी धन का किस तरह से इस्तेमाल किया जाए।

#### फ्री स्कीम्स का बेस्ट उदाहरण है मनरेगा : कोर्ट

चीफ जस्टिस ने सुनवाई के दौरान फ्री स्कीम्स का मनरेगा का सबसे बेहतरीन उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि इस स्कीम्स से लाखों लोगों को रोजगार मिल रहा है, मगर यह वोटर को शायद ही प्रभावित करता है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पूछा कि मुफ्त में वाहन देने की घोषणा कल्याणकारी उपायों के रूप में देखा जा सकता है? क्या हम कह सकते हैं कि शिक्षा के लिए मुफ्त कोचिंग फ्री स्कीम्स है?


11 अगस्त को सुनवाई से पहले चुनाव आयोग ने हलफनामा दाखिल किया था। आयोग ने कोर्ट में कहा है कि फ्री का सामान या फिर अवैध रूप से फ्री का सामान की कोई तय परिभाषा या पहचान नहीं है। आयोग ने 12 पन्नों के अपने हलफनामे में कहा कि देश में समय और स्थिति के अनुसार फ्री सामानों की परिभाषा बदल जाती है।



## जम्मू के सिधरा में 6 लोगों की संदिग्ध मौत

### सामूहिक आत्महत्या की आशंका, जांच के लिए जम्मू पुलिस ने बनाई एसआईटी

सिधरा। जम्मू के सिधरा इलाके में एक ही परिवार के 6 सदस्य अपने घर में मृत पाए गए। जम्मू–कश्मीर पुलिस ने बताया है कि मरने वालों में 4 पुरुष और दो महिलाएं शामिल हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इन सभी लोगों ने जहर खाया है। गोलियों के निशान नहीं मिले हैं। हालांकि, अभी पुलिस ने इस बात की पुष्टि नहीं की है। पुलिस ने कहा कि घटना की जांच की जा रही है। इसके बाद मौत की वजह साफ हो सकेगी। सभी शवों को जम्मू के सरकारी मेडिकल कॉलेज में भेज दिया गया है।



#### दो घरों में मिलीं 6 लाशें

मरने वालों में पांच मरमत डोडा और एक श्रीनगर के बरजुल्ला इलाके का रहने वाले हैं।

मृतकों की पहचान सकीना बेगम, उनकी दो बेटियों नसीमा अख्तर और रुबीना बानो, बेटे जफर सलीम और दो रिश्तेदारों नूर उल हबीब और सजाद अहमद के रूप में हुई है। लाशें दो घरों से बरामद हुई हैं।

#### जम्मू पुलिस ने बनाई स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम

मामले की जांच के लिए संजय शर्मा (SP ग्रामीण), प्रदीप कुमार (SDPO नगरोटा), इंस्पेक्टर विश्व प्रताप (SHO नगरोटा) और SI माजिद हुसैन (IC पीपी सिधरा) के नेतृत्व में एक SIT का गठन किया गया है। पुलिस का कहना है कि मौत की असली वजह पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगी।

#### पुलिस को फोन पर मिली मौत की खबर

जांच अधिकारियों ने बताया कि रात 9:45 पर किसी ने फोन पर यह सूचना दी कि एक घर में कुछ लोगों की मौत हो गई है। इसके बाद 10 बजे पुलिस मौके पर पहुंची। रात करीब 1 बजे डेड बॉडीज को पोस्टमॉर्टम लिए भेजा गया।

## जयपुर में महिला टीचर को जिंदा जलाया

### उधार दिए पैसे मांग रही थी; देवर ने पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी

जयपुर। राजस्थान में एक महिला टीचर को कुछ लोगों ने जिंदा जला दिया। करीब 7 दिन पहले की इस वारदात का वीडियो आज सामने आया है। यह भयावह मामला राज्य के किसी दूर–दराज के इलाके का नहीं, राजधानी के पास एक गांव की है। उस महिला का कसूर इतना था कि वह आरोपियों से काफी दिन पहले अपने उधार दिए पैसे मांग रही थी। बुरी तरह झुलसी टीचर ने मंगलवार देर रात स्र्स्र हॉस्पिटल में दम तोड़ दिया।

इंसानियत को शर्मसार करने वाली यह घटना 10 अगस्त को जयपुर से करीब 80 किलोमीटर दूर रायसर गांव की है। सुबह आठ बजे रैगरों के मोहल्ले में वीणा मेमोरियल स्कूल की टीचर अनीता रेगर (32) अपने बेटे राजवीर (6) के साथ स्कूल जा रही थी। इस दौरान कुछ बदमाशों ने घेरकर उस पर हमला कर दिया। अनीता खुद को बचाने के लिए पास ही में कालू राम रैगर के घर में घुस गई। उसने 100 नंबर और रायसर थाने को सूचना दी, लेकिन पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। इसके बाद आरोपियों ने पेट्रोल छिड़ककर अनीता को आग लगा दी। महिला चीखती, चिल्लाती रही, लेकिन लोग वीडियो बनाते रहे। आरोप है कि किसी ने भी उसकी मदद नहीं की।

घटना की जानकारी मिलने पर महिला का पति ताराचंद अपने परिवार के लोगों के साथ मौके पर पहुंचा। 70 प्रतिशत झुलसी अनीता को जमवारामगढ़ के सरकारी हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जहां से उसे एसएमएस हॉस्पिटल के जयपुर के बर्न वार्ड में रेफर कर दिया गया। यहां करीब सात दिन तक वह मौत से जंग लड़ती रही, लेकिन मंगलवार रात उसकी मौत हो गई।

#### उधार दिया पैसा मांगने से बिगड़ी थी बात

जानकारी के अनुसार मृतक महिला अनीता ने आरोपियों को ढाई लाख रुपए दिए हुए थे। महिला बार–बार जब उन से पैसों की मांग करती तो ये लोग उसके साथ अभद्रता और मारपीट किया करते थे।

इस संबंध में 7 मई को अनीता ने रायसर थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप है कि पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर कोई कार्रवाई नहीं की। इससे बदमाशों के हौसले बुलंद हो गए।

#### आरोपी अब तक गिरफ्त में नहीं

ताराचंद ने बताया कि गांव के ही गोकुल, आनंदी, रामकरण, बाबूलाल, प्रहलाद रेगर (वार्ड पंच), मूलचंद, सुरेश चंद, सुलोचना, सरस्वती, विमला ने पेट्रोल छिड़ककर आग लगाई है। उसकी पत्नी ने लोगों से जान बचाने की गुहार की, लेकिन बदमाशों के डर से किसी ने भी अनीता की मदद नहीं की। ताराचंद ने बताया कि ये सभी लोग हमारे रिश्तेदार हैं। आरोपी बाबूलाल और प्रहलाद चचेरे भाई हैं।

## देश में पिछले 24 घंटे में 15 हजार से ज्यादा लोग कोविड मुक्त

### पिछले 24 घंटों में कोविड संक्रमण के 9,062 नये मरीज सामने आयें

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश में कोरोना वायरस (कोविड–19) के पिछले 24 घंटों में 15220 लोग मुक्त हुए हैं। अभी तक कुल 43654064 रोगी कोविड से उबर चुके हैं। स्वस्थ होने की दर 98.57 प्रतिशत है।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने बुधवार को यहां बताया कि सुबह सात बजे तक 208.57 करोड़ टीके दिये जा चुके हैं। मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटों में कोविड संक्रमण के 9,062 नये मरीज सामने आयें हैं। इनके साथ ही देश में कोरोना रोगियों की संख्या 44,286,256 हो गयी है और देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 6194 मामले घटकर 105058 रह गए हैं। यह संक्रमित मामलों का 0.24 प्रतिशत है। दैनिक संक्रमण दर 2.49 प्रतिशत हो गयी है।

मंत्रालय ने बताया कि इस दौरान कोरोना महामारी से 30 मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 527134 हो गई है।

देश में पिछले 24 घंटे में एक लाख 88.10 कोविड परीक्षण किए गये हैं। देश में कुल 3,64,038 कोविड परीक्षण किए हैं।

इस दौरान कर्नाटक में सबसे अधिक 595 सक्रिय मामले घटकर 9880 रह गये है, तथा 1711 मरीजों के कोविड मुक्त होने से इस बीमारी से ठीक होने वालों की संख्या बढ़कर 3983536 हो गई है। तीन मरीजों की और मौत होने से मतृकों का आंकड़ा बढ़कर 40194 हो गया है।

इसके बाद राजस्थान में 455 सक्रिय मामले घटकर 4131 रह गये। इस बीमारी से ठीक होने वालों की संख्या बढ़कर 1288387 हो गई है तथा मृतकों की संख्या 9596 पर स्थिर है।

केन्द्र शासित प्रदेश पुड्डुचेरी में 49 सक्रिय मामले घटकर 410 रह गये। यहां इस बीमारी से अब तक 169797 लोग ठीक हो चुके है। यहां मृतकों की संख्या 1967 पर स्थिर है।

## भाजपा के नये संसदीय बोर्ड से गडकरी, शिवराज बाहर

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के संसदीय बोर्ड से केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को बाहर कर दिया गया है और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा और केन्द्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल को शामिल किया गया है। भाजपा के महासचिव अरुण सिंह ने आज यहां एक विज्ञप्ति में बताया कि पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने भाजपा के 11 सदस्यीय नये संसदीय बोर्ड का गठन किया है।

विज्ञप्ति के अनुसार नये सदस्यों में भाजपा अध्यक्ष श्री नड्डा के अलावा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह, कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री श्री येदियुरप्पा, केन्द्रीय मंत्री एवं असम के पूर्व मुख्यमंत्री श्री सोनोवाल, महासचिव के. लक्ष्मण, श्री इकबाल सिंह लालपुरा, राष्ट्रीय सचिव श्रीमती सुधा यादव, लंबे समय से हाशिये पर चल रहे पूर्व केन्द्रीय मंत्री सत्यनारायण जटिया तथा भाजपा के संगठन महासचिव बी एल संतोष शामिल है।





निवर्तमान संसदीय बोर्ड के सदस्य श्री गडकरी और श्री चौहान को नये संसदीय बोर्ड में जगह नहीं मिली है। नये संसदीय बोर्ड में राज्यों में नेतृत्व करने वाले किसी भी सदस्य को स्थान नहीं दिया गया है।

**दलित स्टूडेंट मौत**

### सुराणा-पोषाणा गांव में 700 जवान तैनात; 2 जेसीबी, एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड तैनात

## दलित स्टूडेंट के घर पहुंचे भीम सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष

**जालोर।** टीचर की कथित पिटाई से दलित स्टूडेंट की मौत के बाद पीड़ित के घर नेताओं के आने का सिलसिला जारी है। घटना के बाद से ही प्रदेश में संवेदना, सहानुभूति की राजनीति तेज है। जालोर के सुराणा गांव में मंगलवार को दिनभर मंत्रियों, विधायकों और जनप्रतिनिधियों का चक्कर लगता रहा। गांव में 6 जिलों के 700 जवान तैनात किए गए हैं।

आज भीम सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतपाल तंवर सुराणा गांव पहुंचे। राजस्थान राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग सदस्य शिव भगवान नागा भी बच्चे के परिजनों से मिले। गुरुवार को भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद आएंगे। भीम सेना और भीम आर्मी के नेताओं के आज व कल होने वाले दौरे को लेकर पुलिस और जिला प्रशासन भी अलर्ट मोड पर है। दलित नेताओं के लिए कार्यक्रमों को लेकर सुराणा के पास पोषाणा गांव में सरकारी खर्च पर 2 जेसीबी, फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस और पुलिस तैनात है। कलेक्टर निशांत जैन ने कहा कि यहां पार्किंग की व्यवस्था करवा रहे हैं। जबकि मृतक छात्र इंद्र मेघवाल के घर से सभास्थल की दूरी 20 किलोमीटर है। वहीं, जालोर मुख्यालय सहित सुराणा में बाहर से आने वाले रास्तों के पॉइंट पर पुलिस फोर्स तैनात है। जिले की पुलिस के साथ ही मेवाड़ भील कोर पुलिस दल को बुलाया गया है।

#### 20 लाख की आर्थिक सहायता की घोषणा

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने पीड़ित परिवार से मुलाकात के बाद जालोर में प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

इस दौरान उन्होंने प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता छात्र के परिजनों को देने की घोषणा की। डोटासरा ने बताया कि एसटी–एससी का कानून है, उसके अनुसार परिवार को सवा 8 लाख रुपए मिलेंगे। पहली किस्त 4 लाख 12 हजार की मिल चुकी है। दूसरी किस्त 4 लाख 13 हजार रुपए चालान होते ही मिल जाएगी। स्कूल में हुई घटना की सरकार व शिक्षा विभाग जांच कर रहा है। परिवार के अन्य बच्चों की पढाई की व्यवस्था सरकार कर रही है। पीड़ित परिवार की मांग के अनुसार एक कॉन्स्टेबल को तो पहले से निलंबित कर दिया गया है।

#### सुराणा में अस्थाई पुलिस चौकी की स्थापित

मंगलवार को परिजनों से मिलने आए सचिन पायलट व गोविंद सिंह डोटासरा से सुरक्षा को लेकर मांग की गई थी। सायला थानाधिकारी ने बताया कि गांव में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए ग्राम पंचायत भवन में चौकी स्थापित कर दी है। हेड कॉन्स्टेबल और कॉन्स्टेबल तैनात किए गए हैं।

#### 36 कौम एकजुट, बोले- टीचर को सजा मिले, पर जातिवाद न भड़काएं

जातिवाद व छुआछूत का आरोप लगने के बाद गांव में आक्रोश है। सभी समाजों के साथ दलित वर्ग भी महापड़ाव में शामिल हैं। उनका कहना है गांव का माहौल बिगाड़ा जा रहा है।

## दिल्ली में रोंहिग्याओं को नहीं बसने देंगे : आप

एजेंसी

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने केंद्र सरकार पर दिल्ली में रोंहिग्याओं को बसाने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी पार्टी दिल्ली में रोंहिग्याओं को नहीं बसने देगी।

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता सौरभ भारद्वाज ने संवाददाता सम्मेलन में बुधवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार में मंत्री हरदीप पुरी ने एलान किया है कि मोदी सरकार, रोहिंग्याओं को ईडब्ल्यूएस फ्लैट देकर बसाएगी और सभी सुविधाओं सहित 24 घंटे पुलिस सुरक्षा देगी। यह पूरे देश और हम दिल्ली वासियों की सुरक्षा के साथ खतरा है। हम दिल्लीवासी तो कम से कम इनको यहां पर नहीं बसने देंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक तरफ कहते हैं कि देश के लोगों की फ्री शिक्षा–स्वास्थ्य के लिए पैसे नहीं हैं। दूसरी तरफ करोड़ों रुपये रोहिंग्याओं पर खर्च करने का एलान किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा की मोदी सरकार के पास अपने देश के लोगों को सुरक्षा देने के लिए कुछ नहीं है।

केंद्र शासित जम्मू कश्मीर में कश्मीरी पंडितों को मारा जा रहा है। ? कश्मीरी पंडितों को सुरक्षा नहीं लेकिन रोहिंग्याओं को वोट बनाने के लिए श्री मोदी के मंत्री करोड़ों ख़र्च करेंगे और 24 घंटे सुरक्षा देंगे।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकारों ने बांग्लादेश से आए लोगों को सालों तक यहां बसाकर उन्हें अपना वोट बैंक बनाया। उसी तरीके से भाजपा सरकार इन रोहिंग्याओं को बसाकर अपने लिए इस्तेमाल करना चाहती है। ? श्री हरदीप पुरी के रोहिंग्याओं को बसाने के ऐलान के बाद भाजपा समर्थक भी गुस्से में हैं। भाजपा नेताओं के अनुसार पिछले सालों में रोहिंग्या 40 हजार से बढ़कर पांच लाख हो गए। इससे साफ है कि भाजपा ने देशभर में रोहिंग्या बसाए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने रोहिंग्याओं को देश से बाहर करने को कहा तो भी उन्हें आज तक बाहर नहीं निकाला। भाजपा अपने फायदे के लिए देश की अंदर रोहिंग्या को लेकर आ रही है। भारद्वाज ने कहा कि मोदी सरकार में वरिष्ठ मंत्री हरदीप पुरी के आज हमने कुछ ट्वीट देखे।

## शार्ट न्यूज

### स्टालिन ने मुर्मू, मोदी से की मुलाकात

चेन्नई/नयी दिल्ली। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने बुधवार को नयी दिल्ली में नवनिर्वाचित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। स्टालिन ने संवददाताओं को बताया कि राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के साथ बैठक एक शिष्टाचार मुलाकात है, क्योंकि जब उन्हें शपथ समारोह में आमंत्रित किया गया था, तो वह उस समय किसी कारणवश शामिल नहीं हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा,अब मैं व्यक्तिगत रूप से उन्हें राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के रूप में चुने जाने पर बधाई देने आया हूं। उन्होंने संवाददाताओं को बताया कि औपचारिक मुलाकात के दौरान उन्होंने तमिलनाडु में मौजूदा राजनीतिक स्थिति और अपनी सरकार की उपलब्धियों के बारे में चर्चा की। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से मुलाकात को संतोषजनक बताया। उन्होंने प्रधानमंत्री से इस मुलाकात में पहली बार आयोजित शतरंज ओलंपियाड का उद्घाटन करने के लिए चेन्नई आने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री से अब तक दिल्ली में केवल दो या तीन बार ही प्रधानमंत्री से मुलाकात की है और इसी दौरान उनके सामने राज्य से संबंधित कुछ मांगें रखीं।

### मंसूरी बाईपास मामला- पेड़ों के कटान के मामले में रोक बढ़ी

**नैनीताल।** उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में मंसूरी बाईपास (जोगीवाला-सहस्त्रधारा) मार्ग के चौड़ीकरण के मामले में अब सोमवार (22 अगस्त) को सुनवाई होगी। तब तक पेड़ों के कटान पर स्वाभाविक रूप से रोक लगा दी गयी है। आशीष कुमार गर्ग की ओर से दायर जनहित याचिका पर आज सुनवाई नहीं हो पायी। महाधिवक्ता एसएन बाबुलकर की ओर से मुख्य न्यायाधीश की अदालत में इस मामले को गुरुवार को सुनवाई के लिये अनुरोध किया गया लेकिन अदालत ने कल सुनवाई से इनकार कर दिया और सोमवार की तिथि नियत कर दी। दूसरी ओर सरकार की ओर से अदालत में जवाब दाखिल किया गया और कहा गया कि व्यापक जनहित को देखते हुए मार्ग का चौड़ीकरण किया जा रहा है। इससे हजारों लोग लाभान्वित होंगे। सैकड़ों पेड़ों को यहां से हटाकर अन्यत्र स्थापित कर दिया गया है। अब कुछ ही पेड़ रह गये हैं। सरकार की ओर से अदालत से पेड़ों के कटान पर लगी रोक को हटाने की मांग की गयी। याचिकाकर्ता की ओर से दायर जनहित याचिका में कहा गया कि सरकार मार्ग के चौड़ीकरण के लिये यहां दो हजार से अधिक पेड़ों को काट रही है। इससे पर्यावरण को नुकसान होगा। अदालत ने मामले को सुनने के बाद पेड़ों के कटान पर रोक लगा दी थी।

### विधायक पवन काजल, लखविंदर राणा भाजपा में शामिल

शिमला। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के विधायक पवन काजल और विधायक लखविंदर राणा आज भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए । मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने दिल्ली में एक प्रेस कॉफ्रेंस में बताया कि कांगडा जिला से कांग्रेस विधायक पवन काजल और नालागढ से विधायक लखविंदर राणा का भाजपा में आना हमें मजबूत करता है। हमारे इन दोनों मित्रों का भाजपा में शामिल होना संदेश देता है कि कांग्रेस समाप्त हो रही है। ज्ञातव्य है कि जहां एक और हिमाचल में कांग्रेस को मजबूत करने के लिए दिन रात मेहनत की जा रही है। रैलियां निकाली जा रही हैं। वहीं दूसरी ओर ऐसा लग रहा है कि हिमाचल कांग्रेस के कद्दावर नेताओ में भाजपा में शामिल होने की होड़ सी लगी हुई है। बुधवार को कांग्रेस के विधायक पवन काजल ने भाजपा का हाथ थाम लिया है। उन्होंने कहा कि जनता कि भावनाओं की कद्र करते हुए उन्होंने ये फैसला किया है। जनता एक बार फिर हिमाचल में भाजपा की सरकार को देखना चाहती है। नालागढ़ के विधायक लखविंदर राणा का कहना है, जहां एक ओर जयराम ठाकुर एक मिलनसार मुख्यमंत्री हैं और लोगों को समर्पित हैं। दूसरी ओर राष्ट्रीय कांग्रेस केवल परिवारवाद तक सीमित रह गई है। आगे वह कहते हैं कि हिमाचल में भी कांग्रेस केवल एक ही परिवार के हाथों में सिमट कर रह गई है। इन्हीं कारणों से आज हम भाजपा सरकार की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं।

### मुख्यमंत्री से मुकुंदरा हिल्स में सुरक्षा प्रहरियों के खाली पद भरने का अनुरोध

कोटा। राजस्थान में कोटा के स्वयंसेवी संगठन पगमार्क फाउंडेशन के एक प्रतिनिधि मंडल ने मुखमंत्री अशोक गहलोत से मुलाकात कर उन्हे सौंपे विस्तृत ज्ञापन में मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व में सुरक्षा प्रहरियों के रिक्त पद भरने का अनुरोध किया है। फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष देवव्रत सिंह हाडा ने बताया कि मुकुंदरा में आधे से ज्यादा सुरक्षा गार्ड्स के पद रिक्त पड़े हुए है। साथ ही सिर्फ दो रेंजर तैनात है। एसे में यहां बाघ एवं अन्य वन्यजीवों की सुरक्षा की कल्पना करना भी बेमानी है इसलिए प्राथमिमता से मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व में सुरक्षा गार्ड्स के रिक्त पड़े पद भरना आवश्यक है। श्री हाडा ने कहा कि इसकी वजह से पूर्व में यहां बाघों की सुरक्षा सही तरीके से नहीं हो पाई व इस पर सवालिया निशान अब भी लगा हुआ है।

### मॉब लिचिंग में गिरफ्तार आरोपियों को दो दिन के रिमांड पर भेजा

अलवर। राजस्थान में अलवर जिले के गोविंदगढ़ में मॉब लिंचिंग के मामले में गिरफ्तार सात आरोपियों को न्यायालय ने आज दो दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा जबकि दो आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने अब तक गिरफ्तार नौ आरोपियों को आज अदालत में पेश किया गया। अदालत ने सात आरोपियों को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है जबकि दो आरोपी हसन और शहाबुद्दीन को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम ने बताया कि गोविंदगढ़ में सब्जी विक्रेता चिरंजी लाल सैनी की हत्या में नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है उनके वाहन जप्त किए जा चुके हैं। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मॉब लिंचिंग की सभी धाराएं इसमें जुड़ी हुई है।

### जल जीवन मिशन के तहत अब तक हुये कार्यों की थर्ड पार्टी से करवाई जाए जांच

जयपुर। राजस्थान में जयपुर के जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत स्वीकृत किये गये कार्य तकनीकी रूप से सुदृढ़ होने चाहिए। जिससे भविष्य में किसी भी तरह की परेशानी नहीं आए। श्री राजपुरोहित आज यहां जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक में जयपुर जिले की जल जीवन मिशन के अंतर्गत अब तक की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हर महीने दिये गये लक्ष्य के अनुसार कार्य पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें जिससे जिले में जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक घर को नल कनेक्शन से जोड़ा जा सकें।

### विश्वविद्यालयों में युवा पीढ़ी को लोकतांत्रिक प्रक्रिया की जानकारी होना जरूरी : मिश्र

सीकर। राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में युवा पीढ़ी को लोकतांत्रिक प्रक्रिया की जानकारी होना जरूरी है। मिश्र आज पं. दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय कटराथल में स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स एवं ऑडिटोरियम के शिलान्यास कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान लोकतांत्रिक आदर्श और मूल्यों का पवित्र ग्रंथ है जिसमें हमारी संस्कृति और सभ्यता की अमूल्य निधि समाहित है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति एकता और अखंडता को बढ़ावा देती है। उन्होंने कहा कि महान विचारक पं. दीनदयाल उपाध्याय भारतीयता के मूर्तरूप थे। उनके विचारों से राष्ट्र और व्यक्ति का सर्वांगीण विकास संभव है। इसलिए सबको उनके बताए मार्ग पर चलने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने दीनदयाल के आर्थिक दर्शन को आधार बनाकर 'उत्पादन में बढ़ोतरी, उपभोग पर संयम, वितरण में समानता' की बात की। पं. दीनदयाल का चिंतन समाज की संपूर्णता का चिंतन है। श्री मिश्र ने कहा कि शेखावाटी में मातृ भूमि की रक्षा एवं अपने प्राणों की आहुति देने वाले सर्वाधिक वीर सपूत दिये हैं और से उद्यमी भी दिये हैं जिन्होंने व्यवसाय, उद्योग के क्षेत्र में देश को बुलंदियों पर पहुंचाया है।

## ग्लेशियरों का पीछे खिसकना मानवता के लिये खतरा

### गंगा से ग्लेशियर और गोमुख से ग्रीनलैंड व आइसलैंड की यह यात्रा जल संरक्षण को समर्पितः स्वामी चिदानन्द सरस्वती

ऋषिकेश। परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने आइसलैंड की घरती से पिघलते ग्लेशियरों पर चिंता व्यक्त करते हुये कहा कि ग्लेशियरों का पीछे खिसकना मानवता के लिये खतरा है।

स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि हमने गंगा जी के तटों को करीब से देखा हैं। गोमुख, गंगोत्री से गंगा सागर तक की यात्रा की तब लगा कि अब जहां-जहां ग्लेशियर है वहां की भी यात्रा होनी चाहिये। गंगा से ग्लेशियर और गोमुख से ग्रीनलैंड व आइसलैंड की यह यात्रा जल संरक्षण को समर्पित है।

स्वामी जी ने कहा कि पूरे विश्व में जल की कमी हो रही है, जल प्रदूषित हो रहा है और जो ग्लेशियर के रूप में हैं वह भी हर क्षण पिघल रहा हैं; हर क्षण



ग्लेशियर के आकार में परिवर्तन हो रहा हैं। ग्लेशियर पिघल-पिघल कर इतनी तीव्रता से टूट रहा है जिसके कारण मेरा हृदय भी द्रवित हो रहा है क्योंकि ग्लेशियर ग्लोबल वार्मिंग के कारण पिघल रहे हैं इसलिये अब जरूरत है की हम प्लास्टिक का उपयोग कम करें, जल के प्रति जागे और मिलकर कार्य करें।

भारत में ग्लेशियर 6.7, माइनस 3 मीटर प्रतिवर्ष की औसत दर से पीछे खिसक रहे है। हवा के तापमान में लगातार बढ़ोतरी होने के कारण बर्फ पिघलने में तेजी आ रही है। ग्लोबल वार्मिंग और क्लाइमेंट चेंज के कारण कई बार गर्मियों में ऊँचाई वाले स्थानों पर बर्फबारी की जगह बारिश होने लगती है, जिससे सर्दी-गर्मी का मौसमी पैटर्न भी प्रभावित हो रहा है।

ग्लेशियरों के तीव्र गति से पिघलने से मानव जीवन भी प्रभावित हो रहा है। यह मृदा अपरदन, भूस्खलन और बाढ़ के कारण मिट्टी के नुकसान सहित जल, भोजन, ऊर्जा सुरक्षा एवं कृषि को भी प्रभावित कर रहा है।

शोधकर्ताओं के अनुसार जलवायु परिवर्तन के कारण वर्ष 2100 तक एशियाई हिमनदों में तकरीबन एक तिहाई की कमी हो सकती है जिससे पीने का पानी, सिंचाई तथा जल विद्युत परियोजनाएँ सबसे अधिक प्रभावित होगी।

ग्लोबल वार्मिंग के कारण ग्लेशियरों में असंतुलन की स्थिति बन गई है। एशिया में एक अरब से ज्यादा लोग गंगा, यांग्त्जी और मेकांग आदि नदियों पर निर्भर हैं और इन नदियों में जल का मुख्य स्रोत हिमालय के ग्लेशियर है। शोधकर्ताओं के अनुसार, ग्लोबल वार्मिंग में प्रत्येक डिग्री की कमी एशियाई ग्लेशियरों की 7 प्रतिशत बर्फ को पिघलने से बचा सकती है।

स्वामी जी ने कहा कि नदियां सबकी हैं, गंगा सबकी है इसलिये हमें जल के प्रति चेतना होगा; जागना होगा ताकि जल जागरण-जन जागरण बनें। जल चेतना-जन चेतना बनें। जल क्रान्ति-जन क्रान्ति बनें और जल अभियान-जन अभियान बनें।

## सिन्हा ने शहीद आईटीबीपी जवानों को दी श्रद्धांजलि

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के महानिदेशक सुजॉय लाल थाओस्पेन ने अनंतनाग जिले में सड़क दुर्घटना में शहीद आईटीबीपी के सात जवानों को बुधवार को श्रद्धांजलि दी। यह समारोह यहां जिला पुलिस लाइन में किया गया।

गौरतलब है कि मंगलवार को अनंतनाग जिले में पहलगाम में चंदनवाडी के पास एक वाहन के सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर जाने से आईटीबीपी के सात जवानों की मौत हो गई और अन्य 34 घायल हो गए। घायलों को श्रीनगर के सेना अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां कुछ की हालत नाजुक है। गंभीर रूप से



घायल चार जवानों को विशेष उपचार के लिए शेर-ए-कश्मीर आयुर्विज्ञान संस्थान में स्थानांतरित किया गया है।

श्री सिन्हा ने डीपीएल श्रीनगर में आईटीबीपी के बहादुरों के सम्मान समारोह में शामिल होने के दौरान कहा, देश उनके साहस, वीरता और सर्वोच्च बलिदान को कभी नहीं भूलेगा। जवानों के पार्थिव शरीर को पूरे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार के लिए उनके पैतृक स्थानों पर भेजा गया।

### अन्नाद्रमुक मामला : अदालत ने 23 जून की यथास्थिति बनाए रखने का दिया आदेश

चेन्नई। अन्नाद्रमुक समन्वयक और तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री ओ पनीरसेल्वम (ओपीएस) को बुधवार को एक बड़ी राहत मिली जब मद्रास उच्च न्यायालय ने 23 जून की यथास्थिति बनाए रखने का आदेश के साथ साथ अंतरिम महासचिव के रुप में चुने गये एडप्पादी के.पलानीस्वामी के चुनाव को रद्द कर दिया। उन्हें 11 जुलाई को पार्टी की साधारण सभा में महासचिव चुना गया था। आज के इस फैसल को पलानीस्वामी खेमे के लिए झटके के तौर पर देखा जा रहा है। इधर ओपीएस के समर्थकों ने पटाखे फोड़कर इसे मनाया और पूरे राज्य में मिठाइयां बांटी। गत 11 जुलाई की बैठक में ओपीएस और तीन समर्थक जिनमे दो वर्तमान विधायक है पार्टी से निकाले दिये गये। इस बैठक की घोषणा 23 जून को की गयी थी। जिसमें ओपीएस और ईपीएस द्वारा तय पूर्व-मसौदे 23 के अलावा कोई संकल्प नहीं था और इन्हें ओपीएस द्वारा दायर एक याचिका पर उच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार अपनाया गया था। उस बैठक में ईपीएस को सर्वसम्मति से अंतरिम महासचिव चुना गया। यह एकात्मक नेतृत्व की वापसी का संकेत है जो दिवंगत नेता एमजीआर और जे.जयललिता के नेतृत्व वाली पार्टी का आधार है कि पन्नीरसेल्वम के पास समन्वयक के पद हैं और पलानीस्वामी द्वारा आयोजित सह-समन्वयक का अस्तित्व समाप्त हो गया। सामान्य बैठक में इसकी पुष्टि नहीं की गई थी।

### इलाके में दहशत फैलाने के लिए प्रवीण की हत्या : एनआईए

बेंगलुरु। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने अपनी प्राथमिकी में कहा है कि स्थानीय पुलिस को संदेह है कि दक्षिण कन्नड़ जिले के बेल्लारे गांव में भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता प्रवीण नेट्टारू की हत्या का उद्देश्य इलाके में दहशत फैलाना था। एनआई द्वारा सीआरपीसी की धारा 154 के अंतर्गत दर्ज की गई एफआईआर में कहा गया है कि प्रवीण हत्या मामले में स्थानीय पुलिस की जांच में यह खुलासा हुआ है कि आरोपियों ने स्थानीय लोगों के बीच आतंक फैलाने के लिए इस घटना को अंजाम दिया। स्थानीय पुलिस ने इस मामले में चार लोगों जाकिर, मोहम्मद शफीक, शेख सद्दाम हुसैन और एन अब्दुल हारिस को गिरफ्तार किया है।

## अजीत डोभाल की सुरक्षा में चूक मामले में बड़ी कार्रवाई, सरकार ने तीन कमांडो को हटाया

नई दिल्ली। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की सुरक्षा में चूक मामले में केंद्र सरकार ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन कमांडो को हटा दिया है। इस साल फरवरी में अजीत डोभाल की सुरक्षा में उस समय चूक हुई थी जब कार में सवार अज्ञात व्यक्ति दिल्ली स्थित उनके घर में घुसने की कोशिश की थी। उस समय पुलिस ने उस शख्स को हिरासत में ले लिया था।

सूत्रों के हवाले से बताया है कि डोभाल की वीआईपी सुरक्षा से जुड़े उप महानिरीक्षक (डीआईजी) और कमांडेंट का तबादला कर दिया गया है। अजीत डोभाल के हाई सिक्योरिटी वाले घर में घुसने की कोशिश करने



वाला शख्स एक लाल कलर की एसयूवी में सवार था। समय रहते कार को इंटरसेप्ट किया गया और उस व्यक्ति को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों ने पकड़ लिया, जो ह्स डोभाल के घर की सुरक्षा में लगे थे।

#### शरीर में चीप होने का किया था दावा

सूत्रों के मुताबिक पुलिस पूछताछ में शांतनु रेड्डी नामक शख्स ने एक दावा किया था कि उसके शरीर में एक चिप लगा है और उसे बाहर से कंट्रोल किया जा रहा है। हालांकि, एमआरआई स्कैन में उसके शरीर में किसी प्रकार की चिप का पता नहीं चला।

#### बेंगलुरु का रहने वाला था शख्स

अधिकारियों ने कहा था कि व्यक्ति बेंगलुरु का रहने वाला था और मानसिक रूप से डिस्टर्ब था। उसने नोएडा से एक कार किराए पर ली थी। अजीत डोभाल को केंद्र सरकार की ओर से जेड प्लस सुरक्षा मिली हुई है। जिस समय ये घटना हुई थी उस समय डोभाल अपने आवास पर मौजूद थे।

## कैश कांड के आरोपी विधायकों को हाई कोर्ट से राहत, मिली अतंरिम जमानत

**कोलकाता।** कैश कांड के आरोपी झारखंड के तीनों विधायकों को कलकत्ता हाई कोर्ट ने अंतरिम जमानत दे दी है। कोलकाता पुलिस ने उनके वाहन से 49 लाख रुपये कैश बरामद किया था और इसके बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया था। हावड़ा (ग्रामीण) के एसपी स्वाति भंगालिया के मुताबिक एनएच-16 पर विधायक के वाहन को रोका गया था। इसकी नेमप्लेट पर विधायक जामतारा झारखंड लिखा हुआ था।

जामतारा के विधायक इरफान अंसारी, कोलेबिरा के विएधायक नमन बिक्सल कोंगारिया और खिजरी के विधायक राजेश कच्छप को कोलकाता हाई कोर्ट से राहत मिली है। आरोप था कि एक राज्य के मुख्यमंत्री सीधा झारखंड के विधायकों से संपर्क कर रहे थे और कांग्रेस-जेएमएम की सरकार को अस्थिर करने की कोशिश कर रहे थे।

सूत्रों का कहना है कि ये तीनों ही विधायक दमदम के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट की ओर जा रहे थे।

उनके साथ एसयूवी में दो अन्य लोग भी थे। पश्चिम बंगाल आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) इस मामले की जांच कर रहा है। कांग्रेस ने इन तीनों ही विधायकों को सस्पेंड कर दिया था। कांग्रेस का कहना है कि झारखंड में सरकार को कोई खतरा नहीं है।

बता दें कि इन विधायकों में बिक्सल की छवि एक कट्टर ईसाई आदिवासी नेता की है। एक मॉब लिंचिंग की घटना में भी आरोपियों को भड़काने में बिक्सल का नाम सामने आया था।

हालांकि उन्होंने अपने ऊपर लगे आरोपों से इनकार किया था। वहीं इरफान अंसारी जामताड़ा से दो बार विधायक रह चुके हैं। उनके पिता जामताड़ा से पांच बार विधायक चुने गए थे।

### असम-अरुणाचल सीमा पर संघर्ष, आसू ने किया प्रदर्शन


लखीमपुर। असम में लखीमपुर जिला के रूपही राजगढ़ में झड़प के बाद असम-अरुणाचल प्रदेश सीमा से लगे विवादित इलाकों में तनाव का माहौल है। प्राप्त रिपोर्ट के मुताबिक अरुणाचल प्रदेश के बदमाशों के एक समूह ने कथित तौर पर असम के लखीमपुर जिला के रूपही राजगढ़ इलाके में एक ग्राम रक्षा दल (वीडीपी) पर हमला किया। पुलिस ने बुधवार को बताया कि हमले में कम से कम छह लोग घायल हुए हैं। घटना के बाद असम-अरुणाचल प्रदेश अंतर-राज्यीय सीमा पर तनाव बना हुआ है। उधर, ऑल असम स्टूडेंट्स यूनियन (आसू ) ने भी अरुणाचल प्रदेश की ओर जाने वाले मुख्य राजमार्ग पर एक सड़क नाकाबंदी की है।

## हसवी ने एल्ब्रस पर्वत की चढ़ाई करके पूरे देश को दुर्लभ ख्याति प्रदान की : दत्तात्रेय

हैदराबाद। हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने बुधवार को कहा कि तेलंगाना की 14 वर्षीय लड़की हसवी ने सोमवार को काकेशस पर्वत की सर्वोच्च चोटी, एल्ब्रस पर्वत की चढ़ाई करके पूरे देश और राज्य को दुर्लभ ख्याति प्रदान की है।

दत्तात्रेय ने हसवी के पिता वेंकट सत्यनारायण मुर्की को फोन कर उन्हें उनकी बेटी की उल्लेखनीय सफलता की बधाई दी।

राज्यपाल ने एक बयान जारी कर कहा, वह दसवीं में पढ़नेवाली मात्र 14 वर्षीय छात्रा है लेकिन उर्जा और असीमित संभावनाओं से भरपूर है। आने वाले दिनों में हसवी नई ऊंचाईयों पर पहुंचेगी। उसने हमें गौरवान्वित



किया है। जब वह हैदराबाद लौटेगी तब उससे मिलने के लिए मैं उत्सुक हुं। उसके उज्जवल भविष्य के लिए मेरी शुभकामनाएं।

तेलंगाना की मंचेरियल की रहनेवाली हसवी हैदराबाद के एक्सेलेंशिया इनफिनिटम स्कूल में पढ़ती है। हसवी ने मात्र 24 घंटे में और -20 डिग्री से भी कम तापमान में एल्ब्रस पर्वत पर 15 अगस्त, 2022 को विजय प्राप्त की, जब देश आजादी की 75वीं वर्षगांठ मना रहा था।

## कर्नाटक में निजी बस पलटी, दो की मौत,15 लोग घायल

कोलार। कर्नाटक के कोलार में बुधवार को चालक के नियंत्रण खो देने से एक निजी बस पलट गई जिसमें दो लोगों की मौत हो गई तथा 15 अन्य घायल हो गए। कोलार जिले के मुलबागिलु तालुक में विरुपक्षी गेट के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 75 पर हुई इस दुर्घटना में बस में सवार आंध्र प्रदेश के एक जोड़े की मौत हो गई। मृतकों की पहचान शरीफ और मायमुन्निसा के रूप में हुई है, दोनों विजयवाड़ा के रहने वाले हैं। घायलों में एक की हालत गंभीर है। बस में करीब 30 लोग सवार थे। यह आंध्र प्रदेश के नल्लूर के वेमुरी-कावेरी ट्रेवल्स की बस थी और गुंटूर से बेंगलुरु की ओर आ रही थी। बताया जा रहा है कि सुबह नींद में सो रहे चालक का नियंत्रण खो जाने के कारण बस पलट गई होगी।

## त्रिपुरा पुलिस मुख्यालय में हुई फाइल चोरी, कांग्रेस ने की न्यायिक जांच की मांग

अगरतला। त्रिपुरा पुलिस मुख्यालय में मंगलवार तड़के बड़ी संख्या में फाइलों की चोरी होने के बाद प्रदेश कांग्रेस समिति ने इस मामले की न्यायिक जांच उच्च न्यायालय के वर्तमान न्यायधीश से कराने की मांग की है।

कांग्रेस के इकलौते विधायक और पूर्व भाजपा मंत्री सुदीप रॉय बर्मन ने मीडिया को संबोधित करते हुए बुधवार को आरोप लगाया कि चोरी की यह कहानी पूरी तरह से मनगढ़ंत है क्योंकि सत्ताधारी पार्टी के विधायकों और नेताओं के कुछ मनपसंद पुलिसकर्मियों द्वारा उनके भ्रष्टाचार के सबूतों को मिटाने के लिए इसे अंजाम दिया गया है। श्री रॉय बर्मन ने आरोप लगाया कि लगभग 20-25 फाइलों में भाजपा के कुछ बड़े नेताओं के नशीले पदार्थों और तस्करी के सबूत थे जो पूर्व मुख्यमंत्री विप्लव देव के कार्यकाल के दौरान टीएसआर भर्ती में धांधली और पिछले चार वर्षों के दौरान भ्रष्टाचार की चल रही जांच से संबंधित फाइल थे, लेकिन पुलिस भाजपा के नेताओं के निर्देश पर कुछ अलग ही कहानी सुना रही है।

उन्होंने कहा कि त्रिपुरा भाजपा की भ्रष्ट लॉबी चोरी के मामले में दोहरा मापदंड अपना रही है- एक ओर वह मुख्यमंत्री डॉ माणिक शाहा को राज्य के गृह मंत्री के रूप में असफल साबित करने के लिए इस मामले की जांच चाहती है दूसरी ओर वह भ्रष्ट मंत्रियों, विधायकों और भाजपा नेताओं को जांच के दायरे से बाहर की कोशिश करती है। उन्होंने दावा किया कि पिछले वर्ष उनके भाजपा छोड़ने के बाद, त्रिपुरा भाजपा नेतृत्व संकट का सामना कर रही है और बिप्लव देव को मुख्यमंत्री पद से हटाने के बाद इस दल में आंतरिक लड़ाई चरम पर पहुंच गई है और भ्रष्टाचार में लिप्त बिप्लव देव समूह बेचैनी महसूस कर रहा है क्योंकि उसे पता है कि छह महीने बाद त्रिपुरा में कांग्रेस नेतृत्व वाली सरकार बनेगी और पुलिस निगरानी में फाइलों की चोरी इसका स्पष्ट संकेत है।

## पशुओं की दवाएं, साजो-सामान अधिक कीमतों पर बेचने वाले बाज़ आएं : भुल्लर

चंडीगढ़। पंजाब के पशु पालन मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर ने लंपी बीमारी के फैलने से बने हालत के बीच पशुओं की दवाएं, वैक्सीन और अन्य साजो-सामान अधिक कीमतों से बेचने का गंभीर नोटिस लेते हुये ऐसे दुकानदारों को बाज़ आने को कहा है।

श्री भुल्लर ने आज यहां बताया कि उनके ध्यान में आया है कि राज्य में फैल रही लम्पी स्किन बीमारी का नाजायज लाभ उठाते हुये कुछ दवा विक्रेता दवाएं, वैक्सीन और अन्य साजो-सामान तयशुदा कीमतों से अधिक कीमतों पर बेच कर पशुपालकों और किसानों का शोषण कर रहे हैं।

उन्होंने उपायुक्तों और विभाग के ज़िलों में तैनात उप निदेशकों को पत्र जारी करके ऐसे दुकानदारों के विरुद्ध कानून मुताबिक कार्यवाही अमल में लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने उप निदेशकों को हिदायत की है कि ज़िला प्रशासन और ड्रग इंस्पेक्टरों के साथ तालमेल करके दवा विक्रेताओं द्वारा अधिक कीमतों पर दवाएँ आदि बेचने के रुझान पर तुरंत रोक लगायी जाये और यदि ऐसी कोई शिकायत ध्यान में आती है तो उस पर तुरंत जांच करके अपेक्षित कार्यवाही अमल में लाई जाये।

### आयोग की परीक्षाओं के प्रवेश पत्र वेबसाइट पर अपलोड

अजमेर। राजस्थान लोकसेवा आयोग ने 25 से 30 अगस्त के मध्य अजमेर जिला मुख्यालय पर होने वाली विभिन्न परीक्षाओं के प्रवेश पत्र आयोग की वेबसाइट अपलोड कर दिए हैं। अजमेर मुख्यालय पर आयोग सचिव हरजीराम अटल ने बताया कि सहायक आचार्य (चिकित्सा शिक्षा विभाग) संवीक्षा परीक्षा 2021 तथा कृषि अनुसंधान अधिकारी एवं सहायक कृषि अनुसंधान अधिकारी (कृषि विभाग) संवीक्षा परीक्षा 2022 के प्रवेश पत्र अपलोड किए गए हैं।

## शिमला और ठियोग में भूस्खलन की चपेट में आईं कई गाड़ियां

शिमला। हिमाचल प्रदेश में मंगलवार देर रात से भारी बरसात के दौरान शिमला और ठियोग में भूस्खलन के दौरान थनकु गाँव में मलबा लोगों के घरों पर जा गिरा जिससे तीन घर क्षतिग्रस्त हो गए।

भूस्खलन के मलबे से तीन घरों में रहने वाले 25 लोग बेघर हो गए हैं। अभी भी बोल्डर गिर रहे हैं जिससे अन्य घरों को भी खतरा मंडरा रहा है। बरसात के चलते जहां नदी नाले उफान पर आ गए हैं। वहीं, पहाड़ी से बड़े पत्थरों के गिरने से मलबा सड़कों पर आ रहा है।

प्रदेश की राजधानी शिमला में ही भारी बारिश से छह पेड़ गिरे हैं। शहर के हिमलैंड और टालैंड में देर रात रात को भूस्खलन हो गया। भूस्खलन की चपेट में आने से करीब पांच गाड़ियों को नुकसान पहुंचा है। इससे शहर में वाहनों की आवाजाही भी ठप हो गई। सुबह करीब 10 बजे तक सड़क से मलबे को हटाया जा सका। एक पेड़ भी गिर गया।

## श्री हरमंदिर साहिब में टाइटलर की तस्वीर वाली टी-शर्ट पहनने की हुई निंदा

**एजेंसी**

अमृतसर। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने सचखंड श्री हरिमंदर साहिब में जगदीश टाइटलर की तस्वीर वाली टी-शर्ट पहन फोटो खींचकर वायरल करने की कड़ी निंदा की है।

उन्होंने कहा कि इस कृत्य को करने वाले के खिलाफ कार्रवाई के लिए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई जाएगी। एडवोकेट धामी ने बुधवार को कहा कि जगदीश टाइटलर दिल्ली सिख नरसंहार का मुख्य दोषी है, जिसे सिख समुदाय कभी माफ नहीं कर सकता। ऐसे व्यक्ति की तस्वीर वाली टी-शर्ट पहनकर सचखंड श्री हरमंदिर साहिब में आना एक ऐसा कृत्य है जो सिखों को परेशान करता है।

उन्होंने कहा कि जानकारी के अनुसार जिस व्यक्ति ने यह उतावलापन किया वह अमृतसर से कांग्रेस के प्रतिनिधि करमजीत सिंह गिल हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि उन्होंने यह कार्रवाई सोची समझी साजिश के तहत की है। शिरोमणि कमेटी के अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस जमात शुरू से ही सिख विरोधी रही है और 1984 में सचखंड श्री हरमंदिर साहिब पर उसका हमला और दिल्ली सिख नरसंहार अविस्मरणीय है। आज कांग्रेस नेता ने सचखंड श्री हरिमंदर साहिब में सिख नरसंहार के आरोपी जगदीश टाइटलर की तस्वीर प्रदर्शित कर सिख भावनाओं को ठेस पहुंचाई है।

एडवोकेट धामी ने कहा कि सचखंड श्री हरमंदिर साहिब सिखों का प्रमुख धार्मिक स्थल है और पूरी दुनिया के लोगों के लिए आस्था का केंद्र भी है। यहां हर कोई मानसिक शांति और आध्यात्मिक शक्ति पाने के लिए नतमस्तक होता है।

उन्होंने कहा कि इस पवित्र स्थान पर सिखों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का कृत्य बर्दाश्त नहीं किया जा सकता, जिसके संबंध में शिरोमणि कमेटी कार्रवाई करेगी।

इस बीच शिरोमणि कमेटी के उप सचिव मीडिया कुलविंदर सिंह रामदास ने बताया कि सचखंड श्री हरिमंदर साहिब में सिखों को भड़काने वाले व्यक्ति के खिलाफ शिरोमणि कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी के आदेश पर पुलिस के पास मामला दर्ज किया गया है। रामदास ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे की रिकॉर्डिंग के अनुसार यह व्यक्ति अटा मंडी बही से परिक्रमा में घुसा और फोटो खींचकर बिना झुके वापस चला गया।

उन्होंने कहा कि इससे स्पष्ट है कि यह व्यक्ति जानबूझकर कुछ शरारत करने आया था, न कि गुरु साहिब को प्रणाम करने के लिए।

## शार्ट न्यूज

### आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर स्वतंत्रता सप्ताह के तहत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के निकाली गयी प्रभात फेरी



**ग्रेटर नोएडा।** भारत सरकार के यशस्वी माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप जनपद में आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के अवसर पर जिलाधिकारी सुहास एल वाई के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के द्वारा 11 अगस्त से 17 अगस्त 2022 तक स्वतंत्रता सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को मुख्य चिकित्साधिकारी सुनील शर्मा के नेतृत्व अमृत महोत्सव के अवसर पर स्वतंत्रता सप्ताह के तहत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के द्वारा कोविड अस्पताल सेक्टर 39 नोएडा से प्रभात फैरी निकाली गयी। मुख्य चिकित्साधिकारी सुनील शर्मा ने बताया कि आज आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर स्वंतत्रता सप्ताह के तहत तिरंगा यात्रा निगाली गयी। जिसके माध्यम से आम जनमानस में देशप्रेम की अलख जगायी गयी और उनको प्रेरित भी किया गया। आयोजित प्रभात फैरी में समस्त चिकित्साधिकारी एवं स्टाफ के द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

### दिल्ली में 24 घंटे में कोरोना केस में उछाल आया, 8 मरीजों की मौत

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में बुधवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 1,652 मामले सामने आए और आठ लोगों ने दम तोड़ दिया। इस दौरान संक्रमण दर 9.92 प्रतिशत दर्ज की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा साझा किए गए आंकड़ों में यह जानकारी दी गयी। स्वास्थ्य बुलेटिन के मुताबिक, दिल्ली में बुधवार को आए इन नए मामलों के साथ ही कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 19,86,739 हो गई और अब तक 26,392 मरीज संक्रमण के कारण जान गंवा चुके हैं। बुलेटिन में कहा गया है कि 917 नए मामले सोमवार को किए गए 4,775 नमूनों के परीक्षण में सामने आए। सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में 14.57 फीसदी दैनिक संक्रमण दर के साथ 1,227 मामले दर्ज किए थे, जबकि आठ मरीजों की संक्रमण के मौत हो गई थी।

### कम्पनी में कार्य करने वाले दो कर्मचारी गिरफ्तार, कब्जे से छः लाख रुपये नगद, चोरी का माल सहित एक कार बरामद



नोयडा। नोएडा के थाना सैक्टर 39 पुलिस ने कम्पनी में कार्यरत दो कर्मचारियों महराज पुत्र सलामुद्दीन दर्जी निवासी मकान नंबर 60 ब्लाक सी 1 न्यू कोण्डली थाना गाजीपुर दिल्ली हाल पता स्टोर मैनेजर ब्लेन्किट इण्डिया प्राईवेट लिमिटेड सैक्टर 45 नोएडा, सचिन पुत्र दिनेश सिंह कुशवाहा निवासी ग्राम केवलगढी थाना चन्दपा जिला हाथरस उत्तर प्रदेश हालपता कालू सीमेन्ट वाली गली खोडा कालोनी थाना खोडा गाजियाबाद हाल डिलीवरी बाय ब्लेन्किट इण्डिया प्राईवेट लिमिटेड सैक्टर 45 नोएडा को मदर डेयरी सैक्टर 99 के पास से गिरफ्तार कर लिया।पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने 6,05,609 रूपये नगद, पाँच एचएचडी डिवाईस, दो डीवीआर, एक लैपटाप, अन्य सामान और घटना में प्रयुक्त कार नंबर डीएल 2सी एयू 7748 बरामद की है।अभियुक्तगण इण्डिया प्राईवेट लिमिटेड कम्पनी (जो ऑनलाईन खाद्य उत्पाद/ अन्य उत्पाद घर डिलीवरी करती है) में कार्य करते है। कम्पनी के उत्पादकों की बिक्री का रखा हुआ पैसा जो अलग अलग बण्डलों में रखा था। जिसको अभियुक्तों ने चोरी कर लिया। जिनके विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

### दनकौर पुलिस ने लूट के अभियोग में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा।** दनकौर पुलिस ने लूट के अभियोग में वांछित अभियुक्त पोपी उर्फ पौहप सिंह पुत्र काली चरण निवासी बाबूगढ थाना वृन्दावन जिला मथुरा को ग्राम मूजखेड़ा के पास से मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया।गौरतलब है कि 9 अगस्त 2021 को रात्रि में अभियुक्त पोपी उर्फ पौहप सिंह पुत्र काली चरण निवासी बाबूगढ थाना वृन्दावन जिला मथुरा द्वारा अपने साथीगण सोनू पुत्र श्रीराम निवासी किशनपुर थाना टप्पल अलीगढ, अरविन्द उर्फ बाबा पुत्र देवी उर्फ देवदत्त निवासी ग्राम ग्राम अट्टा बागहरी थाना नौहझील जिला मथुरा, राहुल उर्फ झुनझुन पुत्र छीतो निवासी मौहल्ला रतनछत्री थाना कोतवाली वृन्दावन जिला मथुरा, चंचल पुत्र सोहनपाल निवासी ग्राम मूंजखेड़ा थाना दनकौर गौतमबुद्धनगर, गौरव पुत्र उदल निवासी मडैया जेवर खादर थाना जेवर गौतमबुद्धनगर के साथ योजना के तहत ग्राम मूजखेड़ा में हथियारों के बल पर लूट की गयी थी।जिसके सम्बन्ध में थाना दनकौर पर मुकदमा अपराध संख्या 369/21 धारा 394, 411 भादवि के तहत पंजीकृत किया गया था।इसके सभी साथी पूर्व में गिरफ्तार किये जा चुके है। अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है।जो विगत एक वर्ष से फरार चल रहा था।जिसके विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

### थाना बीटा टु पुलिस ने दो लुटेरों को किया गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल, दो मोबाइल फोन सहित अवैध असलहा बरामद



**ग्रेटर नोएडा।** थाना बीटा टु पुलिस ने दो शातिर लुटेरों किस्म के अभियुक्तों मोनू पुत्र राजेंद्र निवासी नेपाल मार्केट रेलवे रोड फ्लाई ओवर के पास कस्बा व थाना दादरी गौतमबुद्धनगर मूल निवासी गाँव रामगढ़ थाना दादरी गौतमबुद्धनगर, सचिन पुत्र महेन्द्र निवासी मौहल्ला तुलसी विहार कस्बा व थाना दादरी गौतमबुद्धनगर को गामा-1 नाले की पुलिया से बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने चोरी की एक मोटरसाइकिल (रॉयल एनफिल्ड), दो मोबाइल फोन छीने हुए, एक तमंचा तीन सौ पन्द्रह बोर मय एक कारतूस जिन्दा और चोरी की घटनाओं को कारित करने में प्रयुक्त 10 चाबियाँ बरामद की गयी हैं। अभियुक्तगण शातिर किस्म के लुटेरे/चोर हैं।अभियुक्तगण के द्वारा 4 फरवरी 2022 को होली पब्लिक स्कूल गोलचक्कर के पास से व 13 जून 2022 को ऐच्छर गोल चक्कर के पास से मोबाइल लूट की घटनाओं को अंजाम दिया गया था। 10/11 अगस्त 2022 की रात्रि में थाना क्षेत्र स्थित मकान जी-413 अल्फा-2 का ताला व ग्रिल तोड़कर आलमारी तोड़ने एवं चोरी करने का प्रयास किया गया था। जिनके विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

# संयुक्त त्यागी स्वाभिमान मोर्चा (त्यागी समाज दिल्ली प्रदेश) ने श्रीकांत त्यागी प्रकरण में हुई अन्यायपूर्ण कार्यवाही पर आपत्ति दर्ज की

**प्रफुल्ल राय/गौरवशाली भारत**






नई दिल्ली। नोएडा की ओमेक्स ग्रैंड सोसइटी के रेजिडेंट्स के बीच हुए आपसी विवाद से आप सभी लोग भली-भांति परिचित ही होंगे। हम उसी विवाद से जुड़े विभिन्न पहलुओं के संदर्भ में आपसे बात करने, अपना पक्ष रखने को आपके समक्ष आज यहां उपस्थित हुए हैं। हमारा उद्देश्य महिला से अभद्रता, गाली-गलौंच और धक्का-मुक्की करने के आरोपी श्रीकांत त्यागी का पक्ष लेना, उसका समर्थन करना कदापि नहीं हैं, उसने जो किया, वह निश्चित रूप से गलत और अनैतिक है, हम उसकी घोर निंदा-भर्त्सना करते हैं।

1. संयुक्त त्यागी स्वाभिमान मोर्चा (त्यागी समाज दिल्ली प्रदेश) नोएडा ओमेक्स सोसाइटी प्रकरण में हुई अन्यायपूर्ण कार्यवाही पर सम्पूर्ण त्यागी समाज आपत्ति दर्ज करता है।

2. हम पूछना चाहते हैं कि इस पूरे प्रकरण में श्रीकांत त्यागी के परिजनों (पत्नी-बच्चों और रिश्तेदारों) ने आखिर ऐसा क्या अपराध किया जो उनका उत्पीड़न किया गया। श्रीकांत की पत्नी अन्नू त्यागी को गलत तरीके से हिरासत में रखा गया। घंटों तक थाने में बैठाकर प्रताड़ित किया गया। बच्चों व अन्य परिवारजनों को डराया-धमकाया, आतंकित किया गया। उनके घर की बिजली-पानी तक काट दी गई। उसके जिम्मेदार लोगों पर कार्यवाही की मांग करते है।

3. समाज के छ्-युवा जो अन्नू त्यागी के दो छोटे बच्चों को सोशल मीडिया पर रोता बिलखता देखकर उनको खाना देने के लिए गए थे, उन पर पुलिस प्रशासन द्वारा संगीन धाराएं लगाकर मुक़दमे दर्ज किये गए। उनको बाइज्जत बरी (केस वापसी की मांग करते है) करने की मांग करते है। उसके जिम्मेदार लोगों पर कार्यवाही की मांग करते है।

4. यह भी पूछना है आरोपी भाजपा नेता श्रीकांत त्यागी क्या इतना बड़ा अपराधी है, जितना कि आरडब्ल्यूए, मीडिया, स्थानीय सांसद डॉ. महेश शर्मा, मेरठ-हापुड़ सांसद राजेंद्र अग्रवाल आदि-इत्यादि के दबाव में पुलिस-प्रशासन द्वारा उसे दिखाया-घोषित कर दिया गया? प्रथम दृष्ट्या एक सामान्य सी धाराओं वाले मामले के आरोपी श्रीकांत पर गौतमबुद्धनगर पुलिस ने आनन-फानन में 25 हजार का ईनाम घोषित कर दिया गया और गैंगस्टर एक्ट तक लगा दिया गया। सांसद डॉ. महेश शर्मा की ओर से इस विषय में सफाई देने को जारी किए गए तीन पृष्ठों के पत्र में स्वयं स्वीकार किया कि मेरठ-हापुड़ सांसद राजेंद्र अग्रवाल ने उन्हें फोन करके इस मामले में हस्तक्षेप करने को कहा था। ऐसे में प्रतीत होता है कि कतिपय राजनीतिक कारणों से एक उभरते हुए युवा नेता को जानबूझकर एक आपराधिक मामले में फंसाने का ताना-बाना बुना गया।

5. मीडिया चैनलों के माध्याम से समाजवादी पार्टी के एमएलसी सुनील साजन द्वारा समस्त त्यागी समाज को गुंडा एवं अशोभनीय शब्दों का प्रयोग करके बदनाम करने का कृत्य किया गया, हम उनकी गिरफ्तारी की मांग करते हैं, वही इस पूरे प्रकरण में स्थानीय सांसद महेश शर्मा द्वारा राजनीतिक मंशा एवं सुनियोजित तरीके से हस्तक्षेप किया गया और वही उनकी तरफ से नॉएडा के पुलिस कमिश्नर (आलोक सिंह) को भी अभद्र शब्दों का इस्तेमाल किया गया7 उन पर हम उचित कानूनी कार्यवाही की मांग करते है।

6. मोहल्ले पड़ोसियों की लड़ाई में जिन संगीन धाराओं में मुकदमें श्रीकांत त्यागी पर लगाए गए है ऐसा प्रतीत होता है की सांसद (महेश शर्मा) द्वारा कोई प्रायोजित कार्यक्रम था। दो पक्षों की लड़ाई में कानूनी कार्यवाही दोनों पक्षों पर होती है लेकिन इस प्रकरण में ऐसा नही किया गया, आखिर क्यों? दुसरे पक्ष पर अबतक कोई क़ानूनी कार्यवाही नही की गई है, क्योकि वे एक मेरठ-हापुड़ सांसद राजेंद्र अग्रवाल की रिश्तेदार है जिसका विवरण सांसद महेश शर्मा ने तीन पृष्ठों के पत्र में किया है।

7. सोसाइटी में लगे हरे भरे पेड़ पोधों को निर्दयतापूर्वक जिन्होंने भी पेड़ उखाडे हैं उनपर हम सख्त कार्यवाही करने की मांग करते है क्योकि पेड़ उखाड़ना भी गैर क़ानूनी हैं।

आरडब्ल्यूए के एक सामान्य विवाद को राजनीतिक हित साधने के लिए न केवल अकारण ही तूल दे दिया गया, बल्कि पूरे त्यागी समाज की छवि को बिगाड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी। देश के एक सभ्य, सुसंस्कृत और शिक्षित समाज को अपराधी बताने-दिखाने का भरसक प्रयास मीडिया, सांसद डॉ. महेश शर्मा, सांसद राजेंद्र अग्रवाल और भाजपा नेता विनीत अग्रवाल शारदा आदि ने किया, यह पूरी तरह से निंदनीय है। इन लोगों के कृत्यों को कभी माफ नहीं किया जा सकता।

त्यागी समाज श्रीकांत की पत्नी अन्नू त्यागी के सम्मान की खातिर हर संभव संघर्ष को तैयार है। हमें यदि आर-पार की लड़ाई भी लड़नी पड़ी तो डटकर लड़ेंगे।

हमारी मांग है कि इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच हो और संबंधित सभी दोषी पक्षों पर विधिसम्मत कड़ी कार्रवाई की जाए।

वहीँ आगामी 21 अगस्त को नोएडा के गेझा गांव में एक विशाल महापंचायत करने का निर्णय त्यागी, ब्राह्मण, भूमिहार समाज के देशव्यापी संगठनों ने लिया है।

## पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में बसंत और बलवंत ने जीता बेस्ट ट्रेनी अवार्ड

**कपिल शर्मा /गौरवशाली भारत**



नांगल चौधरी। नई शिक्षा नीति मुख्य उद्देश्य बच्चों को पढ़ने लिखने और संख्या ज्ञान में वृद्धि करना है। गवर्नमेंट ब्वॉयस सीनियर सेकेंडरी के प्राचार्य विकास जयदीप के संचालन में निपुण हरियाणा मिशन के तहत पांच दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की अनुपालना में शिक्षा विभाग की ओर से निपुण हरियाणा मिशन के तहत प्राथमिक शिक्षकों के लिए चल रहे पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला को स्कूल प्रिंसिपल विकास जयदीप ने संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में प्रशिक्षण कार्यशाला में अध्यापकों को प्रेरित करते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति का मुख्य उद्देश्य कक्षा 5 तक के बच्चों को पढ़ने लिखने और संख्या ज्ञान में ग्रेड स्तर की अपेक्षित योग्यता हासिल करवाना है। प्रशिक्षण मे 4 और 5 कक्षाओं के लिए ग्रेड स्तर की योग्यता हासिल करने पर विशेष बल दिया गया साथ ही प्रशिक्षण के संबंध में प्राचार्य विकास जयदीप ने बताया कि यहां से सीखी हुई कलाएं कक्षाओं तक अवश्य पहुंचे जिससे सभी बच्चे लाभान्वित हो सके और संख्या ज्ञान और अक्षर ज्ञान में उनकी रूचि बढ़े और अधिगम के प्रती फल प्राप्त हो सके।

इस अवसर पर केआरपी इंद्रजीत, पीआरटी जितेंद्र, नवीन और एबीआरसी श्रुति आर्या ने प्रशिक्षुओं को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से पढ़ाई को किस प्रकार सरल बनाया जाए सहित अनेक विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि, कार्यशाला का उद्देश्य प्राथमिक छात्रों के बीच संचार कौशल को मजबूत करना है कार्यक्रम में संसाधन व्यक्तियों ने कई गतिविधियों और शिक्षक प्रशिक्षकों के व्यवहारिक सत्रों के साथ भी शामिल किया गया जिला महेंद्रगढ़ के खंड नांगल चौधरी में कार्यशाला का बुधवार को अंतिम और पांचवा दिन था। खंड नांगल चौधरी में 40940 अध्यापकों के दो समूह इस कार्यशाला में प्रतिभागीता कर रहे हैं।

इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य विकास जयदीप ने दोनों ग्रुपों से चुने हुए बनिहारी से जीपीएस बंसत लाल और नांगल दर्गु से जीएमपीएस बलवंत सिंह को बेस्ट प्रशिक्षकु पुरस्कार से नवाजा गया। दोनों विजेताओं ने हर गतिविधि में भाग लिया और कैंप में समय पालना का ध्यान रखा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि सभी प्राथमिक शिक्षकों ने एफएलएन और निपुण की ट्रेनिंग से स्वयं को अपग्रेड किया है। इस अवसर पर केआरपी जितेंद्र कुमार, इंद्रजीत, नवीन कुमार, एबीआरसी श्रुति आर्य, सुरेंद्र मेहरा, राजेंद्र यादव, ज्योति कुमारी एवं राजेंद्र सिंह सहित समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

## गाजियाबाद में बर्थडे पार्टी में गई लड़की से गैंगरेप

गाजियाबाद। गाजियाबाद में 19 साल की एक युवती से गैंगरेप का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि यह युवती अपने दोस्त के बर्थडे पार्टी में गई थी। पुलिस ने बताया कि यहां तीन लड़कों ने मिलकर युवती के साथ इस घिनौनी वारदात को अंजाम दिया है।

पीड़ित युवती एक निजी कंपनी में काम करती है। बीते रविवार को युवती जन्मदिन की पार्टी में गई थी। यहां किसी ने युवती को पेय पदार्थ में नशे की कोई चीज मिलाकर दी थी।

इसके बाद एक युवक इस युवती को एक कमरे में ले गया। उसने अपने दोस्तों को फोन कर वहां बुलाया और फिर बाद में उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया। जब लड़की को थोड़ा होश आया तब उसने इसका विरोध किया।

एक पुलिस अधिकारी ने घटना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि लड़की द्वारा विरोध किये जाने पर आरोपियों ने युवती को पीटा और धमकी भी दी कि अगर उसने यह बात किसी को बताई तो उसे जान से मार दिया जाएगा। इसके बाद सभी आरोपी घटनास्थल से फरार हो गये।

इसके बाद पीड़िता किसी तरह अपने घर पहुंची और उसने अपने परिजनों को इस घटना की जानकारी दी है। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल कराया है और मेडिकल जांच में गैंगरेप की पुष्टि हुई है।

### हथनीकुंड बैराज से छोड़ा गया पानी, दिल्ली में यमुना नदी का फिर बढ़ा जलस्तर; चेतावनी के निशान को किया पार

नई दिल्ली। दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर एक बार फिर डराने लगा है। नदी का जलस्तर चेतावनी के निशान से ऊपर चला गया है। ताजा जानकारी के मुताबिक, अभी यमुना का जलस्तर 204.98 मीटर पर पहुंच गया है। बताया जा रहा है कि हरियाणा के हथनीकुंड बैराज से पानी छोड़े जाने बाद दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर अचानक बढ़ा है। बता दें कि चेतावनी का निशान 204.5 मीटर है लेकिन अभी यमुना का पानी उसके ऊपर जा चुका है। इससे पहले शुक्रवार को यमुना का जलस्तर खतरे के निशाना 205.33 मीटर से ऊपर चला गया था। भारी बारिश की वजह से नदी का जलस्तर बढ़ गया था। जिसके बाद एहतियात के तौर पर प्रशासन ने यहां निचले इलाके में रहने वाले करीब 7,000 लोगों को वहां से बाहर निकाला था। हालांकि, इसके बाद सोमवार को जलस्तर घटा और मंगलवार को यह 203.96 मीटर पर पहुंच गया था। हालांकि, एक बार फिर यमुना रा जलस्तर आधी रात के बाद बढ़ गया। अब यमुना का जलस्तर 204.98 मीटर पर पहुंच गया है। पिछले हफ्ते यमुना का जलस्तर बढ़ने के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने लोगों से अपील की थी कि वो यमुना नदी के तटीय इलाकों में जाने से परहेज करें। दिल्ली में बाढ़ को लेकर अलर्ट जारी किया गया था। हरियाणा के हथनीकुंड बैराज से 1 लाख क्यूसेक से ज्यादा मात्रा में पानी छोड़े जाने के बाद दिल्ली में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को वहां से हटाया गया था। दिल्ली बाढ़ कंट्रोल रूम ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि बुधवार की सुबह हथनीकुंड बैराज से करीब 14,000 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। मंगलवार को 19,745 क्यूसेक पानी छोड़ा गया था। आम तौर पर हथनीकुंड बैराज का फ्लो रेट 352 क्यूसेक होता है। लेकिन अत्यधिक बारिश की वजह से यहां फ्लो रेट बढ़ जाता है। जब इस बैराज से पानी छोड़ा जाता है, तब अमूमन राष्ट्रीय राजधानी तक पहुंचने में इसे 2 या तीन दिन लगते हैं।

## सांसद मनोज तिवारी ने बिजली, पानी और डी.टी.सी के नाम पर हुए घोटालों को सी.ए.जी से फॉरेंसिंक जांच की मांग की

### केजरीवाल और 'आप' का फेसबुक अकाउंट विदेशों से चलाए जाते हैं : मनोज तिवारी

**आनंद राय/गौरवशाली भारत**

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद श्री मनोज तिवारी ने आरोप लगाया कि अरविंद केजरीवाल सत्ता में आने के बाद सिर्फ बिजली, पानी और डी.टी.सी. में ही 151564 करोड़ रुपये का घोटाला किया है। उन्होंने कहा कि यदि मुख्यमंत्री केजरीवाल ने अगले तीन दिनों में इस मुद्दे पर स्पष्टीकरण नहीं दिया तो भाजपा उसी तरह राज्यव्यापी आंदोलन चलाएगी जैसे कि आबकारी नीति के विरोध में चलाया गया था। पार्टी इतने बड़े घोटाले को लोकायुक्त और उपराज्यपाल से भी जांच करने की मांग करेगी। श्री तिवारी ने सी.ए.जी. से उपर्युक्त मामले में फॉरेंसिक जांच कराने की मांग की है।

आज एक प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए श्री मनोज तिवारी ने कहा कि दिल्ली सरकार का हर विभाग इस वक्त भ्रष्टाचार की नाव पर सवार है। डीटीसी में 2019 तक 38753 करोड़ रुपये का घोटाला हुआ है।

इतना ही नहीं 5280.55 करोड़ रुपये सिर्फ मार्च 2020 तक का रिकॉर्ड है। उन्होंने केजरीवाल को याद कराया कि जब सत्ता में आए थे तो 11000 बसें लाने की बात करते थे, लेकिन आज जब आठ साल सत्ता में रहने के बाद भी बसें 6600 से सिर्फ 3760 बच गई हैं।

आखिर केजरीवाल को बताना चाहिए कि दिल्ली की तीन करोड़ जनता के लिए कितनी बसों की जरुरत है। श्री तिवारी ने पूर्व मुख्यमंत्री स्व. मदल लाल खुराना और पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल विहारी बाजपेयी का आभार व्यक्त किया जिन्होंने दिल्ली में मेट्रो लाकर दिल्ली की जनता को परिवहन की सबसे बड़ी सौगात दी नहीं तो आज हालत बद से बदतर हो जाती। श्री मनोज तिवारी ने कहा कि केजरीवाल ने बिजली कंपनियों को फायदा पहुंचाने के लिए साल 2015-21 तक बिजली के नाम पर 49636 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। जबकि उन्होंने तो दिल्लीवासियों को मुफ्त बिजली देने की बात कही थी।

फिर 49636 करोड़ रुपये का केजरीवाल ने क्या किया। क्या इन पैसों से आम आदमी पार्टी ने पंजाब, उत्तराखंड सहित अन्य राज्यों में चुनाव लड़ी। उन्होंने केजरीवाल और आम आदमी पार्टी पर आरोप लगाया कि 'बिजली हाफ पानी साफ' का नारा दिल्लीवासियों के साथ सिर्फ एक छलावा था और आज उस छलावे को सच करने के पीछे करोड़ों रुपये होर्डिंग्स और प्रचार में बहाए जा रहे हैं।


श्री मनोज तिवारी ने एक आरटीआई के हवाले से जवाब देते हुए कहा कि जलबोर्ड साल 2013 तक 6000 करोड़ रुपये के मुनाफें में चल रहा था लेकिन केजरीवाल के आने के बाद 57895 करोड़ रुपये के घाटे में चल रहा है। भ्रष्टाचार का इससे बड़ा प्रमाण और क्या हो सकता है कि साल 2015-16 के बाद से बैलेंस शीट तक नहीं बना है। सी.ए.जी ने 22 लगातार पत्र लिखकर जलबोर्ड ऑडिट कराने की बात कही, लेकिन केजरीवाल सरकार ने उसका कोई जवाब नहीं दिया। उन्होंने केजरीवाल और आम आदमी पार्टी पर आरोप लगाया कि अरविंद और उनके साथी का फेसबुक अकाउंट भारत से बाहर कतर, कनाडा से चल रहा है जो कि देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरा है।

इसलिए सवाल यह भी है कि क्या केजरीवाल एंड कंपनी विदेशी शक्तियों को मजबूत करने के लिए पैसे दे रहे हैं। आज प्रेसवार्ता में प्रदेश भाजपा रिलेशन विभाग के प्रभारी श्री हरीश खुराना, प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती पूजा सूरी और भाजपा नेता श्री नीलकांत बख्शी भी उपस्थित थे।

## मेक इंडिया नंबर वन; अरविंद केजरीवाल ने किया नए मिशन का ऐलान

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को मेक इंडिया नंबर वन मिशन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि देश का हर नागरिक भारत को दुनिया में नंबर वन बनाना चाहता है और इस सपने को सचन करने के लिए इस मिशन की शुरुआत की जा रही है। उन्होंने देश के 130 करोड़ लोगों को जोड़ने की बात कहते हुए कहा कि अच्छी और मुफ्त शिक्षा, मुफ्त इलाज, हर युवा को नौकरी, महिलाओं को सम्मान और किसानों की खुशहाली के लिए काम करना होगा।

अरविंद केजरीवाल ने कहा, यह सपने के पूरा होने की शुरुआत। हर भारतीय चाहता है कि भारत दुनिया का नंबर एक देश बने। भारत की गिनती दुनिया के अमीर देश में हो। भारत शक्तिशाली राष्ट्र बने। भारत एक महान देश है। हमारी सभ्यता बहुत पुरानी है, कई हजार साल पुरानी है। एक समय ऐसा था जब भारत का डंका पूरी दुनिया में बजता था। हमें दोबारा भारत को महान बनाना है। हम मिशन की शुरुआत करने जा रहे हैं, मेक इंडिया नंबर वन। 130 करोड़ लोगों को इसके साथ जोड़ना है। देश के हर नागरिक का मिशन रहा है कि दुनिया में भारत को नंबर वन बनाना है।



### हम पीछे क्यों रह गए, लोगों में गुस्सा

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आजादी को 75 साल हो गए, इस दौरान हमने बहुत कुछ पाया, बहुत हासिल किया। लेकिन लोगों में एक गुस्सा है, प्रश्न है कि इन 75 सालों के अंदर कई ऐसे देश हैं जो हमारे बाद आजाद हुए और हमसे आगे निकल गए। सिंगापुर हमसे 15 साल बाद आजाद हुआ, आज हमसे आगे निकल गया। क्यों भाई हमारे अंदर क्या कमी है। हर नागरिक गुस्से में हैं, हम किसी से कम हैं क्या। भारत के लोग दुनिया के सबसे इंटेलिजेंट और मेहनती हैं, दुनिया में बेस्ट हैं। फिर भी हम पीछे रह गए। अगर इनके (कांग्रेस-बीजेपी) भरोसे छोड़ दिया तो अगले 75 साल और पीछे रह जाएंगे। इनमें से किसी को अपना परिवार प्यारा है किसी को दोस्त प्यारा है। किसी को भ्रष्टाचार करना है किसी को देश लूटना है। उन्होंने अपना घर भरने और दोस्तों का घर भरने के अलावा कुछ नहीं किया।

### 130 करोड़ लोगों को साथ करना होगा काम

अरविंद केजरीवाल ने कहा, कई लोग मुझसे पूछते हैं कि कैन इंडिया लीड द वर्ल्ड, वाई नॉट। क्यों नहीं भारत लीड नहीं कर सकता है। किस चीज की कमी है। लेकिन एक ही शर्त है देश के 130 करोड़ लोगों को साथ आना होगा।

देश के 130 करोड़ लोगों को साथ आना होगा। आदमी, औरत, अमीर, गरीब, धर्म, जाति सभी को एक साथ आना होगा और बागडोर संभालनी होगी। 75 साल पहले जब सारा देश इकट्ठा हुआ था हमने अंग्रेजों को भगा दिया था।

आज यदि 130 करोड़ लोग इकट्ठे हो गए तो भारत को नंबर एक देश बनाने से कोई नहीं रोक सकता। एक शर्त है 130 करोड़ लोगों का हमारा परिवार है, यह एक टीम है। हम सभी को एक परिवार की तरह सोचना है।

केजरीवाल ने कहा कि इसके लिए सबसे पहले देश के हर बच्चे के लिए अच्छी शिक्षा का इंतजाम करना होगा। कोई डॉक्टर बनेगा कोई इंजीनियर बनेगा। एक-बच्चा एक एक परिवार को अमीर बना देगा।

## मोबाइल लूट करने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार



नोयडा। थाना सेक्टर 24 पुलिस ने पल्सर मोटर साइकिल पर सवार होकर राह चलते व्यक्तियों से मोबाइल लूट करने वाले दो अभियुक्तों शातिर इन्द्रजीत उर्फ पप्पन पुत्र सुनाकर नायक निवासी मकान नंबर आरसी 663 वन्दना एन्कलेव खोड़ा कॉलोनी थाना खोड़ा गाजियाबाद, अंकित यादव पुत्र श्री पन्नालाल यादव निवासी मकान नंबर डी-71 गली नंबर 4 वन्दना विहार थाना खोडा जनपद गाजियाबाद को शिव मंदिर आई ब्लाक सेक्टर 22 नोएडा के पास से गिरफ्तार कर लिया।पकड़े गए अभियुक्त के कब्जे से पुलिस ने एक लूटा हुआ मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त एक पल्सर मोटर साइकिल नंबर डीएल 9एस एके 8189 बरामद की है।गौरतलब है कि 16 अगस्त 2022 को थाना सेक्टर 24 नोएडा पर वादी ने 15 अगस्त 2022 को आई ब्लाक सेक्टर 22 नोएडा के पार्क के पास से दो लड़के लाल काली पल्सर मोटर साइकिल सवार द्वारा वादी का मोबाइल छीन कर भाग जाने के सम्बंध मे थाना सेक्टर 24 पर मुकदमा अपराध संख्या पर 301/2022 धारा 392 भादवि के तहत पंजीकृत कराया था। अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है। जिसके विरूद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

## संपादकीय

# अशिक्षा, अज्ञानता, अंधविश्वास विकास के लिए अभिशाप

अशिक्षा और अज्ञानता ने अंधविश्वास तथा धार्मिक कट्टरता को भारत में फैलाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रखी हैद्य यदि अशिक्षित मनुष्य धार्मिक अंधविश्वास को मानता है तो यह बात कुछ थोड़ी देर के लिए समझ में आती है किंतु इस वैज्ञानिक युग में अत्यंत शिक्षित एवं पढ़े-लिखे लोग भी अंधविश्वास तथा धार्मिक कट्टरता के पीछे भागने लगे तो यह समाज और देश के लिए दुर्भाग्य की बात हैद्य यह तो तय है की शिक्षा, ज्ञान अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर के विवेकपूर्ण विचारों को सोचने की शक्ति प्रदान करता है और इसके पश्चात ही मनुष्य वैज्ञानिक आधार पर तर्क रखकर अपनी बात को मानना शुरू करता है। पूर्व में हम मानते थे कि पृथ्वी चपटी है किंतु वैज्ञानिक प्रयोगों तथा वैज्ञानिक अनुसंधान के अनुसार यह सिद्ध हो गया कि पृथ्वी गोल है अब लोगों ने लॉजिक और वैज्ञानिक प्रमाण के आधार पर यह मान लिया है की पृथ्वी गोल ही है। शहीद भगत सिंह ने आजादी के लिए एक संगठन नौजवान भारत सभा का गठन किया और उसके घोषणा पत्र में कहा था कि धार्मिक अंधविश्वास और कट्टरता हमारी प्रगति के बहुत बड़े बाधक है, वह हमारे रास्ते की बाधा साबित हुए हैं उनसे हमें हर हाल में छुटकारा पा लेना चाहिए जोकि आजाद विचारों को बर्दाश्त नहीं कर सकती उसे समाप्त हो जाना चाहिए इसी प्रकार अन्य बहुत सारी कमजोरियां भी हैं जिन पर हमें विजय प्राप्त करना होगा ,इस कार्य के लिए सभी समुदाय के क्रांतिकारी उत्साह रखने वाले नई सोच के नौजवानों की आवश्यकता हैद्य उन्होंने बिल्कुल सही कहा था क्योंकि युवा शक्ति ही देश में नए विचारों की क्रांति ला सकती और अंधविश्वास को समूल नष्ट करने में इनकी ऊर्जा इस कार्य के लिए लगाई जा सकती है,पर दूसरी तरफ शिक्षा का प्रचार प्रसार होना भी नितांत आवश्यक है। शिक्षा ही ऐसा मूल मंत्र है जिससे अंधविश्वास एवं आडंबर की पोल खोली जा सकती शिक्षा से हमारा तात्पर्य विज्ञान से भी है विज्ञान ने अनेक अंधविश्वास को जन सूचियों में अविश्वास के रूप में में स्थापित किया है और शिक्षा तथा विज्ञान तकनीकी ऐसे मार्ग हैं जिन से चलकर हम न सिर्फ चांद पर पहुंचे हैं बल्कि सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से पूरी दुनिया एक परिवार की तरह एक दूसरे के एकदम करीब आ चुकी है ऐसे में अंधविश्वास, धार्मिक कट्टरता एवं संप्रदायवाद की जगह कहाँ बच जाती है भला ? शिक्षा का स्तर ईतना ऊंचा हो जाना चाहिए की इन अंधविश्वासी बातों और मिथकों का अस्तित्व ही मूल रूप से विस्मृत किया जाना चाहिएद्य बिल्ली के रास्ता काटने से काम रुक जाता है,किसी की छींक देने से अशुभ संकेत स्थापित होने लगते हैं यदि कौवा बोलता है तो मेहमान आने का संकेत माना जाना इन सब बातों की कोई तार्किक अथवा वैज्ञानिक पृष्ठभूमि नहीं है और जनमानस द्वारा अपने दिमाग का प्रयोग कर ऐसी अतार्किक और वैज्ञानिक बातों में विश्वास करना भी अंधविश्वास को सामाजिक स्तर पर मान्यता प्रदान करता है। यह भी अशिक्षा का एक बहुत बड़ा परिणाम है। शिक्षा विज्ञान तथा तकनीकी ज्ञान समाज में तर्कसंगत बातों का विश्वास करने पर भरोसा दिलाता है और धीरे धीरे अंधविश्वास तथा धार्मिक कट्टरता से मनुष्य को परे ले जाता है। मूलत: अंधविश्वास को दूर करने के लिए हमें शिक्षा जैसे अस्त्र का इस्तेमाल तीव्र गति से किया जाना चाहिए। अंधविश्वास, तंत्र मंत्र के अधीन होकर पशुओं की बलि देना भी एक प्रकार से अंधविश्वास को बढ़ावा देना ही है, तंत्र मंत्र के विश्वास में आकर मानव न केवल पशुओं की बलि देते बल्कि बच्चों की बलि देने से भी नहीं परहेज करता है। समाज में व्याप्त अंधविश्वास तथा कट्टरपंथ का लाभ समाज के कुछ चालबाज तथा धोखेबाज लोग उठाते हैं और यही लोग इन अंधविश्वासी लोगों को भूत, प्रेत ,राहु केतु,काल सर्प दोष इत्यादि का भय दिखाकर पूजा पाठ तंत्र मंत्र के नाम से हजारों रुपए लूट लेते हैं। यह सिर्फ गांव में ही नहीं हो रहा है यह शहरों में भी बुरी तरह व्याप्त है तंत्र मंत्र तथा भूत प्रेत से छुटकारा भारत के कस्बों तथा गांव में एक व्यवसाय के रूप में विकसित हो गया है जो देश के लिए एक बड़ी विसंगति और विडंबना है। ऐसे तंत्र मंत्र और भविष्य के दर्शन कराने वाले तांत्रिकों का विज्ञापन न सिर्फ बड़े-बड़े अखबारों में बल्कि स्थापित टीवी चैनलों में भी खुल कर दिया जाता है जिससे न सिर्फ अनपढ़, अंधविश्वासी बल्कि शिक्षित लोग भी झांसे में आकर बड़ी धनराशि से हाथ धो बैठते हैं।

# जब घर का ही कोई करे छेडछाड़

**वीरेंद्र बहादुर सिंह**

लगभग रोजाना ही अखबारों में आने वाली रेप की घटनाएं हम सभी को परेशान करती हैं। कोई बड़ी घटना घट जाती है तो बरसाती मेढ़क की तरह कैंडल मार्च और रेपिस्ट को सजा देने की मांग तेजी से उठने लगती है। पर समय के साथ सब शांत हो जाता है। और जैसे थे उसी तरह हम सभी अपनी आदत के अनुसार सब कुछ भूल कर अपने-अपने काम में लग जाते हैं। खैर, अखबारों में आए रेप के मामलों में कम से कम रेपिस्ट पकड़ा तो जाता है। बाकी इस तरह की न जाने कितनी घटनाएं घर की चारदीवारी में ही घटती हैं, जिनके बारे में किसी को कुछ पता ही नहीं चल पाता। पता भी चलता हो तो अपना होने की आड़ ले कर इस तरह के लोग छूट जाते हैं। घर में ही छेड़छाड़ और घर में ही दुर्व्यवहार के मामलों में ज्यादातर टीनएजर्स या कम उम्र के बच्चे शिकार होते हैं। अब तो ऐसे मामलों में लड़के भी सुरक्षित नहीं हैं। लड़कों के साथ भी अभद्रता और छेड़छाड़ के मामले सामने आ रहे हैं। छोटे बच्चों के साथ घर का कोई सदस्य इस तरह का व्यवहार करता है तो बच्चा किसी से कहने से डरता है। उसके अंदर मेरी बात कोई नहीं मानेगा तो ? मुझे मारेगा तो ? इस तरह का डर अधिक होता है। बचपन में घटी इस तरह की घटनाएं बालमन पर हमेशा के लिए बहुत बुरा असर छोड़ जाती हैं। घर में ही सगे-संबंधियों द्वारा की जाने वाली छेड़छाड़ की घटना में जब कमउम्र के बच्चे शिकार होते हैं तो उनके अंदर इतनी समझ नहीं होती कि उनके साथ उनके अपने ही यह कैसा व्यवहार कर रहे हैं ? उन छोटे बच्चों को कुछ गलत होने का अनुभव तो होता है। पर यह गलत क्या है और इस व्यवहार के बारे में किससे कहा जाए, इसकी समझ नहीं होती। उन्हें इस बात का भी डर होता है कि मां-बाप से कहेंगे तो वे नहीं मानेंगे और उल्टा उन्हें ही डांट पड़ेगी। कुछ मामलों में यह भी होता है कि खराब व्यवहार करने वाला ही मां-बाप से न कहने के लिए डराता-धमकाता है। ऐसे मामलों में बच्चों के साथ खराब व्यवहार करने वाले व्यक्ति को जब पता चलता है कि उसके द्वारा किए गए खराब व्यवहार की शिकायत बच्चे ने मां-बाप से नहीं की है तो उसका हौसला बढ़ जाता है यानी वह खराब व्यवहार करने के लिए और प्रेरित होता है। यहां केवल रेप की ही बात नहीं है, गलत स्पर्श, किश या खराब इशारों का भी समावेश होता है।

### मां-बाप इस तरह की शिकायत पुलिस से करने से डरते हैं

एक एनजीओ के अनुसार वैसे तो घरेलू छेडछाड़ के मामलों में ज्यादातर मां-बाप ही ढांकने-तोपने का काम करते हैं। कभी-कभी इस तरह के मामले में बच्चा बहुत डर जाता है, जिसकी वजह से उसके व्यवहार में काफी बदलाव आ जाता है। तब पैरेंट्स को साइकोलॉजिस्ट की मदद लेनी पड़ती है। दूसरी ओर थाने में इस तरह की शिकायतें भाग्य से ही पहुंचती हैं। घर की इज्जत बचाने के चक्कर में घरेलू छेड़छाड़ की शिकायतें मात्र 15 प्रतिशत ही हो पाती हैं। इस बारे में पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जब पैरेंट्स अपने बच्चों के साथ खराब व्यवहार करने वाले से कुछ कहने में खुद को काफी असहज महसूस करते हैं तो थाने आ कर कहने या शिकायत करने की बात तो बहुत दूर है। जिस तरह घरेलू हिंसा में थोड़ी-बहुत हिंसा होती है तो %स्त्री को थोड़ा सहन तो करना ही पड़ता है% यह सोच कर लोग शिकायत नहीं करते, उसी तरह छेड़खानी के मामले में भी %ठीक है, अब इस बात को ले कर फजीहत नहीं करवानी, संभल कर चलना चाहिए% यह सोचने वाले लोग ज्यादा हैं। इस बात को बढ़ाने से कोई फायदा नहीं है, इस तरह की मानसिकता वाले लोग पुलिस तक बात को पहुंचने नहीं देते। ज्यादातर मामलों में तो यह भी होता है कि लोग जानते ही नहीं कि इस तरह के मामलों में सारी पहचान पूरी तरह गुप्त रखी जाती है, जिससे आगे चल कर कोई परेशानी न हो। बच्चे के साथ जब भी कोई घर का आदमी दुर्व्यवहार करता है और बच्चा इस बारे में पैरेंट्स को बताता है तो पैरेंट्स को उस आदमी के खिलाफ कोई न कोई कदम अवश्य उठाना चाहिए। उस व्यक्ति को टोंकना चाहिए और अगर इस पर भी वह न माने तो पुलिस में शिकायत करने की धमकी देनी चाहिए।

# कौन हैं बिलकिस बानो, जिनका 2002 के गुजरात दंगों के दौरान सामूहिक बलात्कार हुआ था? ऐसे छूट गए गैंगरेप के 11 गुनहगार

**अभिनय आकाश**

गुजरात दंगों के सबसे चर्चित मामलों में से एक बिलकिस बानो मामला दो दशक बाद चर्चा में आया। बिलकिस बानो सामूहिक बलात्कार मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे सभी 11दोषी गुजरात सरकार की सजा माफी नीति के तहत गोधरा उप-जेल से रिहा किये गए।

हम जिस समाज में रहते हैं वहां बलात्कार, पीड़िताओं के लिए आगे बढ़ना। एक आम जिंदगी जीना कितना मुश्किल होता है कि उसके लिए थोड़ी छूट लेकर असंभव शब्द का इस्तेमाल भी किया जा सकता है। कितनी महिलाएं आज के दौर में भी ऐसी हैं जो आपबीती की शिकायत तक नहीं करतीं। संभवत- इसीलिए संपादकीय नीति और कानून दोनों ये कहते हैं कि बलात्कार पीड़िता की पहचान जाहिर नहीं की जा सकती है। ऐसा करने पर सजा का प्रावधान भी है। ऐसे में अगर सामूहिक बलात्कार और फिर पूरे परिवार की हत्या का मामला एक नाम से पहचाना जाने लगे तो आपको समझ जाना चाहिए कि बात अपराध की जघन्यता तक सीमित नहीं रही होगी। और भी बहुत कुछ हुआ होगा। हम बात कर रहे हैं 2002 के बिलकिस बानो गैंगरेप और सामूहिक हत्या की। गुजरात दंगों के सबसे चर्चित मामलों में से एक बिलकिस बानो मामला दो दशक बाद चर्चा में आया। ऐसे में आज आपको बताएंगे कि ये मामला क्या था और दोषियों को किस आधार पर छोड़ा गया।

### 11 दोषी गुजरात सरकार की सजा माफी नीति के तहत रिहा

जिस दिन लाल किले की प्राचीर से महिलाओं के सम्मान की बात कही गई। ठीक उसी दिन गुजरात दंगों के दौरान एक महिला का गैंगरेप करके परिवार की हत्या करने वाले 11 दोषी गोधरा की जेल से बाहर आ गए। बिलकिस बानो सामूहिक बलात्कार मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे सभी 11दोषी गुजरात सरकार की सजा माफी नीति के तहत गोधरा उप-जेल से रिहा किये गए। गुजरात सरकार ने अपनी माफी नीति के तहत इन लोगों की रिहाई की मंजूरी दी थी।

### तीन चरणों में रिहा किया जाएगा

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 10 जून को सभी राज्यों को पत्र लिखकर बताया था कि भारत की आज़ादी की 76वीं सालगिरह पर मनाये जा रहे आज़ादी के अमृत महोत्सव के दौरान कुछ श्रेणियों के बंदियों की सज़ा माफ़ कर उन्हें तीन चरणों में रिहा करने का प्रस्ताव है। गृह मंत्रालय के अनुसारक पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले कैदियों को तीन चरणों में रिहा किया जाएगा। 15 अगस्त, 2022, 26 जनवरी, 2023 और 15 अगस्त, 2023। सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार को 9 जुलाई 1992 की माफी नीति के अनुसार समय से पहले रिहाई के आवेदन पर विचार करने का निर्देश दिया था।

### बिलकिस बानो कौन हैं और 2002 में उनके साथ क्या हुआ था?

साल के दूसरे महीने का 27वां दिन एक दुखद घटना के साथ इतिहास के पन्नों में दर्ज है। दरअसल 27 फरवरी



2002 को गुजरात के गोधरा स्टेशन से रवाना हुई साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन में उन्मादी भीड़ ने आग लगा दी। इस भीषण अग्निकांड में अयोध्या से लौट रहे तीर्थयात्रियों और कारसेवकों की मौत हो गई। गोधरा स्टेशन पर पिछले दिन की घटना के बाद राज्य में हिंसा भड़कने के बाद बिलकिस दाहोद जिले के राधिकपुर गांव से निकल गई। बिलकिस के साथ उसकी बेटी सालेहा, जो उस समय साढ़े तीन साल की थी, और उसके परिवार के 15 अन्य सदस्य थे। कुछ दिन पहले बकर-ईद के अवसर पर उनके गांव में हुई आगजनी और लूटपाट के डर से वे भाग गए। 3 मार्च 2002 को परिजन छप्परवाड़ गांव पहुंचे। चार्जशीट के मुताबिक उन पर हंसिया, तलवार और लाठियों से लैस करीब 20-30 लोगों ने हमला किया था। हमलावरों में 11 आरोपी युवक भी थे। बिलकिस, उसकी मां और तीन अन्य महिलाओं के साथ बलात्कार किया गया और उन्हें बेरहमी से पीटा गया। राधिकपुर गांव के मुसलमानों के 17 सदस्यीय समूह में से आठ मृत पाए गए, छह लापता थे। हमले में केवल बिलकिस, एक आदमी और एक तीन साल का बच्चा बच गया। हमले के बाद कम से कम तीन घंटे तक बिलकिस बेहोश रही। होश में आने के बाद, उसने एक आदिवासी महिला से कपड़े लिए और एक होमगार्ड से मिली जो उन्हें लिमखेड़ा पुलिस स्टेशन ले गया। उन्होंने हेड कांस्टेबल सोमाभाई गोरी के पास शिकायत दर्ज कराई। सीबीआई के अनुसार इस शिकायत में भौतिक तथ्यों को दबाया और उसकी शिकायत का एक विकृत और छोटा संस्करण लिखा। गोधरा राहत शिविर पहुंचने के बाद ही बिलकिस को मेडिकल जांच के लिए सरकारी अस्पताल ले जाया गया। उसके मामले को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) और सुप्रीम कोर्ट ने उठाया। फिर सीबीआई द्वारा जांच का आदेश दिए गए।

### सीबीआई ने अपनी जांच में क्या पाया?

सीबीआई ने निष्कर्ष निकाला कि आरोपी की सुरक्षा के लिए पोस्टमार्टम परीक्षण को बहुत ही कम तरीके से किया गया था। सीबीआई जांचकर्ताओं ने हमले में मारे गए लोगों के शव निकाले और कहा कि सात शवों में से किसी में भी खोपड़ी नहीं थी सीबीआई के मुताबिक पोस्टमार्टम के बाद लाशों के सिर काट दिए गए थे, ताकि शवों की शिनाख्त न हो सके।

### गुजरात से बाहर महाराष्ट्र

बिलकिस बानो को जान से मारने की धमकी मिलने के बाद मुकदमे को गुजरात से बाहर महाराष्ट्र ले जाया गया। मुंबई की अदालत में, छह पुलिस अधिकारियों और एक सरकारी डॉक्टर सहित 19 लोगों के खिलाफ आरोप दायर किए गए थे। जनवरी 2008 में एक विशेष अदालत ने 11 आरोपियों को एक गर्भवती महिला से बलात्कार की साजिश रचने, हत्या, गैरकानूनी रूप से इकट्ठा होने और भारतीय दंड संहिता की अन्य धाराओं के तहत आरोपों का दोषी ठहराया। हेड कांस्टेबल को आरोपी को बचाने के लिए गलत रिकॉर्ड बनाने का दोषी ठहराया गया था। अदालत ने सबूतों के अभाव में सात लोगों को बरी कर दिया। सुनवाई के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई। अदालत ने माना कि जसवंतभाई नई, गोविंदभाई नई और नरेश कुमार मोर्धिया (मृतक) ने बिलकिस के साथ बलात्कार किया था, जबकि शैलेश भट्ट ने उसकी बेटी सालेहा को जमीन पर पटकर मार डाला था। दोषी ठहराए गए अन्य लोगों में राधेश्याम शाह, बिपिन चंद्र जोशी, केसरभाई वोहानिया, प्रदीप वोहानिया, बाकाभाई वोहानिया, राजूभाई सोनी, नितेश भट्ट, रमेश चंदना और हेड कांस्टेबल सोमभाई गोरी शामिल हैं। कोर्ट ने सभी 11 दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई।

### उसके बाद क्या हुआ?

मई 2017 में बॉम्बे हाईकोर्ट ने सामूहिक बलात्कार मामले में 11 लोगों की दोषसिद्धि और आजीवन कारावास को बरकरार रखा और पुलिसकर्मियों और डॉक्टरों सहित सात लोगों को बरी कर दिया। अप्रैल 2019 में सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार को बिलकिस को दो सप्ताह के भीतर मुआवजे के रूप में 50 लाख रुपये देने का निर्देश दिया। उसने 5 लाख रुपये के मुआवजे को स्वीकार करने से इनकार कर दिया था और शीर्ष अदालत के समक्ष एक याचिका में राज्य सरकार से अनुकरणीय मुआवजे की मांग की थी।

### 2014 की नहीं 1992 की नीति के तहत हुई सज़ा माफ़

गुजरात में 2014 में नयी और संशोधित माफी नीति प्रभाव में आयी थी, जो अब भी प्रभावी है। दोषियों की श्रेणियों के बारे में विस्तृत दिशानिर्देश हैं जिनमें यह बताया गया है कि किन्हें राहत दी जा सकती है और किन्हें नहीं। दो या दो से अधिक व्यक्तियों की सामूहिक हत्या के लिए और बलात्कार या सामूहिक बलात्कार के दोषी सज़ायाफ़्ता कैदियों की सज़ा माफ़ नहीं की जाएगी। चूंकि, 2008 में दोषसिद्धि हुयी थी, उच्चतम न्यायालय ने 1992 की माफी नीति के तहत हमें इस मामले में विचार करने का निर्देश दिया, जो 2008 में प्रभाव में था। उस नीति में विशेष रूप से यह स्पष्ट नहीं था कि किसे माफी दी जा सकती है और किसे नहीं। वर्ष 2014 में आयी नीति की तुलना में वह उतनी विस्तृत नहीं थी।

# 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' और बलात्कारियों की रिहाई व सम्मान

**निर्मल रानी**

यह भी एक अजीब संयोग था कि स्वतंत्रता की 76 वीं वर्षगांठ के अवसर पर जिस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली में लाल क़िले की प्राचीर से देश को संबोधित करते हुए अपने भाषण में महिला सशक्तिरण की बातें कर रहे थे और स्वतंत्रता संघर्ष में महिलाओं की भूमिका को सम्मान देते हुये रानी लक्ष्मीबाई, झलकारी बाई, चेन्नम्मा, बेगम हज़्रत महल जैसी वीरांगनाओं के बलिदान को याद करते हुये यह बता रहे थे कि विकास के लिए महिलाओं का सम्मान कितना ज़रूरी है। जिस समय प्रधानमंत्री नारी शक्ति को समर्थन देने की आवश्यकता पर ज़ोर देते हुये देशवासियों से रोज़मर्रा की जिंदगी में महिलाओं के प्रति मानसिकता बदलने की अपील कर रहे थे। जिस समय वे अपने ओजस्वी भाषण में महिलाओं के प्रति इन शब्दों में भावुक अंदाज़ में चिंता जता रहे थे कि - %किसी न किसी वजह से हमारे अंदर यह सोच आ गई है कि हम अपनी वाणी से, अपने व्यवहार से, अपने कुछ शब्दों से महिलाओं का अनादर करते हैं और इन्हीं शब्दों के साथ वे भारतवासियों से अपने दैनिक जीवन में महिलाओं को अपमानित करने वाली हर चीज़ से छुटकारा पाने का संकल्प लेने का आग्रह करते हुये अमृत काल में देश की तरक़्क़ी में नारी शक्ति का कई गुना योगदान देख रहे थे,तथा बेटियों को ज़्यादा अवसर व सुविधाएं देने की बात कह रहे थे लगभग ठीक उसी समय गोधरा जेल से गुजरात सरकार की छूट नीति के तहत उम्रक़ैद की सज़ा पाए हुये गैंगरेप के 11 दोषी गोधरा जेल से बाहर निकल रहे थे।

स्वतंत्रता दिवस व आज़ादी के अमृतकाल की यह भी कितनी बड़ी त्रासदी कही जायेगी कि जहां गुजरात सरकार ने इन बेशर्म बलात्कारियों को छोड़ने में तत्परता दिखाई वहीं इन बलात्कारियों ने गोधरा जेल के बाहर बाक़ायदा एक ग्रुप फ़ोटो शूट कराया जिसमें प्रफुल्लित मुद्रा में नज़र आ रहे इन सभी बलात्कारियों को मिठाइयां खिलाई गईं व इनको तिलक किया गया। आश्चर्य इस बात का भी है कि इनकी मुद्रा व हाव-भाव को देखकर तो ऐसा प्रतीत ही नहीं हो रहा था कि ये बलात्कारी भेड़ियों का झुंड है बल्कि ऐसा लग रहा था कि यह कोई तीर्थ यात्रियों का जत्था है जिन्हें तिलक,पुष्प वर्षा व मिष्ठान आदि से सम्मानित किया जा रहा है। ग़ौरतलब है कि 27 फ़रवरी 2002 को साबरमती एक्सप्रेस के कुछ डिब्बों में गुजरात के गोधरा रेलवे स्टेशन के पास उपद्रवियों की बेक़ाबू भीड़ द्वारा आग लगाए जाने की वजह से 59 कारसेवकों की ज़िंदा जलकर मौत हो गयी थी।

उसके बाद गुजरात में मुस्लिम विरोधी दंगे भड़क उठे थे। दंगाइयों के हमले से बचने के लिए गुजरात के दाहोद ज़िले के रंधिकपुर गांव की रहने वाली बिल्क़ीस बानो साढ़े तीन साल की अपनी एक बेटी सालेहा और 15 दूसरे लोगों के साथ गांव से भाग गई थीं।

बिल्क़ीस उन दिनों पांच महीने की गर्भवती भी थी। दंगाई दाहोद और आसपास के इलाकों में बे रोक टोक क़हर बरपा रहे थे। वे चुन चुनकर मुसलमानों के घरों को जला रहे थे और उनके घरों के सामान लूट रहे थे। दंगाइयों द्वारा इसी दौरान बिल्क़ीस व चार अन्य मुस्लिम महिलाओं को पहले तो ख़ूब मारा पीटा गया फिर उनके साथ सामूहिक बलात्कार किया गया। बिल्क़ीस की मां के साथ भी बलात्कार किया गया। दंगाइयों के इस हमले में रंधिकपुर गांव में बिल्क़ीस की बेटी सहित उनके परिवार के सात सदस्य मारे गए इस मामले में दायर की गई चार्जशीट में कहा गया है कि 12 दंगाई लोगों सहित 20-30 लोगों ने लाठियों और ज़ंजीरों से बिल्क़ीस और उसके परिवार के लोगों पर हमला कर दिया था ।

इसी मामले में मुंबई में सीबीआई की एक विशेष अदालत ने 2008 में बिल्क़ीस बानो के साथ गैंगरेप और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या के आरोप में 11 अभियुक्तों को उम्र क़ैद की सज़ा सुनाई थी। बाद में बॉम्बे हाई कोर्ट ने इस सज़ा पर अपनी सहमति की मुहर भी लगाई थी।

# मछली के कान की हड्डियाँ बताएंगी समुद्री तापमान

**इंडिया साइंस वायर**

भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी), बेंगलूरू के शोधकर्ताओं ने मछली के अंदरूनी कान में पायी जाने वाली छोटी हड्डियों की गहन पड़ताल के आधार पर प्राचीन समुद्री जल के तापमान का अनुमान लगाने का एक तरीका खोज निकाला है। महासागर पृथ्वी की सतह के तीन-चौथाई हिस्से को कवर करते हैं और विभिन्न जीव-रूपों को आश्रय प्रदान करते हैं। सैकड़ों वर्ष पूर्व समुद्री जल का तापमान कैसा रहा होगा, इसका पता लगाने के लिए वैज्ञानिक पुरातन समय में समुद्री जल के तापमान की रूपरेखा उकेरने का प्रयास करते रहे हैं। हालाँकि, अध्ययन के लिए जीवाश्म के रूप में समुद्री जल की उपलब्धता नहीं होने से बीते हुए कालखंड में समुद्री जल के तापमान का अनुमान लगाना आसान नहीं है। भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी), बेंगलूरू के शोधकर्ताओं ने मछली के अंदरूनी कान में पायी जाने वाली छोटी हड्डियों की गहन पड़ताल के आधार पर प्राचीन समुद्री जल के तापमान का अनुमान लगाने का एक तरीका खोज निकाला है। आईआईएससी के सेंटर फॉर अर्थ साइंसेज के वैज्ञानिक प्रोफेसर रामानंद चक्रवर्ती और उनके पीएचडी शोधार्थी सुरजीत मंडल एवं सीईएएस के प्रोफेसर प्रोसेनजीत घोष के सहयोग से किया गया यह अध्ययन केमिकल जियोलॉजी में प्रकाशित किया गया है। प्रोफेसर चक्रवर्ती बताते हैं कि जब आप समय के साथ वापस जाते हैं, तो आपके पास जीवाश्म के रूप में समुद्री जल नहीं होता है, जो पुराने समय में जल के तापमान का अनुमान लगाने में मदद कर सके। शोधकर्ताओं का कहना है कि इस चुनौती को दूर करने में मछली के अंदरूनी कान में पायी जाने वाली छोटी हड्डियाँ, जिन्हें ओटोलिथ कहा जाता है, मददगार हो सकती हैं। कोरल की तरह, ओटोलिथ कैल्शियम कार्बोनेट से बनी होती हैं, और समुद्री जल से खनिज जमा करके मछली के पूरे जीवनकाल में विकसित होती हैं। पेड़ के छल्ले के समान, ओटोलिथ मछली की उम्र, प्रवासन पैटर्न और मछली के पानी के प्रकार के बारे में भी सुराग दे सकती है।

# आओ राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा सर्वेक्षण में भाग लें



हमारी अगली पीढ़ियों में गर्व की गहरी भावना पैदा करने एक जीवंत सशक्त समावेशी और भविष्यवादी राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा समय की मांग

न्यू इंडिया के लिए पाठ्यक्रम तैयारी के सर्वेक्षण में सभी नागरिकों का भाग लेना मील का पत्थर साबित होगा - एडवोकेट किशन भावनानी

वैश्विक स्तरपर आज पूरी दुनिया बेरोजगारी रूपी दीमक से खोखली होने की ओर अग्रसर है जिसे पाटने के लिए इस दीमक के इलाज के लिए हर देश नीतियां रणनीतियां बनाकर अपने देश को नई दिशा देने के लिए तत्पर हैं।

साथियों बात अगर हम भारत की करें तो जब देश की आजादी के 100 वर्ष पूरे होंगे, यानी आजादी के अमृत काल तक भारतीय शिक्षा नीति सारी दुनिया को दिशा देने वाली होना चाहिए। अमृत काल में हिंदुस्तान की शिक्षा नीति की विश्व प्रशंसा करे, यहां ज्ञान लेने आएं, ऐसा हमारा गौरव हों, विश्व कल्याण की भूमिका निर्वहन करने में भारत समर्थ हो, ।भारत सरकार ने 29 जुलाई 2020 को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 की घोषणा की थी जो राष्ट्रीय पर चर्चा की रूपरेखा में सुधार की सिफारिश करती है ।हम अगर गहराई और सटीकता से इसका अध्ययन करेंतो बेरोजगारी से लड़ने और कौशलता विकास रूपी अस्त्र को तेजधार देने के लिए इस एनपीए में विशेष प्रावधान है और समय-समय पर राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा बनाकर उसे सामायिक परिवेश में लागू कर ज्ञान की गंगा को सही दिशा में बहाने और उसके सटीक लाभो को नागरिकों तकपहुंचाने समृद्ध जीवन बनाने में सक्षम करने का प्रावधान है जिसके तहत, जिला परामर्श समितियों, राज्य फोकस समूहों और राज्य संचालन समिति, राष्ट्रीय फोकस समूहों और राष्ट्रीय संचालन समिति आदि के गठन के माध्यम से राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा की प्रक्रिया शुरू की गई है ।साथियों शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा तैयार करने और बाद में पाठ्यक्रम, पाठ्यपुस्तकों और अन्य शिक्षण सामग्री के डिजाइन के लिए एक ऑनलाइन सार्वजनिक परामर्श सर्वेक्षण के माध्यम से जनता के सुझाव आमंत्रित किए हैं। इसलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से इस पाठ्यचर्या की रूपरेखा पर चर्चा करेंगे आओ राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा सर्वेक्षण में भाग लें।

साथियों बात अगर हम नया पाठ्यक्रम विकसित करने रूपरेखा पर नागरिक सर्वेक्षण की बातकरें तो एक तकनीकी मंच-वेबसाइट और मोबाइल ऐप विकसित किया गया है, ताकि बड़े पैमाने पर और कागज रहित तरीके से कार्य का निष्पादन करना संभव हो सके ।माता-पिता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षक, शिक्षक-अध्यापक जैसेहितधारकों तक पहुंचने के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा बॉटम -अप दृष्टिकोण का उपयोग करते हुए, राज्य फोकस समूहों और राज्य संचालन समिति के माध्यम से जिला स्तरीय परामर्श,मोबाइल ऐप-आधारित सर्वेक्षण, राज्य स्तरीय विचार-विमर्श आयोजित किए गए हैं। शिक्षक, छात्र, आदि जमीनी स्तर पर और स्कूलीशिक्षा के भविष्य, बचपन की देखभाल और शिक्षा, शिक्षक शिक्षा और वयस्क शिक्षा के बारे में अपने विचार और राय एकत्रित करते हैं।

साथियों शिक्षकों, प्रधानाध्यापकों/ प्राचार्यों, स्कूल संचालकों, शिक्षाविदों, अभिभावकों, छात्रों, समुदाय के सदस्यों, गैर-सरकारी संगठनों, विशेषज्ञोंजनप्रतिनिधियों, कलाकारों, कारीगरों, किसानों और स्कूली शिक्षा और शिक्षक शिक्षा में रुचि रखने वाले किसी भी व्यक्ति सहित सभी हितधारकों को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। यह ऑनलाइन सर्वेक्षण हमारे संविधान की आठवीं अनुसूची की भाषाओं सहित 23 भाषाओं में किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्तर पर भी राष्ट्रीय फोकस समूहों और राष्ट्रीय संचालन समिति को विभिन्न मुद्दों व चिंताओं पर विचार विमर्श करने के लिए लगाया गया है, जिसमें विभिन्न मंत्रालयों, स्वायत्त निकायों, गैर-सरकारी संगठनों, कंपनियों, परोपकारी एजेंसियों आदि के साथ बातचीत शामिल है,ताकि एनसीएफ की फॉर्मूलेशन के लिए मूल्यवान इनपुट एकत्रित किया जा सके। इस प्रक्रिया में हितधारकों का मार्गदर्शन करने के लिए एनसीएफ के निर्माण के लिए एक शासनादेश दस्तावेज विकसित किया गया है।

साथियों बात अगर हम केंद्रीय शिक्षा मंत्री के आग्रह की करें तो उनके एक ट्वीट के अनुसार एक नया पाठ्यक्रम विकसित करने के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखाके लिए नागरिक सर्वेक्षण में भाग लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि एनईपी 2020 के अनुरूप एक सशक्त राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा, विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में एक प्रमुख भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि एक जीवंत, सशक्त, समावेशी और भविष्यवादी राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा का विकास वैश्विक दृष्टिकोण के साथ समन्वित सांस्कृतिक सुदृढ़ता सहित, शिक्षा को औपनिवेशिक प्रभाव से मुक्त करने और हमारी अगली पीढ़ियों में गर्व की गहरी भावना पैदा करने के लिए आवश्यक है।

अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि आओ राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा सर्वेक्षण में भाग लें।

हमारी अगली पीढ़ियों में गर्व की गहरी भावना पैदा करने एक जीवंत सशक्त समावेशी और भविष्यवादी राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा समय की मांग है। न्यू इंडिया के लिए पाठ्यक्रम तैयारी के सर्वेक्षण में सभी नागरिकों का भाग लेना मील का पत्थर साबित होगा।

# दिल मे तेरी कई ख्वाइशें मिलेंगी

दिल मे तेरी कई ख्वाइशें मिलेंगी,

दिल मे तेरी कई ख्वाइशें मिलेंगी,
गुम मेंरी यहां कई बंदिशे मिलेंगी,

चेहरे पर छुपे तेरे कई कई चेहरे,
यही सिसकती मेरी वफाये मिलेगी,

ख्वाईशो ने भी की कई बगावतें,
वही दफ़्न मेरी काशिशें मिलेंगी,

तेरे कई कई अफ़साने,कई किस्से हैं,
अफसानों में आशिकों की बंदिशें मिलेगी।

तेरे रंग महल में कई सतरंगी सपने है ,
सोये आशिको की अशिशे मिलेंगी।

दुनिया हंसती है बेबसी पर मेरी,
कब्र में मेरी दबी ख्वाहिशें मिलेंगी।



संजीव ठाकुर

## शार्ट न्यूज

### योगी सरकार ने जन्माष्टमी की छुट्टी की बदली तारीख, 19 अगस्त को होगा अवकाश

लखनऊ। जन्माष्टमी के पर्व को देखते हुए योगी सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। योगी सरकार ने यूपी में जन्माष्टमी पर होने वाली सरकारी छुट्टी का तारीख बदल दी है। 18 अगस्त को होने वाली छुट्टी को कैंसिल करके उसकी जगह 19 अगस्त कर दिया है। जन्माष्टमी की सरकारी छुट्टी पहले 18 अगस्त तय की गई थी। उत्तर प्रदेश सामान्य प्रशासन विभाग की तरफ से इसे 18 की जगह 19 अगस्त को सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया गया। श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं के मथुरा पहुंचने की आशंका के चलते प्रशासन ने रूट डायवर्जन किया है। इस दौरान कुछ जगहों से वाहनों की नो एंट्री होगी वहीं कुछ जगहों से रूट डायवर्ट होंगे। श्रद्धालुओं को परेशानी न हो, इसके लिए पुलिस ने यातायात डायवर्जन किया है। मथुरा और वृंदावन शहर में चौपहिया वाहनों का प्रवेश नहीं होगा। इसके अलावा वाहनों की पार्किंग व्यवस्था भी पुलिस ने की है। कुछ स्थान ऐसे हैं जहां नो एंट्री की गई है। इन स्थानों पर कैसे भी वाहन चाहे दोपहिया हों या रिक्शा, वे भी नहीं जा सकेंगे। कारण यह है कि यहां पैदल चलने वालों की इतनी भीड़ होगी कि वहां वाहन जाने से अव्यवस्था फैल सकती है।

### कानपुर के बैंक लॉकरों से जेवर और नकदी चोरी की जांच एसआईटी के हवाले

**कानपुर।** कानपुर में लॉकर से जेवरात और नकदी चोरी के तीन मामलों की तह तक जाने के लिए पुलिस कमिश्नर ने एसआईटी गठित करने के निर्देश दिए हैं। एसआईटी में कौन शामिल होगा और इसकी जांच कैसे आगे बढ़ेगी। इसके बारे में पुलिस कमिश्नर और ज्वाइंट सीपी बैठक कर निर्णय लेंगे। लॉकर से नकदी और जेवरात चोरी के तीन पीड़ितों ने पुलिस कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा। सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया करांची खाना ब्रांच से लॉकर गायब होने पर रमेश खन्ना, बैंक ऑफ बड़ौदा किदवई नगर शाखा से लॉकर से जेवर चोरी के पीड़ित अजय गुप्ता, पीएनबी निराला नगर में लॉकर से जेवर चोरी पीड़ित राजेश मिश्रा मंगलवार को पुलिस कमिश्नर बीपी जोगदंड से मिलने पहुंचे। तीनों मामलों में फीलखाना, किदवई नगर और सीसामऊ थाने में एफआईआर दर्ज है। पीड़ितों ने पुलिस कमिश्नर से कहा कि मामले दर्ज तो कर लिए गए हैं मगर पुलिस ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। सभी रिपोर्ट ठंडे बस्ते में चली गई है। व्यापारी नेता अभिमन्यु गुप्ता व पवन गुप्ता ने पुलिस कमिश्नर से कहा कि कानपुर औद्योगिक राजधानी के रूप में जाना जाता है। उसे लॉकर चोरी की राजधानी न बनने दीजिए। इन मामलों में पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है और बैंक के अफसर पीड़ितों को अपमानित करके भगा रहे हैं।

### युवती की हत्या कर हाइवे किनारे फेंका शव, शिनाख्त की कोशिशों में जुटी पुलिस

**रामगढ़( बलिया )।** बलिया में हल्दी थाना क्षेत्र के हुकुमछपरा ढाले से करीब हाईवे किनारे 18 वर्षीय युवती की लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे लेकर थाने ले आई। काफी प्रयास के बाद भी शिनाख्त नहीं हो पायी है। अपर पुलिस अधीक्षक भी मौके पर पहुंचे हैं। माना जा रहा है कि कहीं पर हत्या के बाद यहां लाश ठिकाने लगाई गई है। बताया जाता है कि सुबह टहल रहे लोगों की नजर शव पर पड़ी। देखते ही देखते घटना की सूचना जंगल में आग की तरह फैल गयी और मौके पर भारी भीड़ जुट गयी। सूचना पर पहुंचे सीओ बैरिया अशोक कुमार मिश्र व थानाध्यक्ष हल्दी राकेश सिंह ने शिनाख्त का काफी प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार लाश के गले व चेहरे पर चोट के निशान थे। नाक से झाग भी निकाला था। थानाध्यक्ष हल्दी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पायेगा।

### श्रावस्ती : पशु तस्करों ने पुलिस टीम पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास, दो अरेस्ट

श्रावस्ती। श्रावस्ती में कुछ तस्कर मवेशियों की चोरी कर वाहन में लादकर जा रहे थे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर वाहन को पकड़ना चाहा तो तस्कारों ने पुलिस टीम पर वाहन चढ़ाने का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने वाहन को पकड़ कर मवेशियों को बरामद कर लिया। दो तस्करों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। मल्हीपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्द्धन सिंह टीम के साथ भ्रमण कर रहे थे। तभी मुखबिर से सूचना मिली कि एक पिकअप में चोरी की चार भैंस लादकर परसा डेहरिया से ग्राम असरफा की ओर ले जाई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस ने तलाशी शुरू कर दी। कुछ देर बाद तेज रफ्तार पिकअप निकली तो पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया लेकिन चालक ने टीम पर पिकअप चढ़ाने का प्रयास किया। लेकिन इसमें पुलिसकर्मी बाल बाल बच गए और पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। वाहन पलटते ही पुलिस ने दो व्यक्तियों को दबोच लिया जबकि दो फरार होने में सफल रहे। पिकअप की तलाशी में चार भैंस बरामद हुई। भैंस को जब्त कर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों की पहचान नौशाद अली पुत्र ताहिर खां निवासी गुरगुट्टा थाना नानपारा जनपद बहराइच व सद्दाम पुत्र असलम निवासी महुली शेर थाना नानपारा जनपद बहराइच के रूप में हुई। दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। आरोपियों के कब्जे से एक अदद देशी कट्टा 12 बोर, दो अदद जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया। गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक के साथ उपनिरीक्षक सुरेन्द्रनाथ यादव, आरक्षी विनोद कुमार भारती, वकील कुमार व राना सिंह शामिल रहे।

### लखनऊ में चश्मा व्यापारी को बदमाशों ने मारी गोली, ट्रामा में भर्ती

लखनऊ। लखनऊ में काकोरी के खालिसपुर इलाके में मंगलवार रात दुकान बंद कर घर जा रहे चश्मा व्यापारी को बदमाशों ने गोली मार दी। कंधे में गोली लगने से खून से लथपथ व्यापारी बाइक समेत सड़क पर गिर गया। गोली की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे व्यापारी के परिजन आनन- फानन में ट्रामा सेंटर लेकर भागे जहां उसका इलाज चल रहा है। तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज आरोपित दोनों बदमाशों की तलाश कर रही है। काकोरी के खालिसपुर निवासी महेश कुमार के मुताबिक बेटे अतुल गौतम (25) की मोटी नीम चौराहे के पास चश्मे की दुकान है। अतुल मंगलवार रात को दुकान बंद कर बाइक से घर लौट रहा था। वह घर से कुछ दूरी पर स्थित बेहता नाले के पास पहुंचा ही था कि तभी पहले से घात लगाए बैठे दो बदमाशों ने गोली चला दी। गोली कंधे में जा लगी। गोली की आवाज सुनते ही परिजन भागे अुतल को खून से लथपथ देख सभी के होश उड़ गए। इंस्पेक्टर काकोरी रामेश्वर कुमार के मुताबिक पीड़ित के पिता महेश की तहरीर पर अज्ञात बदमााशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश की जा रही है।

### झाड़फूंक के लिए गई थी 15 साल की बीमार लड़की, मस्जिद के हाफिज ने किया रेप

लखनऊ। लखनऊ में मां के साथ झाडफूंक कराने मस्जिद के हाफिज के पास गई नाबालिग के साथ हाफिज ने दो बार रेप किया। किशोरी ने विरोध किया और बात मां को बताई तो लोकलाज के भय से मां ने बात को दबा दिया। मुंबई रहकर काम कर रहा पिता जब घर वापस लौटा तो बेटी ने पूरी जानकारी पिता को दी। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। मोहनलालगंज क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली 15 साल की लड़की के पिता मुंबई में रहकर काम करते है। किशोरी कुछ दिनों से बीमार चल रही थी। जिस पर मां मस्जिद में रहने वाले हाफिज के पास झाड़फूंक करवाने के लिए जाती थी। जहां हाफिज ने किशोरी के साथ दो बार दुराचार किया। किशोरी ने पूरी बात मां से बताई लेकिन मां ने लोकलाज के डर से मामले को दबा गई। मुबई से वापस लौटे पिता से बेटी मंगलवार को लिपट कर फफक पड़ी। किशोरी की दास्तांन सुन पिता दंग रह गया। पिता ने आरोपी हाफिज फखरे आलम के खिलाफ मामला दर्ज कराया। इंस्पेक्टर कुलदीप दुबे ने बताया कि आरोपी हाफिज कनकहा मस्जिद पर रहता है वह उन्नाव जिले के दरियापुर का रहने वाला है। मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश में दबिश दी जा रही है।

# संतो की प्रेरणा से आन्दोलनकारियो को मिली धार, अष्ट शहीदो की धरती को नमन

**भारत के छोटे रियासतो में राज करने वाले राजाओ को एक जुट कर आमजन में स्वतंता के महत्व को बताने का काम साधु संतो ने शुरू किया**




**सुधीर कुमार/गौरवशाली भारत**

गाजीपुर। भारत को आजादी दिलाने में हमारे देश के संत समाज का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। भारत के छोटे रियासतो में राज करने वाले राजाओ को एक जुट कर आमजन में स्वतंता के महत्व को बताने का काम साधु संतो ने शुरू किया। भारत के मठो और मंदिर, गुरूद्वारो, पाठशालाओ के माध्यम से आमजन में भगवान श्रीराम, श्रीकृष्ण, महादेव व आदि शंकराचार्य के द्वारा स्थापित चारो पीठो का उदाहरण देकर अपनी मातृभूमि को एक राष्ट्र सूत्र में बांधने का कार्य साधु संतो की प्रेरणा से सम्भव हो सका। राष्ट्रीय एकता को लेकर नये नये गीतो की रचना की गयी। सन् 1782 के तमाड़ विद्रोह, 1832 का भूमिज विद्रोह, 1842 के बुन्देला विद्रोह, 1855 का संथाल विद्रोह, 1882 का चेरो विद्रोह तथा काशी का कौड़िया मठ व 1922 के चौरी चौरी काण्ड में गोरखनाथ मठ के संतो का महत्वपूर्ण योगदान रहा। तत्पश्चात 1934 मे महंत दिग्विजय नाथ के माध्यम से संतो ने आन्दोलनकारी के साथ ब्रिटिश हुकुमत के खिलाफ बिगुल फुंक दिया और जिसका परिणाम 1942 के भारत छोडो आन्दोलन में दिखायी देने लगा। भारत के आजादी की लड़ाई में अनगिनत क्रान्तिकारी मारे गये चन्द्रशेखर आजाद, भगत सिंह, राजगुरू, बाल गंगाधर तिलक, विपिन चन्द्र पाल, राजेन्द्र लाहड़ी, रानी लक्ष्मी बाई, दुर्गा भाभी, सुभाष चन्द बोस जैसे अनगिनत व गुमनाम कांन्तिकारियो के बलिदान से हमारा देश आजाद हुआ। 1942 का आन्दोलन पूरे देश मे जोर पकड लिया पूर्वी उत्तर प्रदेश के अष्ट शहीदो की धरती मुहम्मदाबाद के शेरपुर गांव में 14 अगस्त 1942 को गौसपुर हवाई अडडा फुकने मे अंग्रेजो के गोली से घायल यमुना गिरी के गिरफतारी का बदला लेने के लिएं 18 अगस्त 1942 डा. शिवपूजन राय के नेतृत्व में तहसील पर लगे ब्रिटिश सरकार के झंड़ा यूनियन जैक उतार कर तिरंगा झंडा फहराने में बंश नारायण राय, श्रषेश्वर राय, श्रीनरायण राय, राजा राय, वशिष्ठ नारायण राय, रामबदन उपाध्याय एक एक कर तिरंगा पकड़े शहीद हो गये।

इस घटना से आन्दोलित बलिया तहसील में चितू पाण्डेय के नेतृत्व में आन्दोलनकारियो ने 19 अगस्त 1942 को (तत्कालीन जनपद गाजीपुर) बलिया तहसील पर तिरंगा फहराकर अंग्रेजो को खदेडा और बलिया तहसील को स्वतंत्र घोषित कर दिया। गोरखपुर से आये हंसयोग आश्रम के महात्मा सवर्णानन्द व सुकर्मानन्द ने अपने आश्रम पर राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहण करते हुए आगे बताया कि संत, भारतीय समाज को समय समय पर मार्गदर्शन कर भारत, विश्व को वसुधैव्य कुटुम्बकम की मार्ग पर ले जाने की ओर अग्रसर है।

## ललितपुरःपीआरडी महिलाकर्मी संग मारपीट करने वाला सिपाही निलंबित

ललितपुर। उत्तर प्रदेश के ललितपुर में पीआरडी की महिला कर्मी के साथ बीच चौराहे पर छेड़खानी कर मारपीट करने के आरोपी सिपाही को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया । आरोपी सिपाही को न्यायालय में पेश किया, जहां से अदालत ने उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस ने बताया कि पीड़िता पीआरडी महिला कर्मी ने सदर कोतवाली में तहरीर देकर पुलिस लाइन में तैनात सिपाही आत्मानंद पर उसके साथ छेडछाड और मारपीट की बात बतायी थी। पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने आरोपी सिपाही को निलंबित कर दिया। पीड़ित महिला पुलिसकर्मी ने बताया कि उसकी ड्यूटी कोतवाली सदर में लगी थी, वह बीते मंगलवार को सुबह ड्यूटी समाप्त होने पर अपने घर पैदल जा रही थी, वह तुवन मन्दिर चौराहे पर पहुंची तभी पुलिस लाइन में तैनात सिपाही आत्मानंद ने उसे रास्ते में रोका और उसके साथ मोटर साइकिल पर बैठने के लिए कहने लगा। जब महिला ने उसके साथ चलने से मना किया तो उसके साथ गाली गलौज करते हुए छेड़खानी कर दी व बीच चौराहे पर लात घूसे से पिटाई की, जिससे उसे गंभीर चोट आई, किसी प्रकार उसने अपनी जान बचाई। पीड़िता की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी सिपाही के विरूद्ध धारा 354, 323, 504 के तहत मामला दर्ज कर लिया था। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह ने बताया कि पीड़िता पीआरडी महिला कर्मी की शिकायत पर आरोपी सिपाही के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करते हुए उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# प्राइमरी स्कूल में अश्लील डांस पर हेडमास्टर सस्पेंड

**प्रधान पर केस दर्ज; नर्तकियों के ठुमके का वीडियो हुआ था वायरल**

महराजगंज। यूपी के महराजगंज जिले के नौतनवा क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय पड़ौली में आजादी का जश्न मनाने के नाम पर आर्केस्ट्रा की नर्तकियों के ठुमके लगे। इसका वीडियो वायरल होने के बाद डीएम के निर्देश पर बीएसए आशीष कुमार सिंह ने प्रधानाध्यापक को निलंबित कर दिया। साथ ही प्रधान अनिल यादव पर एफआईआर दर्ज कराई गई है।

परसामलिक कम्पोजिट विद्यालय पड़ौली में स्वतंत्रता दिवस के दिन सोमवार को नर्तकियों के डांस का आयोजित किया । बच्चों के सामने नर्तकियों ने अश्लील डांस किया। किसी ने वीडियो बना वायरल कर दिया। मामला संज्ञान में आने पर बीएसए आशीष सिंह ने जांच का आदेश दिया। रिपोर्ट के आधार पर प्रधानाध्यापक की संलिप्तता मिलने पर बीएसए ने सस्पेंड कर दिया।

पुलिस ने प्रधान के खिलाफ भी केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हेडमास्टर ने प्रधान के खिलाफ दी तहरीर: डीएम के आदेश पर अश्लील डांस के मामले की जांच करने बीएसए मंगलवार को कम्पोजिट विद्यालय पड़ोली पहुंचे।

प्रधानाध्यापक हरिद्वार ने पूछताछ में बताया कि ग्राम प्रधान ने अपने पद का दुरुपयोग कर विद्यालय परिसर में स्कूल प्रशासन की अनुमति के बगैर जबरन डांस कार्यक्रम आयोजित कराया।

> कम्पोजिट विद्यालय पड़ौली में स्वतंत्रता दिवस के दिन नर्तकियों के अश्लील डांस के वायरल वीडियो में जांच कमेटी गठित की थी। प्रधानाध्यापक व प्रधान की संलिप्तता मिली है। प्रधानाध्यापक को सस्पेंड कर दिया है। ग्राम प्रधान अनिल यादव पर केस दर्ज कराया है।
>
> **आशीष सिंह, बीएसए**

#### डीएम के निर्देश के बाद प्रधान के खिलाफ केस

अश्लील नृत्य के मामले को डीएम सत्येन्द्र कुमार ने गंभीरता से लिया। उनके निर्देश के बाद बीएसए ने विद्यालय पहुंचकर जांच की। प्रधानाध्यापक हरिद्वार चौधरी की तहरीर पर पुलिस ने प्रधान अनिल कुमार यादव के खिलाफ भादिव की धारा 294, 447 के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# उद्यमिता केंद्रित आर्थिक विकास वर्तमान की जरूरत : प्रो़ मुकेश पाण्डेय

**एजेंसी**

झांसी। उत्तर प्रदेश के झांसी स्थित बुंदेलखंड विश्वविद्यालय (बुंविवि) के कुलपति प्रो़ मुकेश पाण्डेय ने बुधवार को उद्यमिता आधारित विकास का समर्थन करते हुए इसे आज के समय की जरूरत बताया।

विश्वविद्यालय परिसर में आगामी 22 एवं 23 अगस्त को उद्यमिता संस्कृति एवं आर्थिक विकास विषय पर आयोजित होने जा रहे दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार से पहले आज इसके पोस्टर का विमोचन करते हुए कुलपति ने यह विचार व्यक्त किये। इस सेमिनार का आयोजन इंस्टिट्यूशन इनोवेशन काउंसिल द्वारा किया जा रहा है। पोस्टर विमोचन के अवसर पर कुलपति ने कहा कि उद्यमिता आधारित आर्थिक विकास ही भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुदृढ़ एवं सफल राष्ट्र बना सकता है। इस अंतरराष्ट्रीय सेमिनार से निश्चित ही विश्वविद्यालय के छात्र प्रेरित हो उद्यमिता के प्रति जागरूक होंगे।

इंस्टिट्यूशन इनोवेशन काउंसिल की अध्यक्ष प्रो़ अपर्णा राज ने बताया कि इस अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में देश विदेश से शिक्षक एवं छात्र सहभागिता कर रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार के संयोजक डॉ संदीप अग्रवाल ने बताया कि इस आयोजन में शोध पत्र वाचन के साथ ही बुंदेलखंड क्षेत्र के नवीन उद्यमियों पर आधारित उद्यमी वीर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसके माध्यम से हम उनके द्वारा किए गए कार्यों को जान सकेंगे। साथ ही साथ छात्रों में जागरूकता लाने के लिए प्रश्नोत्तरी एवं एक्सटमपोर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

इस अवसर पर वित्त अधिकारी वशी मोहम्मद, परीक्षा नियंत्रक राजबहादुर आयोजन सचिव डॉ कौशल त्रिपाठी, इंजीनियर अनुपम व्यास, डॉ संजय सिंह सिंगर उपस्थित रहे।

# शाकुंबरी विवि के निर्माण में देरी से योगी नाराज

सहारनपुर। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सहारनपुर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्माणाधीन मां शाकुम्बरी यूनिवर्सिटी का स्थलीय निरीक्षण किया और निर्माण कार्यो में देरी पर नाराजगी जाहिर करते हुये निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को फटकार लगाई।

करीब पांच घंटे के प्रवास के दौरान श्री योगी ने जनप्रतिनिधियों और भाजपा कोर कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक कर जिले के हालात की जानकारी ली। भाजपा के जनप्रतिनिधियों ने सफल कांवड़ यात्रा को लेकर मुख्यमंत्री का आभार जताया जबकि शाकुम्बरी देवी स्थल पर फ्लाई ओवर निर्माण, मां शाकुम्बरी यूनिवर्सिटी के निर्माण कार्यों की सुस्त रफ्तार का सवाल उठाया। राजकीय मेडिकल कालेज में सुविधाएं बढ़ाने की मांग भी मुख्यमंत्री से की गई। सहारनपुर में रोजगार के नए अवसर पैदा करने, नए उद्योगों की स्थापना करने की भी मांग की गई।

बैठक के बाद श्री योगी ने ब्लाक पुवारका स्थित निर्माणाधीन मां शाकुम्बरी यूनिवर्सिटी का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को इस बात के लिए फटकार लगाई कि आठ-नौ माह के दौरान पांच फीसदी ही काम हो पाया है। इसके निर्माण के लिए अभी तक 27.85 करोड़ राशि जारी की गई है। पहले चरण के निर्माण के लिए 92.04 करोड़ रूपए की राशि स्वीकृत है। प्रथम चरण के निर्माण का लक्ष्य जनवरी-23 तक पूरा होना है। 50.43 एकड़ भूमि पर बनने वाले इस विश्वविद्यालय का शिलान्यास उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और गृह मंत्री अमित शाह ने पिछले साल दो दिसंबर को किया था।

मुख्यमंत्री ने सहारनपुर के सर्किट हाउस में अफसरों के साथ मंडलीय समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने शामली और मुजफ्फरनगर के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक को वर्चुअली संबोधित किया।

गौरतलब है कि अपने दूसरे कार्यकाल में योगी आदित्यनाथ स्वयं सहारनपुर मंडल के प्रभारी बने हैं और पहली बार आज बुधवार को सहारनपुर पहुंचे।

## बैंक मैनजर पर एसिड अटैक करने वाले गिरफ्तार

**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले में बीती आठ अगस्त को बैंक मैनेजर पर एसिड अटैक करने के आरोप में पुलिस ने दो हमलावरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा ने बताया कि हमलावर बैंक ऋण मंजूर ना करने से प्रबंधक से नाराज थे। आठ अगस्त को बैंक ऑफ बड़ौदा चरवा में तैनात बैंक मैनेजर रूचि सोनकर रोज की तरह स्कूटी से ड्यूटी करने जा रहे हैं कि रास्ते में हमलावरों ने उन्हें रोक लिया। इस दौरान प्रबंधक और बदमाशों के बीच कहासुनी भी हुई। हमलावरों ने रुचि सोनकर के ऊपर एसिड अटैक कर दिया जिसमें वह गंभीर रूप से झुलस गई और हमलावर मौके से फरार हो गए। इस मामले में पीड़िता की शिकायत पर अज्ञात हमलावरों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई। घटना के खुलासे के लिए एसओजी टीम को जिम्मेदारी सौंपी गई।

# सामाजिक न्याय समिति की सिफारिशों को लागू करे सरकार : राजभर



लखनऊ। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने सरकारी नौकरियों में ओबीसी में शामिल 79 अतिपिछड़ी जातियों के प्रतिनिधित्व का आंकलन करने के योगी सरकार के फैसले का स्वागत करते हुये कहा कि अब सामाजिक न्याय समिति की सिफारिशों को भी लागू करने की दिशा में गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। श्री राजभर ने बुधवार को कहा कि आंकलन के बाद जो तथ्य सामने आए उसके मुताबिक उपेक्षित व वंचित जातियों को उनका हक देने का काम प्रदेश सरकार करे। अति पिछड़ी जातियों को उचित न्याय देने के लिए प्रदेश सरकार को सामाजिक न्याय समिति की सिफारिशों को लागू करने पर भी गंभीरता से विचार करना चाहिए। तभी ओबीसी में शामिल 79 अतिपिछड़ी जातियों को उनका प्रतिनिधित्व मिल पाएगा।

उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पहले कार्यकाल में मंत्री रहते हुए उन्होंने अति पिछड़ी जातियों की भागीदारी और हिस्सेदारी सुनिश्चित करने की लम्बी लड़ाई लड़ी। जिसके बाद सामाजिक न्याय समिति का गठन सरकार ने किया था। समिति ने अपनी रिपोर्ट सरकार को दे दी थी लेकिन उसकी सिफारिशों पर अमल नहीं किया गया।

प्रदेश सरकार को बिना देरी किए आंकलन का काम पूरा करने के साथ इन जातियों को न्याय देने का काम करना चाहिए।

# किसान संसद से प्राकृतिक खेती का व्यवहारिक खाका पारित कर भेजा गया प्रधानमंत्री को

**एजेंसी**

बांदा। उत्तर प्रदेश के बांदा में जुटे विभिन राज्यों के प्रगतिशील किसानों ने प्राकृतिक खेती को अपनाने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील का स्वागत करते हुए यहां आयोजित 'किसान संसद' में प्रकृति के साथ तालमेल कायम करने वाली इस खेती के व्यवहारिक पहलुओं का एक मसौदा प्रस्ताव प्रधानमंत्री को भेजा है। किसानों ने प्रस्ताव में स्वीकार किया कि यह वास्तव में 'अमृत काल' है जबकि प्राकृतिक असंतुलन की त्रासदी से जूझ रही दुनिया में भारत से प्राकृतिक खेती को अपनाने की बात उठी है।

बांदा के बड़ोखर खुर्द गांव में स्थित ह्यूमन एग्रेरियन सेंटर में चल रहे 'आवर्तनशील प्राकृतिक खेती' के 12वें वार्षिक सम्मेलन में आयोजित किसान संसद में किसानों ने सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया। भारतीय पारंपरिक बीजों के संरक्षण के लिये पद्मश्री से सम्मानित बाबूलाल दाहिया की अध्यक्षता में संपन्न हुयी किसान संसद में प्राकृतिक खेती की परिभाषा एवं इसे लागू करने की विस्तृत कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया गया।

## तीन आईएएस का तबादला, एक को अतिरिक्त प्रभार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के तीन अधिकारियों का तबादला कर दिया है जबकि बुलंदशहर के जिलाधिकारी को अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। आधिकारिक प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि बुलंदशहर खुर्जा विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष सुश्री निशा को प्रतीक्षा सूची में डाल दिया गया है वहीं बुलंदशहर के जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह को बुलंदशहर खुर्जा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गयी है।

# यूपी सेंट्रल जोन ताइक्वाण्डो चैंपियनशिप 19 अगस्त से

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 19 से 21 अगस्त के बीच खेली जाने वाली प्रथम यूपी सेंट्रल जोन ताइक्वाण्डो चैंपियनशिप में 18 जिलों के करीब 700 खिलाड़ी पदकों पर दावेदारी करने के लिए प्रतिस्पर्धा में उतरेंगे।

उत्तर प्रदेश ताइक्वाण्डो संघ के तत्वावधान में लखनऊ जिला ताइक्वाण्डो संघ चौक स्टेडियम में चैंपियनशिप का आयोजन करेगा। यूपी ताइक्वाण्डो संघ के अध्यक्ष सलिल सिंह टीटू ने बताया कि चैंपियनशिप में क्यूरगी व पूमसे के विभिन्न वर्गों में मुकाबले होंगे जिसमें सीनियर, कैडेट, सब जूनियर व जूनियर आयु वर्ग में क्यूरगी व पूमसे वर्ग में दांव पर लगे 89 स्वर्ण, 89 रजत व 178 कांस्य पदकों के लिए प्रतिस्पर्धा होगी।

# नागिन डांस करने वाला दरोगा और सिपाही लाइन हाजिर

पीलीभीत। उत्तर प्रदेश में पीलीभीत जिले के पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र में 15 अगस्त को खाकी वर्दी में नागिन डांस करने वाले दरोगा और सिपाही को लाइन हाजिर कर दिया गया है।

पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि पूरनपुर थाना परिसर में 15 अगस्त को आयोजित कार्यक्रम के दौरान उप निरीक्षक सौरभ कुमार और कांस्टेबल अनुज का फिल्मी गाने की धुन पर वर्दी में डांस करते हुए वीडियो वायरल हुआ था।

जिसका संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक पीलीभीत ने दोनों को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर किया गया है। इस सम्बन्ध में विभागीय जांच क्षेत्राधिकारी पूरनपुर को दी गई है।

वायरल वीडियो के बाद जब पूरनपुर इंस्पेक्टर से बात की गई तो उन्होंने अनभिज्ञता प्रकट की थी।

# योगी ने सहारनपुर की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था का लिया जायजा



सहारनपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को सहारनपुर की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था का जायजा लिया और अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिये।

अपने संक्षिप्त दौरे में मुख्यमंत्री सहारनपुर नगर निगम परिसर में स्थित इन्टेग्रेटिड कमाण्ड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) पहुंचे और शहर को सेफसिटी के रुप में विकसित करने के लिए अधिक से अधिक कैमरे लगाने, अतिव्यस्त व दुर्घटना संभावित चौराहों पर एबुंलेंस तथा क्रेन की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर निगम और पुलिस विभाग इसकी संयुक्त रुप से इसकी योजना बनाएं। मुख्यमंत्री ने आईसीसीसी के तहत की गयी व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया।

दोपहर करीब पौने एक बजे नगर निगम परिसर स्थित सहारनपुर स्मार्ट सिटी लि. के तत्वाधान में स्थापित इन्टेग्रेटिड कमाण्ड कंट्रोल सेंटर में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से पूछा कि क्या आईसीसीसी से सेफसिटी को जोड़ा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहर को पूरी तरह सेफसिटी के रुप में विकसित करने के लिए अधिक से अधिक कैमरे लगाएं, ताकि अपराधों को नियंत्रित किया जा सके। उन्होंने अतिव्यस्त व दुर्घटना संभावित चौराहों पर एबुंलेंस तथा क्रेन की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए ताकि किसी भी दुर्घटना की स्थिति में पीड़ित को तुरंत चिकित्सा सुविधा मिल सके और दुर्घटना ग्रस्त वाहन को मार्ग से हटाया जा सके। मुख्यमंत्री ने यह भी जानना चाहा कि कितने चौराहे कैमरों से कवर हो रहे है। मंडलायुक्त ने मुख्यमंत्री को बताया कि आईसीसीसी को सेफ सिटी से इंटेग्रेटिड किया गया है। 17 जंक्शन बनाये जा रहे है जिनमें से आठ जंक्शन पर कार्य पूरा हो चुका है और बाकी पर चल रहा है।

## शार्ट न्यूज

### 5 जी स्पेक्ट्रम के लिए एयरटेल ने चुकाये 8312 करोड़

नयी दिल्ली। दूरसंचार सेवायें देने वाली प्रमुख कंपनी भारती एयरटेल ने देश में यथाशीघ्र 5 जी सेवायें शुरू करने के अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते हुये हाल ही संपन्न नीलामी में खरीदे 5 जी स्पेक्ट्रम के लिए दूरसंचार विभाग को 8312.4 करोड़ रुपये का भुगतान कर दिया है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में यह जानकारी देते हुये कहा कि उसने दूरसंचार विभाग को यह राशि दी है। उसने कहा कि चार वर्षों के लिए अपफ्रंट भुगतान किया है। सरकार द्वारा नीलामी के लिए रखे गये 72,098 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम में से 51236 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम की नीलामी हो पायी थी। इससे सरकार को कुल 150173 करोड़ रुपये मिले हैं। इसमें से एयरटेल ने 43048 करोड़ रुपये में 19867.8 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम की खरीद की थी। कंपनी ने 900, 1800, 2100 और 3300 मेगाहर्ट्ज के साथ ही 26 गीगाहर्ट्ज बैंड में स्पेक्ट्रम की खरीद की है। इस भुगतान पर कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी गोपाल विट्टल ने कहा कि चार वर्षों के अपफ्रंट भुगतान से उनकी कंपनी को 5 जी सेवायें शुरू करने में सुगमता होगी। उन्होंने कहा कि एयरटेल ने राइट इश्यु के माध्यम से 15740 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जुटाने की तैयारी है।

### सोना 157 और चांदी 754 रुपये लुढ़की

मुंबई । दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर में आई जबरदस्त तेजी से अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमती धातुओं पर बने दबाव के प्रभाव से आज घरेलू सर्राफा बाजार में सोना 157 रुपये प्रति दस ग्राम और चांदी 754 रुपये प्रति किलोग्राम लुढ़क गई। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोना हाजिर 0.41 प्रतिशत की गिरावट लेकर 1768.29 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। इसी तरह अमेरिका सोना वायदा 0.20 प्रतिशत टूटकर 1769.70 डॉलर प्रति औंस रह गया। इस दौरान चांदी हाजिर भी 1.48 प्रतिशत लुढ़ककर 19.82 डॉलर प्रति औंस बोली गई। वैश्विक बाजार की गिरावट के दबाव में देश के सबसे बड़े वायदा बाजार एमसीएक्स में सोना 157 रुपये गिरकर 51680 रुपये प्रति दस ग्राम और सोना मिनी 141 रुपये उतरकर 51680 रुपये प्रति दस ग्राम पर रही। इसी तरह चांदी 754 रुपये सस्ती होकर 56911 रुपये प्रति किलोग्राम और चांदी मिनी 672 रुपये कमजोर होकर 57595 रुपये प्रति किलोग्राम बोली गयी।

### खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख

नयी दिल्ली। विदेशी बाजारों की तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा वहीं अन्य जिंसों के भाव पिछले स्तर पर पड़े रहे। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का सितंबर वायदा 23 रिंगिट बढ़कर 4179 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इस दौरान अमेरिकी सोया तेल का सितंबर वायदा भी 0.23 सेंट की बढ़त लेकर 66.14 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान सूरजमुखी तेल 367 रुपये और पाम ऑयल 220 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया जबकि वनस्पति तेल में 146 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। वहीं, सरसों तेल, मूंगफली तेल और सोया रिफाइंड के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पुराने स्तर पर टिके रहे। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान गुड़ और चीनी के भाव स्थिर रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, चना दाल, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पड़े रहे। अनाज : अनाज मंडी में भी स्थिरता रही रहा। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन : चना 4550-4650, दाल चना 5550-5650, मसूर काली 8300-8400, मूंग दाल 8100-8200, उड़द दाल 9900-10000, अरहर दाल 8750-8850 रुपये प्रति क्विंटल रहे।अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2300-2400 रुपये और चावल : 2550-2650 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस 3530-3660, चीनी एम. 3800-3900, मिल डिलीवरी 3410-3510 और गुड़ 3850-3950 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। खाद्य तेल : सरसों तेल 16849 रुपये, मूंगफली तेल 19267 रुपये, सूरजमुखी तेल 19780 रुपये, सोया रिफाइंड 15604 रुपये, पाम ऑयल 13773 रुपये और वनस्पति तेल 14652 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

### सेंसेक्स साढ़े चार माह बाद हुआ 60 हजारी

मुंबई। वैश्विक बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली से आज सेंसेक्स लगातार सातवें दिन चढ़ता हुआ साढ़े चार महीने बाद 60 हजार अंक को पार कर गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 417.92 अंक की छलांग लगाकर साढ़े चार माह के उच्चतम स्तर 60 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 60260.13 अंक पर पहुंच गया। इससे पूर्व सेंसेक्स 04 अप्रैल को 60611.74 अंक पर रहा था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 119 अंक की तेजी लेकर 17944.25 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई की छोटी और मझौली कंपनियों में भी लिवाली का जोर रहा। मिडकैप 0.64 प्रतिशत मजबूत होकर 25,182.00 अंक और स्मॉलकैप 0.53 प्रतिशत चढ़कर 28,343.00 अंक पर रहा। बीएसई में कुल 3556 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2017 में लिवाली जबकि 1405 में बिकवाली हुई वहीं 134 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में 33 कंपनियों में तेजी जबकि 17 में गिरावट रही। बीएसई में कैपिटल गुड्स और ऑटो समूह की 0.32 प्रतिशत तक की गिरावट छोड़कर शेष 17 समूहों में तेजी रही। इस दौरान सीडीजीएस 0.59, एफएमसीजी 0.79, वित्त 0.90, आईटी 1.04, दूरसंचार 1.80, यूटिलिटीज 0.80, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.10, पावर 0.69 और टेक समूह के शेयर 1.13 प्रतिशत मजबूत रहे। वैश्विक स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.37 और जर्मनी का डैक्स 0.90 प्रतिशत लढ़क गया जबकि जापान का निक्केई 1.23, हांगकांग का हैंगसेंग 0.46 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.45 प्रतिशत मजबूत रहा। सेंसेक्स ने 96 अंक बढ़कर 59,938.05 अंक पर कारोबार की शुरुआत की लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 59,857.80 अंक के निचले स्तर तक फिसल गया।

# सिएट इंटेलिजेंट टायर बनाने की तैयारी में

नयी दिल्ली। दुनिया भर में 100 से अधिक देशों में विक्रय कर रही भारतीय टायर निर्माता कंपनी सिएट लिमिटेड स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग और सेंसर के साथ लोडेड इंटेलिजेंट टायर का आविष्कार करने के लिए एडब्ल्यूएस का उपयोग कर रही है, जो टायरों में अलग अलग डेटा पॉइंट्स जैसे घिसाव के बारे में बता सकते हैं। अमेजन डॉटकॉम कंपनी अमेज़न वेब सर्विसेज (एडब्ल्यूएस) ने आज यह घोषणा करते हुये कहा कि इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी), एनालिटिक्स और बिजनेस इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग सहित एडब्ल्यूएस क्लाउड क्षमताओं का उपयोग करते हुए, सिएट मैन्युफैक्चरिंग एफिसिएन्सी को अनलॉक करने, एडब्ल्यूएस पर एसएपी के साथ डेटा-ड्रिवेन डिसीजन लेने और इनोवेटिव डिजिटल सर्विसेस लॉन्च करने के लिए कारखानों का डिजिटाइज कर रही है। एडब्ल्यूएस सर्विसेज का उपयोग करके, सिएट एक सलूशन डेवेलप करने में सक्षम हुआ जो ऑटोमैटिक रूप से रेकमेंड करता है कि हिस्ट्री और रीयल-टाइम सप्लाई के आधार पर टायर डीलरों को कौन से टायर ऑर्डर करने चाहिए, जिससे कस्टमर एक्सपीरिएंस में सुधार हो सके।

एडब्ल्यूएस में माइग्रेट करने से पहले, सिएट का ऑन-प्रिमाइसेस इंफ्रास्ट्रक्चर नई डिजिटल सर्विसेज की मांग के अनुरूप नहीं था। एजिलिटी में सुधार और इनोवेशन में तेजी लाने के लिए पहले कदम के रूप में, सिएट ने एडब्ल्यूएस पर एक आधुनिक एसएपी एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग (ईआरपी) प्लेटफॉर्म इम्प्लीमेंट किया। फिर एक एडब्ल्यूएस सर्विस अमेज़न क्विकसाइट का उपयोग करते हुए, जो सिएट कर्मचारियों को डेटा को आसानी से समझने में मदद करती है, सिएट ने फ़ैक्टरी और एंटरप्राइज़ डेटा का उपयोग करके रीयल-टाइम एनालिटिक्स डैशबोर्ड सेट अप किया। डेटा एनालिटिक्स ने कंपनी को सुरक्षित राइड के लिए इनोवेटिव और हाई क्वालिटी वाले टायर डेवेलप करने में मदद करने की इनसाइट को अनलॉक किया, जिसमें कमर्शियल फ्लीट ऑपरेटरों के लिए इंटेलिजेंट टायर भी शामिल हैं।

इंटेलिजेंट टायर में क्लाउड से जुड़े बिल्ट-इन टेलीमेट्री सेंसर होते हैं, जो लीक और टायर फेलियर का पता लगाने के लिए प्रेशर और तापमान सहित टायर डेटा रिकॉर्ड करते हैं। यह इनसाइट फ्लीट ऑपरेटर के व्हीकल डाउनटाइम को कम करती है और सड़क दुर्घटनाओं को रोकती है।

अपने मैन्युफैक्चरिंग प्रोसेस को डिजिटाइज़ करने के लिए, जिसके लिए 250 कच्चे माल की आवश्यकता होती है, सिएट कनेक्टेड प्रोडक्शन मशीन, जैसे क्योरिंग प्रेस, को क्लाउड से जोड़ता है और अमेज़न सिंपल स्टोरेज सर्विस (अमेज़न एस3) पर डेटा लेक का निर्माण करता है। यह लेक बड़े पैमाने पर सिएट ऑपरेशन के स्ट्रक्चर्ड और अनस्ट्रक्चर्ड डेटा को सुरक्षित रूप से स्टोर करती है, फैक्ट्री ऑपरेशन के बारे में सिएट के दृष्टिकोण में सुधार करती है और लाइन मैनेजर्स को कारखाने के संचालन की बारीकी से निगरानी करने में मदद करती है। उदाहरण के तौर पर, टायर-क्योरिंग प्रेस में लीक के बारे में प्रेडिक्ट करने के लिए सिएट क्लाउड में और एज पर मशीन लर्निंग मॉडल के बिल्डिंग, ट्रेनिंग और डिप्लॉयमेंट के लिए अमेज़न सेजमेकर, एडब्ल्यूएस सर्विस का उपयोग करता है। यह प्रेडिक्शन फ़ैक्टरी लाइन स्टॉपेज को कम करके और टायर की गुणवत्ता में सुधार करके टायर की बर्बादी को कम करती है।

# होटल, रेस्त्रां उद्योग ने ऋण गारंटी योजना के विस्तार का किया स्वागत

एजेंसी

नयी दिल्ली। होटल एवं रेस्त्रां उद्योग ने कोरोना महामारी काल में छोटे और मझोले उद्यमों की मदद के लिए शुरू की गयी आपातकालीन ऋण सहायता गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) के तहत होटल एवं पर्यटन क्षेत्र हेतु विशेष रूप से 50 हजार करोड़ रुपये के अतिरिक्त कर्ज की गारंटी सुविधा देने के मंत्रिमंडल के निर्णय का स्वागत किया है।

इस क्षेत्र की इकाइयों के मंच फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएचआरएआई) ने कहा है कि आतिथ्य क्षेत्र को अतिरिक्त ऋण की बहुत आवश्यकता थी, क्योंकि यह क्षेत्र अब भी बड़े पैमाने पर कर्ज से जूझ रहा है और साथ ही व्यवसाय को चालू रखने की कोशिश कर रहा है।

फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएचआरएआई) के उपाध्यक्ष गुरबख्शीश सिंह कोहली ने एक बयान में कहा, विशेष रूप से आतिथ्य, यात्रा और पर्यटन क्षेत्रों के लिए 50,000 करोड़ रुपये के अतिरिक्त ईसीएलजीएस को मंजूरी देने का केंद्रीय मंत्रिमंडल का निर्णय स्वागत योग्य है। आतिथ्य क्षेत्र को अतिरिक्त ऋण की बहुत आवश्यकता थी, जो अभी भी बड़े पैमाने पर कर्ज से जूझ रहा है और साथ ही व्यवसाय को चालू रखने की कोशिश कर रहा है।

श्री सिंह ने कहा है कि यात्रा में तेजी आई है और पर्यटन स्थलों में पुनरुद्धार देखा जा रहा है पर होटल-रेस्त्रां क्षेत्र के कई प्रतिष्ठान पर्याप्त तरलता के बिना संचालन को बनाए नहीं रख सकते हैं। उन्होंने उम्मीद जाहिर की है कि ईसीएलजीएस व्यवसायों को पहियों को गति में रखने के लिए कुछ और समय खरीदने में मदद कर सकता है।

# व्हाइटओक कैपिटल ने निवेशकों के लिए पेश की दो नयी कोष योजनाएं

एजेंसी

मुंबई। व्हाइटओक कैपिटल म्यूचुअल फंड ने बुधवार को शेयरों में निवेश वाली दो नयी निवेश कोष योजनाएं (एनएफओ) पेश करने की घोषणा की जिसमें एक मिड कैप और दूसरा कर बचत (टैक्स सेवर) निवेश कोष योजना है। कंपनी की एक विज्ञप्ति के मुताबिक व्हाइटओक कैपिटल मिड कैप फंड एनएफओ में 30 अगस्त तक निवेश का अवसर होगा। व्हाइटओक कैपिटल मिड कैप फंड पोर्टफोलियो के करीब 65 फीसदी में मिडकैप (शेयर पूंजी के हिसाब से मध्यम आकार की कंपनियों के) शेयर शामिल होंगे। बचा हुआ आवंटन बड़ी पूंजी (लार्ज कैप) और छोटी पूंजी (स्मॉल कैप) दोनों तरह की कंपनियों के लिए होगा। व्हाइटओक कैपिटल टैक्स सेवर फंड एनएफओ 23 सितंबर तक खुला रहेगा और इसमें निवेश आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 80सी के तहत कर छूट के दायरे में आएगा। इसमें लंबे समय में धन सृजन के अवसर के साथ इसमें तीन साल की लॉक इन अवधि दी गई है। व्हाइटओक कैपिटल म्यूचुअल फंड के सीआईओ रमेश मंत्री ने कहा, कई मिड और स्मॉलकैप कंपनियां विनिर्माण और निर्यात उन्मुख गतिविधियों में वृद्धि से लाभान्वित होने वाली हैं।

# एलआईसी एमएफ लार्ज एंड मिड कैप फंड ने दिया 12.49 प्रतिशत वार्षिक रिटर्न

नयी दिल्ली। खुले विकल्पों वाली इक्विटी योजना एलआईसी एमएफ लार्ज एंड मिड कैप फंड ने अपनी स्थापना (फरवरी 2015) के बाद से डायरेक्ट (जी) विकल्प के तहत शीर्ष स्तर के बेंचमार्क सूचकांक को पीछे छोड़ते हुए 12.49 प्रतिशत वार्षिक रिटर्न दिया है।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि यह फंड लार्ज कैप और मिड कैप दोनों किस्म के शेयरों में निवेश करता है।

एलआईसी एमएफ लार्ज एंड मिड कैप फंड का 31 जुलाई 2022 तक अलग-अलग अवधि के लिए वार्षिक प्रदर्शन इस तरह रहा - पाँच साल के लिए 11.44 प्रतिशत, तीन साल के लिए 18.83 प्रतिशत और एक साल के लिए 9.16 प्रतिशत रहा।

एलआईसी एमएफ लार्ज एंड मिड कैप फंड सीएजीआर लार्ज और मिड कैप खंड में बाकी 26 स्कीम के मुकाबले भी बेहतर है और इसने औसत से बेहतर मुनाफा दिया है। 31 जुलाई, 2022 तक, पूरे लार्ज और मिड कैप फंड श्रेणी की कुल प्रबंधनाधीन परिसंपत्ति (एयूएम) 1.17 लाख करोड़ रूपये रही, जबकि एलआईसी लार्ज और मिड कैप फंड की प्रबंधनाधीन परिसंपत्ति 1,8 31.26 करोड़ रूपये रही ।

एलआईसी एमएफ लार्ज एंड मिड कैप शेयरों के लिए एकमुश्त विकल्प के तहत न्यूनतम निवेश 5,000 रूपये का हो सकता है। जुलाई 2022 तक एलआईसी एमएफ लार्ज एंड मिड कैप फंड के लिए शीर्ष पाँच खंड बैंक (15.62 प्रतिशत) आईटी एवं सॉफ्टवेयर (9.67 प्रतिशत), रसायन और पेट्रोकेमिकल (8.81 प्रतिशत), टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद (8. 69 प्रतिशत), और औद्योगिक उत्पाद (7.38 प्रतिशत) हैं। अन्य खंड हैं खुदरा बिक्री, दवा और जैव प्रौद्योगिकी, गैस, वित्त एवं अवकाश (यात्रा, पर्यटन और मनोरंजन) सेवाएं, पूंजी बाजार और पेट्रोलियम उत्पाद।

शीर्ष 5 कंपनी होल्डिंग्स में आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस, एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज़ और रिलायंस इंडस्ट्रीज़ शामिल है।

# घटिया प्रेशर कुकर बेचने के मामले में फ्लिपकार्ट पर एक लाख रुपये का जुर्माना

नयी दिल्ली। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने स्थापित मानकों के हिसाब से घटिया घरेलू प्रेशर कुकर की बिक्री के लिए ऑनलाइन बाजार मंच फ्लिपकार्ट पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

केंद्रीय उपभोक्ता मामलों, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि प्राधिकरण ने फ्लिपकार्ट को ऐसे 598 प्रेशर कुकरों के खरीदारों को खामी की सूचना देने तथा इन प्रेशर कुकरों को वापस लेने और उपभोक्ताओं को उनकी कीमतों की प्रतिपूर्ति करने के निर्देश दिए हैं। विज्ञप्ति के अनुसार कंपनी को इन आदेशों का अनुपालन कर 45 दिनों के भीतर अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि कंपनी को अपने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर ऐसे प्रेशर कुकर की बिक्री की अनुमति देने और उपभोक्ताओं के अधिकारों का उल्लंघन करने पर एक लाख रुपये का जुर्माना देने का भी निर्देश दिया गया है।

केंद्र सरकार ने 01 फरवरी 2021 से घरेलू प्रेशर कुकर (गुणवत्ता नियंत्रण) आदेश 2347:2017 अनिवार्य किया है। विज्ञप्ति के अनुसार सीसीपीए ने पाया कि फ्लिपकार्ट के उपयोग की शर्तों में उत्पाद के प्रत्येक चालान पर पावर्ड बाय फ्लिपकार्ट शब्दों का अनिवार्य उपयोग और विभिन्न लाभों के वितरण के लिए विक्रेताओं को सोने, चांदी और कांस्य के रूप में प्रतिष्ठित करने के प्रावधान किए गए थे। ये बातें प्रेसर कुकर की बिक्री में फ्लिपकार्ट द्वारा निभाई गई भूमिका की भूमिका को इंगित करती हैं। फ्लिपकार्ट ने ऐसे प्रेशर कुकर की बिक्री के माध्यम से कुल 1,84,263 रुपये अर्जित किए थे।

उपभोक्ताओं के बीच जागरूकता और गुणवत्ता जागरूकता बढ़ाने के लिए, सीसीपीए ने केंद्र सरकार द्वारा प्रकाशित क्यूसीओ का उल्लंघन करके बेचे जाने वाले खास कर हेलमेट, घरेलू प्रेशर कुकर और रसोई गैस सिलेंडर पर रोकने के लिए एक देशव्यापी अभियान शुरू किया है।

सीसीपीए ने देश भर के जिला कलेक्टरों को इस तरह के उत्पादों के निर्माण या बिक्री से संबंधित अनुचित व्यापार प्रथाओं और उपभोक्ता अधिकारों के उल्लंघन की जांच करने और कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए लिखा है। इस अभियान के तहत 1,435 प्रेशर कुकर और 1,088 हेलमेट बीआईएस द्वारा जब्त किए गए हैं।

### बैंक ऑफ बड़ौदा ने बांड से जुटाए 1000 करोड़ रुपये

मुंबई। सरकारी क्षेत्र के उपक्रम बैंक ऑफ बड़ौदा ने बुधवार को कहा कि उसने दीर्घकालिक बांड जारी करके 1000 करोड़ रुपये की पूंजी जुटायी है। बैंक ने कहा है कि इस धन के आधार पर वह बुनियादी ढांचा विकास और किफायती आवास क्षेत्र की परियोजनाओं को कर्ज सहायता बढ़ाएगा। बैंक ने कहा है कि उसे इस बांड निर्गम के लिए कुल 4714.40 करोड़ रुपये की बोलियां मिली थीं। उसने 1000 करोड़ रुपये के बांड जारी करने की बोलियां स्वीकार की हैं।

# राउरकेला स्टील प्लांट की हॉट स्ट्रिप मिल-2 ने दैनिक उत्पादन में स्थापित किया नया कीर्तिमान

भुवनेश्वर। सार्वजनिक क्षेत्र के राउरकेला स्टील प्लांट (आरएसपी) की हॉट स्ट्रिप मिल-2 ने 15 अगस्त को दैनिक उत्पादन का एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। आरएसपी द्वारा बुधवार को जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि सोमवार को उसकी यह हॉट स्ट्रिप मिल-2 में 7073 टन स्टील स्लैब और कुल 6896 टन वजन की 320 कॉयल का उत्पादन किया। आरएसपी ने कहा है कि यह उसकी इस मिल का सर्वोच्च दैनिक उत्पादन है। पिछला रिकॉर्ड 19 जून का था, जिस दिन इस मिल में 6818 टन स्लैब और 6689 टन कॉयल का उत्पादन किया गया था। इसके अलावा, 15 अगस्त को इस मिल में किसी शिफ्ट में अब तक का सबसे अधिक उत्पादन का रिकॉर्ड भी बना। उस दिन बी-शिफ्ट में 2735 टन स्लैब और 2670 एचआर कॉयल का उत्पादन हुआ। इससे पहले इसी माह आठ तारीख को यहां एक शिफ्ट में 2600 टन स्लैब और 2524 टन एचआर कॉयल का नया रिकॉर्ड बना था।



आरएसपी के निदेशक अतनु भौमिक ने हॉट स्ट्रिप मिल-2 के कर्मियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि अमृत काल की यात्रा की यह गौरवपूर्ण शुरुआत है। इस मिल की क्षमता सालाना 30 लाख टन की विश्वस्तरीय गुणवत्ता के हॉट रोल कॉयल बनाने की है। इस मिल में निर्माण कार्य में काम आने वाले कार्बन स्टील, उच्च शक्ति वाले निम्न मिश्रण के इस्पात, हाई कार्बन स्टील, एलपीजी सिलेंडर में इस्तेमाल होने वाली स्टील पाइप स्टील और वाहनों में इस्तेमाल की जाने वाले इस्पात का उत्पादन किया जाता है।

### शक्कर में खरीदी, साबूदाना सस्ता, खाद्य तेलों में नरमी, दलहनो में मजबूती, दालें सस्ती, चावल सामान्य

इंदौर। सियागंज किराना बाजार में शक्कर में खरीदी रही। मांग कमी से साबूदाना सस्ता बिका। खाद्य तेल नरमी लिए रहे। सोयाबीन रिफाइंड घटा बताया गया। तिलहन में लिवाली रही। दलहनो में मजबूती दर्ज की गई। दालों में भाव मंदे बोले गए। चावल में कामकाज सामान्य बताया गया। शक्कर में उठाव रहा। आज शक्कर में कामकाज 3620 से 3660 रुपये के स्तर पर चला। शक्कर में 08 गाड़ी आवक हुई। खोपरा गोला, खोपरा बूरा, हल्दी में कामकाज सामान्य रहा। साबूदाना में मांग सुस्ती से नरमी रही। खाद्य तेल में पूछपरख सुस्त बताई गई। आज सोयाबीन रिफाइंड में भाव कम हुए। तिलहन में प्लान्टो की लिवाली बनी बताई गई। इससे सरसों महंगी बिकी। स्थानीय संयोगितागंज अनाज मंडी में दलहन मजबूती लिए रहे। आज तुअर ऊंची होकर बिकी। दालों में मांग घटी बताई गई। इससे मूंग मोगर तथा उड़द मोगर सस्ती बिकी। आज चावल में उठाव बना रहा। शक्कर 3620 से 3660 रुपये प्रति क्विंटल। खोपरा गोला 180 से 205 रुपये प्रति किलोग्राम। खोपरा बूरा 2000 से 3500 रुपये प्रति 15 किलोग्राम। हल्दी खडी 100 से 162 रुपये प्रति किलोग्राम। साबूदाना 5800 से 7400, पैकिंग में 7600 से 7800 रुपये प्रति क्विंटल। सरसों निमाड़ी 5900 से 6150, रायडा 5700 से 5900 रुपये प्रति क्विंटल। मूंगफली तेल इंदौर 1650 से 1670, सोयाबीन रिफाइंड इंदौर 1240 से 1245, सोयाबीन साल्वेंट 1210 से 1215, पाम तेल 1335 से 1340 रुपये प्रति 10 किलो।

# अडाणी एग्री फ्रेश ने दो दिन में खरीदे 2000 टन सेब

शिमला । हिमाचल प्रदेश में सेब खरीदने वाली निजी कंपनियों के खिलाफ फैलाई जा रही अफवाहों और खराब मौसम के बावजूद अडाणी एग्री फ्रेश ने दो दिनों में 2000 टन सेब खरीदें हैं।




कंपनी ने खरीद केन्द्र के बाहर किसानों की लम्बी कतारों को देखते हुए उन्हें हर प्रकार की सुविधा मुहैया कराने की तैयारी शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है की अडाणी एग्री फ्रेश ने 15 अगस्त से सेब खरीदने का वार्षिक कार्यक्रम शुरू किया है और पिछले साल के मुकाबले में इस साल चार रूपए ज्यादा पर खरीदी सीजन की शुरुआत की गयी है। ये कीमतें मंडियों द्वारा तय किये गए मूल्य से ज्यादा होने के साथ ही कई तरह की अतिरिक्त सुविधाओं की वजह से सेब किसानों के बीच निजी कंपनियों की लोकप्रियता भी बढ़ी है।

कंपनी के रामपुर स्थित खरीद केन्द्र के बाहर सेब किसान गोपाल ठाकुर ने बताया कि वह पिछले करीब 15 साल से अडाणी एग्री फ्रेश को ही अपने सेब बेचते आये हैं।

यहाँ कीमत तो अच्छी मिलती ही है, साथ में क्रेट इत्यादि की सुविधा भी दी जाती है।

साल-दर-साल के सम्बन्ध के चलते हमारी सेब की पैदावार भी अच्छी होनी लगी है और हमारी आमदनी में भी इज़ाफ़ा होता रहा है।

गोपाल ठाकुर की रामपुर में ही सेब की बाग़वानी है और पिछले दो दिनों में 200 किलो सेब अडाणी एग्री फ्रेश को बेच चुके हैं। बुधवार को मौसम खराब होने के बाद भी कंपनी के तीन खरीद केन्द्रों रामपुर, रोहरु और सैंज में किसानों की लम्बी कतार देखी गयी। व्यवस्था बनाये रखने और सुचारु रूप से सेब खरीदने की प्रक्रिया को चलाने के लिए कंपनी ने कुछ अतिरिक्त इंतज़ाम भी किये हैं ताकि अपनी बारी का इंतज़ार करते हुए किसानों को खुले में ना रहना पड़े।

कंपनी के एक अधिकारी ने कहा कि इनमें से कई किसानों से उनका वर्षों पुराना सम्बन्ध है। हर साल हज़ारों की संख्या में नए बाग़वान उनकी कंपनी से जुड़ते रहते हैं।

यहाँ बड़े या छोटे बागवानों में कोई भेद नहीं किया जाता है और सबको उचित मूल्य दिया जाता है। सेंटरों में खरीदी की दौरान किसानों के रुकने इत्यादि की व्यवस्था भी होती है हर काम को सुचारु रूप से किया जाता है।

सैंज केन्द्र पर अपने सेब को बेचने आये स्थानीय बागवान नरवीर सिंह ठाकुर ने कंपनी द्वारा तय किये गए मूल्यों की सराहना करते हुये कहा कि इस साल उनकी बम्पर पैदवार हुई है तो इस मूल्य के आधार पर उनकी कुल आमदनी पहले से अच्छी ही होगी। सरकार द्वारा मूल्य तय करने के लिए कुछ बातें हुई थी लेकिन अभी तक उनका कोई परिणाम नहीं निकला है। इस साल उनकी फसल जल्दी तैयार हो गयी थी इसलिए वह इंतज़ार कर पाने की स्थिति में नहीं है।

### रुपया 29 पैसे मजबूत

मुंबई। दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर में मजबूती के बावजूद घरेलू शेयर बाजार में लगातार जारी तेजी की बदौलत आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 29 पैसे चढ़कर 79.45 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी दिवस रुपया 12 पैसे गिरकर 79.74 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था। शुरुआती कारोबार में रुपया 42 पैसे की छलांग लगाकर 79.32 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। सत्र के दौरान बिकवाली से समर्थन पाकर यह 79.26 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया जबकि लिवाली के दबाव में 79.48 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 79.74 रुपये प्रति डॉलर की तुलना में 29 पैसे मजबूत होकर 79.45 रुपये प्रति डॉलर पर रहा। विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी फेडरल रिजर्व की जुलाई में हुई बैठक के मिनट्स जारी होने वाले हैं।

# एनटीपीसी की कुल स्थापित क्षमता 69454 मेगावॉट तक पहुंची

नयी दिल्ली। देश की सबसे बड़ी एकीकृत विद्युत उत्पादक कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड ने इस वर्ष 15 अगस्त को गुजरात के एनटीपीसी कावास में 56 मेगवॉट की कावस सोलर पीवी परियोजना की शुरूआत के साथ कुल स्थापित 69454 मेगावॉट की स्थापित वाणिज्यक क्षमता हासिल कर ली है।

कंपनी ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''एनटीपीसी अपने मौजूदा स्टेशनों में नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं तथा नयी नवीकरणीय ऊर्जा (आरई) परियोजनाओं के माध्यम से ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को कम कर कामकाज में कार्बन उत्सर्जन का स्तर कम करने के प्रयासों को निरंतर जारी रखे हुए है।

विज्ञप्ति के अनुसार कंपनी ने अपने विभिन्न विद्युत स्टेशनों में 9,50,000 पीवी मोड्युल्स लगाने और 1300 एकड़ से अधिक जलाशय क्षेत्रफल पर 262 मेगावॉट फ्लोटिंग सोलर की योजना बनाई है।

बयान के मुताबिक जलाशयों पर 242 मेगावॉट की परियोजनाओं की शुरूआत हो चुकी है। इनमें तेलंगाना के रामागुंडम में 100 मेगावॉट का देश का सबसे बड़ा फ्लोटिंग सोलर, केरल के कायमकुलम में 92 मेगावॉट, सिम्हाद्री, आन्ध्र प्रदेश और गुजरात के कावस में 25-25 मेगावॉट क्षमता की परियोजना शामिल है। इन परियोजनाओं से 2,00,000 से अधिक परिवारों को रोशनी मिलेगी और साथ ही कार्बन डाई ऑक्साईड के उत्सर्जन में भी वार्षिक पांच लाख टन से अधिक सालाना कमी आएगी और 5000 अरब लीटर पानी की बचत भी होगी जो एक साल में 15,000 परिवारों की पानी की ज़रूरत को पूरा करने के लिए पर्याप्त हो सकता है।

एनटीपीसी समूह ने 2032 तक 60,000 मेगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा का लक्ष्य रखा है। वर्तमान में एनटीपीसी की नवीकरणीय क्षमता 2300 मेगावॉट है। कंपनी 3900 मेगावॉट की परियोजनाओं पर काम जारी है तथा उसकी 4900 मेगावॉट क्षमता की नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं क्षमता निविदा प्रक्रिया में है।

## शार्ट न्यूज

### बेंगलुरु, ओडिशा ने जीत के साथ की डूरंड कप की शुरुआत

गुवाहाटी। बेंगलुरु एफसी ने बुधवार को ग्रुप-ए मुकाबले में जमशेदपुर एफसी को 2-1 से मात देकर अपने डूरंड कप अभियान की शुरुआत जीत के साथ की। बेंगलुरु के लिये सुनील छेत्री (23%) और रॉय कृष्णा (56%) ने एक-एक गोल किया, जबकि जमशेदपुर का एकलौता गोल ऋषि (61%) ने किया। बेंगलुरु ने मज़बूत शुरुआत करते हुए पहले हाफ में कई मौके बनाये। 12वें मिनट में दानिश फारूक और उदांता ने गोल के प्रयास किये जिन्हें मोहित ने रोक लिया, लेकिन 23वें मिनट में छेत्री ने सफलतापूर्वक बेंगलुरु का पहला गोल किया। पहले हाफ में जहां सुनील ने गोल से टीम को बढ़त दिलायी, वहीं दूसरे हाफ में उन्होंने रॉय के साथ असिस्ट किया। मैच के 56वें मिनट में सुनील ने बेंगलुरु के लिये पदार्पण कर रहे रॉय को पास दिया। रॉय ने गेंद को गोल में पहुंचाते हुए बेंगलुरु की बढ़त को दोगुना कर दिया। जमशेदपुर की ओर से ऋषि ने 61वें मिनट में गोल करते हुए टीम को मैच में वापस लाना चाहा, लेकिन बेंगलुरु ने आक्रामकर रवैया अपनाए रखा और प्रतिद्वंदियों को कोई मौका नहीं दिया। दिन के दूसरे मुकाबले में ओडिशा यूनाइटेड एफसी ने ग्रुप डी की अपनी प्रतिद्वंदी नॉर्थईस्ट एफसी को एकतरफा रूप से 6-0 से हराया। इसी के साथ बेंगलुरु तीन पॉइंट हासिल कर ग्रुप-ए में दूसरे स्थान पर और ओडिशा ग्रुप-डी में पहले स्थान पर आ गयी है।

### पंजाब महिला हॉकी टीम के लिए 30 संभावित खिलाड़ियों का चयन

जालंधर। गुजरात में होने वाले 36वें राष्ट्रीय खेल 2022 में भाग लेने वाली पंजाब महिला हॉकी टीम के लिए 30 संभावित हॉकी खिलाड़ियों का चयन किया गया है। हॉकी पंजाब की तदर्थ समिति के सदस्य ओलंपियन बलविंदर सिंह शम्मी ने बुधवार को बताया कि 30 सितंबर से सात अक्टूबर तक राजकोट (गुजरात) में शुरू होने वाले 36वें राष्ट्रीय खेल 2022 में भाग लेने वाली पंजाब महिला हॉकी टीम के चयन हेतु बलदेव सिंह (द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित), ओलंपियन बलविंदर सिंह शम्मी, सुखजीत कौर (अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी) और कोच अमरजीत सिंह की चयन समिति ने 30 संभावित हॉकी खिलाड़ियों का चयन किया है। इस टीम में गुरजीत कौर, सियामी (दोनों ओलंपियन), योगिता बाली, नवप्रीत कौर, राजविंदर कौर, बलजीत कौर, जसप्रीत कौर, रणसनप्रीत कौर, हरदीप कौर, रितु रानी, गगन, प्रियंका, रोन्सेलीन रिलेटा, रिंट (सभी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी), सिमरन चोपड़ा, जसदीप कौर, कमलप्रीत कौर, ज्योतिका, किरणदीप कौर (सीनियर), नवजोत कौर, किरणदीप कौर (जूनियर), महिमा , काजल, अमरदीप कौर, सिमरन सैनी, प्रियंका (जूनियर), तरणप्रीत कौर, शालू, सोनी और रीना (सभी राष्ट्रीय खिलाड़ी) का नाम शामिल है। शम्मी ने कहा कि इन 30 संभावित खिलाड़ियों के लिए पांच से 25 सितंबर तक अमृतसर के गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी एस्ट्रोटर्फ हॉकी ग्राउंड में कोचिंग कैंप का आयोजन किया जाएगा ।

### आईसीसी ने अमिताभ चौधरी के निधन पर जताया शोक

दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व प्रशासक और आईसीसी निदेशक अमिताभ चौधरी के निधन पर शोक व्यक्त किया। पूर्व क्रिकेट प्रशासक एवं भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पूर्व अधिकारी चौधरी का मंगलवार सुबह रांची के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 58 वर्ष के थे। आईसीसी के मुख्य कार्यकारी ज्योफ एलार्डिस ने कहा, अमिताभ चौधरी के निधन का समाचार सुनकर दुख हुआ। आईसीसी की ओर से मैं बीसीसीआई में अपने सहयोगियों के साथ-साथ उनके परिवार और दोस्तों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। सूत्रों के अनुसार, चौधरी जब सुबह अपने घर के लॉन में टहल रहे थे तभी उन्हें दिल का दौरा पड़ा था और वह अचानक गिर गए थे। इसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पूर्व आईपीएस चौधरी 2002 में बीसीसीआई के सदस्य बने। वर्ष 2005 में उन्होंने तत्कालीन उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो को हराया और झारखंड राज्य क्रिकेट संघ के अध्यक्ष बने।

### राष्ट्रीय टीम में वापसी करना चाहते हैं रसेल

लंदन। वेस्ट इंडीज़ के स्टार ऑलराउंडर आंद्रे रसेल ने इस साल ऑस्ट्रेलिया में होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप के लिये राष्ट्रीय टीम में वापसी की मंशा जताई है। उल्लेखनीय है कि रसेल पिछले साल यूएई में हुए टी20 विश्व कप 2020 के बाद से टीम से बाहर हैं, हालांकि अपने हमवतन और पूर्व क्रिकेटर डैरेन सैमी से स्काई स्पोर्ट्स पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि वह अपने देश के लिये एक और विश्व कप जीतने की इच्छा रखते हैं। रसेल ने कहा, मैं हमेशा खेलना और टीम का कर्ज चुकाना चाहता हूं, लेकिन अगर हम कुछ शर्तों पर राजी नहीं हैं... उन्हें भी मेरी कुछ शर्तों का सम्मान करना चाहिये। अंततः, जो है सो है। उन्होंने कहा, हमारे परिवार भी हैं, और हमें यह सुनिश्चित करना होता है कि हम अपने एकलौते करियर को सर्वश्रेष्ठ अवसर प्रदान करें। ऐसा नहीं है कि मैं दोबारा अपने करियर की शुरुआत कर सकता हूं। मेरी उम्र 34 साल है और मैं वेस्ट इंडीज के लिये एक या दो और विश्व कप जीतना चाहता हूं। रसेल अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में 67 टी20 खेल चुके हैं और वेस्ट इंडीज़ की दोनों टी20 विश्व कप जीतों (2016, 2021) में टीम का हिस्सा रहे हैं। वह ऑस्ट्रेलिया जाने वाली टीम का हिस्सा बनने के लिये भी उत्सुक हैं। उन्होंने कहा, मरून (वेस्ट इंडीज़ की जर्सी का रंग) पूरी तरह छाया हुआ है।

### अंडर-20 विश्व चैंपियनशिप : भारत ने जीते चार कांस्य

सोफिया (बुल्गारिया)। भारतीय पुरष फ्रीस्टाइल कुश्ती टीम ने विश्व अंडर-20 चैंपियनशिप में भारत का लोहा मनवाते हुए चार कांस्य पदक जीत लिये। अभिषेक ढाका ने मंगलवार को 57 किग्रा में कज़ाकस्तान के मेरे बज़रबायेव से क्वार्टरफाइनल मुकाबला हारने के बाद रेपचेज की बाधा को पार करते हुए कांस्य पदक जीता। ढाका ने रेपचेज बाउट में यूनान के एंड्रेयास पारोसिडिस को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर 12-2 से हराया, जबकि कांस्य पदक मुकाबले में उन्होंने यूक्रेन के हेओरी कज्नज़ी को 8-5 से मात दी। पिछले महीने ट्यूनीशिया में सीनियर ज़ौहैर शघेयर रैंकिंग सीरीज़ में स्वर्ण पदक जीतने वाले सुजीत ने पुरुषों के 65 किग्रा वर्ग में यूक्रेन के मायकीता जुबल को तकनीकी श्रेष्ठता से 12-1 से हराकर कांस्य पदक जीता। उन्होंने क्वार्टरफाइनल तक अपने सभी तीन मुकाबले बिना एक अंक गंवाए जीते, लेकिन सेमीफाइनल में अजरबैजान के जिराद्दीन बायरामोव से 6-2 से हार गए। 70 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में मुलायम यादव अजरबैजान के कानन हेबातोव से 5-3 से हार गए, लेकिन कांस्य पदक मुकाबले में उन्होंने गिगी कुरखुली जॉर्जिया को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर मात दी।

### युवा भारत के सामने नये ज़िम्बाब्वे की चुनौती

हरारे। युवा प्रतिभाओं से भरपूर भारतीय टीम गुरुवार को एक ऐसी ज़िम्बाब्वे से मुकाबला करने उतरेगी जिसने पिछले कुछ समय में अपेक्षाओं के विपरीत शानदार प्रदर्शन किया है। ज़िम्बाब्वे एक कमज़ोर टीम मानी जाती है, लेकिन इस साल उसने 2016 के बाद पहली बार टी20 विश्व कप के लिये क्वालीफाई किया, और फिर बांग्लादेश को टी20 (2-1) और एकदिवसीय श्रृंखला (2-1) में पटखनी दी। बांग्लादेश के खिलाफ खेली गयी श्रृंखला में ज़िम्बाब्वे को सिकंदर रज़ा और रायन बर्ल जैसे कई मैचविनर मिले। रज़ा ने इस साल खेले गये नौ एकदिवसीय मुकाबलों में दो शतक और दो अर्द्धशतक बनाए हैं। दूसरी ओर, भारतीय टीम में केएल राहुल लंबे समय बाद वापसी कर रहे हैं और एशिया कप की तैयारी के मद्देनज़र यह श्रृंखला उनके लिये बेहद महत्वपूर्ण है। वह आखिरी बार मई 2022 में हुए आईपीएल एलिमिनेटर के लिये मैदान पर उतरे थे।

## फीफा के साथ मामला उठाये सरकार : सुप्रीम कोर्ट

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को केंद्र सरकार से कहा कि वह भारतीय फुटबॉल को प्रतिबंधित करने के मामले में खेल के वैश्विक नियमन फीफा के साथ अच्छे तरीके से उठाये और यह सुनिश्चित करे कि अंडर-17 महिला विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट की मेज़बानी का मौका भारत के हाथ से न छूटे।

गौरतलब है कि भारतीय फुटबॉल से जुड़े संगठनों के विवाद के बीच फेडरेशन इंटरनेशनेल डी फुटबॉल एसोसिएशन (फीफा) ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) को 14 अगस्त, 2022 से निलंबित कर दिया है।

एआईएफएफ के मामले की सुनवाई कर रहे उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति धनंजय यशवंत चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति एस एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति जमशेद बुरजोर पारदीवाला की पीठ ने बुधवार को इस मामले को सुलझाने के लिए केन्द्र सरकार को फीफा के साथ 'सक्रियता के साथ बातचीत' करने का कहा।

पीठ ने सॉलिसिटर जनरल के अनुरोध के अनुसार एआईएफएफ से संबंधित मामले में सुनवाई अगली तारीख के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले आज जब मामले की सुनवाई शुरू हुई तो भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने शीर्ष अदालत को अवगत कराया कि केंद्र सरकार ने फीफा के सामने निलंबन का मुद्दा उठाया है।



उन्होंने कहा कि 'स्थिति पहले से बेहतर हुई है' और उन्होंने इस मामले में और जानकारी देने के लिए अदालत से अगले सोमवार तक का समय मांगा। पीठ ने इस मामले में अगली सुनवाई सोमवार, 22 अगस्त को मुकर्रर की है।

उल्लेखनीय है कि फीफा ने 'तीसरे पक्ष' के अनुचित हस्तक्षेप का हवाला देते हुए एआईएफएफ को 15 अगस्त को निलंबित कर दिया है। इसके फलस्वरूप भारत से फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट की मेजबानी भी छिन गयी है यह टूर्नामेंट भारत में अक्टूबर 2022 में कराया जाना था। फीफा ने 16 अगस्त को जारी एक बयान में कहा कि भारतीय फुटबॉल के मामले में तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप खत्म होने और प्रशासकों की समिति की नियुक्ति के आदेश के निरस्त होने के बाद तथा एआईएफएफ के रोजमर्रा के कार्य उसकी कार्यकारी समिति के हाथों में जाने के बाद निलंबन का आदेश हटाया जा सकता है।

## यूपी सेंट्रल जोन ताइक्वाण्डो चैंपियनशिप 19 अगस्त से

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 19 से 21 अगस्त के बीच खेली जाने वाली प्रथम यूपी सेंट्रल जोन ताइक्वाण्डो चैंपियनशिप में 18 जिलों के करीब 700 खिलाड़ी पदकों पर दावेदारी करने के लिए प्रतिस्पर्धा में उतरेंगे। उत्तर प्रदेश ताइक्वाण्डो संघ के तत्वावधान में लखनऊ जिला ताइक्वाण्डो संघ चौक स्टेडियम में चैंपियनशिप का आयोजन करेगा। यूपी ताइक्वाण्डो संघ के अध्यक्ष सलिल सिंह टीटू ने बताया कि चैंपियनशिप में क्यूरगी व पूमसे के विभिन्न वर्गो में मुकाबले होंगे जिसमें सीनियर, कैडेट, सब जूनियर व जूनियर आयु वर्ग में क्यूरगी व पूमसे वर्ग में दांव पर लगे 89 स्वर्ण, 89 रजत व 178 कांस्य पदकों के लिए प्रतिस्पर्धा होगी। चैंपियनशिप का औपचारिक उद्घाटन 20 अगस्त को किया जाएगा जबकि 19 अगस्त को टीम रजिस्ट्रेशन व खिलाड़यों का भार होगा। प्रदेश ताइक्वाण्डो संघ के सचिव व लखनऊ जिला ताइक्वाण्डो संघ के अध्यक्ष चंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि चैंपियनाशिप में बालक व बालिकाओं में कैडेट आयु वर्ग में 10-10, जूनियर वर्ग में 10-10, सब जूनियर वर्ग के 12-12 और सीनियर वर्ग के 8-8 भार वर्गो सहित 80 भार वर्ग और पूमसे में नौ वर्गों के मुकाबले होंगे। लखनऊ जिला ताइक्वाण्डो संघ के सचिव व आयोजन सचिव सुभाष मौर्या ने बताया कि चैंपियनशिप में सेंट्रल जोन के अंतर्गत आने वाले 18 जिलों जैसे रायबरेली, लखनऊ, बहराइच, श्रावस्ती, फर्रुखाबाद, कन्नौज, अयोध्या, लखीमपुर खीरी, बरेली, सुल्तानपुर, फतेहपुर, बलरामपुर के लगभग 700 खिलाड़ी व अधिकारी भाग लेंगे।

## 2023-27 के दौरान इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो टेस्ट श्रृंखलाएं खेलेगा भारत

मुंबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को 2023-27 की अवधि के लिये पुरुषों के भविष्य दौरा कार्यक्रम (एफटीपी) की घोषणा की जिसके तहत भारत आगामी चार सालों में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो-दो टेस्ट श्रृंखलाएं खेलेगा।

आईसीसी द्वारा जारी होने वाला एफटीपी एक निश्चित समयावधि के दौरान होने वाले तीनों प्रारूपों के मुकाबलों की पुष्टि करता है, जबकि टीमें अपनी सहूलत के अनुसार इन मुकाबलों की तिथियां सुनिश्चित कर सकती हैं।

भारत अगले चक्र में अपने अभियान की शुरुआत जुलाई 2023 में वेस्ट इंडीज़ दौरे से करेगा। सीमित ओवर श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया की मेज़बानी करने के बाद भारतीय टीम दिसंबर 2023 में दक्षिण अफ्रीका जाएगी। आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2019-21 में दूसरे स्थान पर रहने वाली भारतीय टीम इस चक्र में अपनी पहली पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला इंग्लैंड के खिलाफ जनवरी 2024 में खेलेगी।

इसके अलावा भारत ऑस्ट्रेलिया में (नवंबर-जनवरी 2025), इंग्लैंड में (जून 2025) और घर पर (जनवरी-फरवरी 2027) ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में हिस्सा लेगा। जून 2018 में बेंगलुरू में टेस्ट में पदार्पण करने वाली अफगानिस्तान टीम 2026 में एक बार फिर भारत में अपना एकलौता टेस्ट मैच खेलेगी। आईसीसी क्रिकेट के महाप्रबंधक वसीम खान ने कहा, अगले चार वर्षों के लिए इस एफ़टीपी को बनाने में किए गए प्रयासों के लिए मैं अपने सदस्यों को धन्यवाद देना चाहता हूं। हम अविश्वसनीय रूप से भाग्यशाली हैं कि हमारे पास खेल के तीन जीवंत प्रारूप हैं।

## गोकुलम एफसी ने ताशकंद में फंसी महिला टीम के लिये प्रधानमंत्री कार्यालय से मदद मांगी

एजेंसी

नयी दिल्ली। श्री गोकुलम केरल एफसी ने उज़्बेकिस्तान के ताशकंद प्रांत में फंसी 23 सदस्यीय महिला फुटबॉल टीम की मदद के लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है।

श्री गोकुलम केरल एफसी की महिला टीम एएफसी महिला क्लब चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिये उज़्बेकिस्तान पहुंची थी, लेकिन फीफा द्वारा अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के निलंबन के बाद उन्हें प्रतियोगिता में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया गया है।

केरल के फुटबॉल क्लब ने बुधवार को ट्वीट किया, हमारी टीम 16 अगस्त 2022 की तड़के कोझीकोड से ताशकंद, उज्बेकिस्तान पहुंची। आगमन पर हमने विभिन्न मीडिया आउटलेट्स के माध्यम से सुना कि फीफा ने एआईएफएफ (अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ) पर प्रतिबंध लगा दिया है और क्लब अब अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में निलंबन हटाए जाने तक भाग लेने के हकदार नहीं हैं।

क्लब ने इस साल आई-लीग और भारतीय महिला लीग में जीत हासिल करके 23 अगस्त से शुरू होने वाली महिला क्लब चैम्पियनशिप के लिए क्वालीफाई किया था।

23 खिलाड़ियों की टीम को 26 अगस्त को बम खातून एफसी से खेलना था, लेकिन वह प्रतिबंध के बाद प्रतियोगिता में भाग नहीं ले पाएगी।

गोकुलम एफसी ने कहा, एशियाई फुटबॉल परिसंघ ने 16 अगस्त, 2022 को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ को एक पत्र भेजा जिसमें कहा गया था कि हमारा क्लब अब एएफसी महिला क्लब प्रतियोगिता 2022 में भाग लेने के योग्य नहीं है।

एआईएफएफ ने यह अनुमान लगाते हुए कि फीफा द्वारा एक दो दिनों के भीतर प्रतिबंध हटा लिया जाएगा, हमारे क्लब को कोई मेल या पत्र नहीं भेजा है।

उन्होंने कहा, इसके मद्देनज़र हम प्रधानमंत्री कार्यालय के अधिकारियों से इस मामले में हस्तक्षेप करने, फीफा प्रतिबंध को रद्द करने और हमें एएफसी महिला क्लब चैंपियनशिप में भारत के चैंपियन क्लब के रूप में शामिल करने के लिए सभी प्रयास करने का अनुरोध करते हैं।

उल्लेखनीय है कि फीफा ने तीसरे पक्ष के अनावश्यक हस्तक्षेप का हवाला देते हुए एआईएफएफ को निलंबित कर दिया था।

फीफा ने कहा कि प्रशासकों की समिति (सीओए) की नियुक्ति के निर्णय को निरस्त करने और एआईएफएफ के रोजमर्रा के कामों की जिम्मेदारी महासंघ की कार्यकारी समिति के हाथों में आने के बाद प्रतिबंध हटा लिया जाएगा।

## चीन की धमकियों के बाद अब ताइवान ने भी शुरू किया सैन्य अभ्यास, पेलोसी की यात्रा ने बढ़ाई कड़वाहट

हुआलीन। अमेरिकी स्पीकर नैंसी पेलोसी की यात्रा के बाद ताइवान और चीन के बीच कड़वाहट बढ़ गई है। ताइवान से पेलोसी के जाने के ठीक बाद चीन ने ताइवान के काफी करीब सैन्य अभ्यास किया था। ताइवान को खुली धमकी देते हुए चीन ने इस अभ्यास में अपने कई ताकवर विमानों को उड़ाया था। अब ताइवान अपनी क्षमता दिखाने के लिए सैन्या अभ्यास कर रहा है। ताइवान स्वशासित द्वीप पर चीन के राजनीतिक नियंत्रण को स्वीकार करने के लिए बीजिंग के दबाव का विरोध करने के वास्ते अपनी क्षमता को सैन्य अभ्यास के जरिये प्रदर्शित कर रहा है।

चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी की सैन्य शाखा पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के जहाजों और विमानों द्वारा ताइवान के समुद्री और हवाई क्षेत्र में चीनी मिसाइलों को दागने के कुछ दिनों के बाद दक्षिणपूर्वी काउंटी हुआलीन में बुधवार को सैन्य अभ्यास किया गया। ताइवान के रक्षा मंत्रालय के



प्रवक्ता सुन ली-फेंग ने हुआलीन वायुसेना अड्डे पर कहा, हम ताइवान के समुद्री और हवाई क्षेत्रों के आसपास कम्युनिस्ट चीन के लगातार सैन्य उकसावे की कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हैं जो क्षेत्रीय शांति को प्रभावित करता है।

### ताइवान बोला- नैंसी पेलोसी की यात्रा तो बहाना है

फेंग ने कहा, कम्युनिस्ट चीन के सैन्य अभियान हमें युद्ध के लिए तैयारी के प्रशिक्षण का अवसर प्रदान करते हैं। ताइवान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जोआन ओ ने कहा कि चीन अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी सहित अमेरिकी कांग्रेस के सदस्यों की हाल की यात्राओं का इस्तेमाल उसकी शर्तों को स्वीकार करने के लिए ताइवान को डराने धमकाने के प्रयासों के तहत एक बहाने के रूप में कर रहा है।

### चीन ने मंगलवार को कड़ किए प्रतिबंध

जोआन ओ ने कहा, चीन ने इन आधारों पर सैन्य उकसावे की शुरुआत की। यह बेतुका और एक बर्बर कृत्य है, जो क्षेत्रीय स्थिरता को भी कमजोर करता है और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में नौवहन और वाणिज्यिक गतिविधियों को प्रभावित करता है। चीन ने ताइवान की राजनीतिक हस्तियों पर मंगलवार को वीजा प्रतिबंध और अन्य प्रतिबंध लगाए। चीन ताइवान पर कोई प्रभावी कानूनी अधिकार नहीं रखता है और यह स्पष्ट नहीं है कि प्रतिबंधों का क्या प्रभाव पड़ेगा।

### कोई राजनयिक संबंध नहीं

चीन ने वाशिंगटन पर अमेरिकी राजनीतिक नेताओं और ताइवान की सरकार के बीच हथियारों की बिक्री के माध्यम से द्वीप की स्वतंत्रता को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। अमेरिका का कहना है कि वह स्वतंत्रता का समर्थन नहीं करता है और ताइवान के साथ उसका कोई औपचारिक राजनयिक संबंध नहीं है, लेकिन वह कानूनी रूप से यह सुनिश्चित करने के लिए बाध्य है कि ताइवान चीन से होने वाले खतरों के खिलाफ अपनी रक्षा कर सके।

### चार सौ अफगान परिवारों को चीन से मिली मदद

अयबक। अफगानिस्तान के उत्तरी समांगन प्रांत में कुल चार सौ परिवारों को बुधवार को चीन से सहायता मिली। प्रांतीय सरकार के अधिकारी वली मोहम्मद स्टानिकजई ने यह जानकारी दी। श्री स्टानिकजई ने कहा कि प्रांतीय राजधानी अयबक में आज सुबह प्रत्येक परिवार को 50 किलोग्राम चावल की बोरी मिली। अफगानिस्तान के युद्धग्रस्त और पैसों की कमी के संकट से जूझ रहे देश की 3.5 करोड़ आबादी में से करीब ढाई करोड़ लोग गरीबी से बदतर जिंदगी जी रहे हैं देश में संभावित मानवीय तबाही को रोकने में मदद करने के लिए चीन ने अफगानिस्तान को खाद्य आपूर्ति और सर्दियों के कपड़ों सहित 25 करोड़ युआन (लगभग 3.7 करोड डॉलर) की सहायता देने का वादा किया है ।

## 'रूस से हमारा खून खरीद रहा है भारत, तेल की हर बूंद में मिला है लहू'

कीव। रूस से तेल खरीदने को लेकर यूक्रेन ने भारत पर अपनी भड़ास निकाली है। यूक्रेन का कहना है कि रूस से कच्चा तेल खरीदकर भारत यूक्रेन का खून खरीद रहा है। बता दें कि यूक्रेन पर रूस ने 24 फरवरी को हमला किया था। उसके बाद अमेरिका और यूरोपीय देशों ने रूस पर कड़े प्रतिबंध लगाए हैं। लेकिन भारत ने पश्चिमी देशों की आलोचना के बावजूद रूस से तेल खरीदना जारी रखा। भारत ने यूक्रेन युद्ध के बाद तेल आयात बढ़ाया है और उसके साथ व्यापार भी जारी रखा है।

इस मुद्दे पर यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने बुधवार को कहा कि यूक्रेन को भारत से अधिक व्यावहारिक समर्थन की उम्मीद है। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, कुलेबा ने तर्क दिया कि यूक्रेन भारत का एक विश्वसनीय भागीदार रहा है, लेकिन रूस से कच्चा तेल खरीदकर, भारत असल में यूक्रेनी खून खरीद रहा है। भारत को लेकर यूक्रेन की ये सख्त टिप्पणियां ऐसे समय में आई हैं जब विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने हाल ही में कहा था कि तेल एवं गैस की "अनुचित रूप से अधिक" कीमतों के बीच सरकार का अपने लोगों के प्रति नैतिक दायित्व है।

यूक्रेनी विदेश मंत्री ने कहा, जब भारत [डिस्काउंट पर] रूस से कच्चा तेल खरीदता है, तो उसे यह समझना होगा कि इस डिस्काउंट की भरपाई कहीं और से नहीं बल्कि यूक्रेन के खून से होगी। भारत को मिलने वाले रूसी कच्चे तेल के हर बैरल में यूक्रेन का लहू मिला है। हम भारत के लिए मित्रवत रहे हैं। मैंने भारतीय छात्रों को निकालने में समर्थन किया था। हमें भारत से यूक्रेन को और अधिक व्यावहारिक समर्थन की उम्मीद थी। उन्होंने भारत और यूक्रेन को दो ऐसे लोकतंत्रों के रूप में बताया जिनमें आवश्यक समानताएं हैं और दो लोकतंत्रों को एक-दूसरे के साथ खड़ा होना है। इससे पहले विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा था कि रूस से तेल खरीदने के भारत के फैसले की अमेरिका और दुनिया के अन्य देश भले ही सराहना नहीं करें, लेकिन उन्होंने इसे स्वीकार कर लिया है कि नई दिल्ली ने अपने रुख का कभी बचाव नहीं किया। उन्होंने कहा कि भारत ने इसके साथ ही उन्हें यह एहसास कराया कि तेल एवं गैस की "अनुचित रूप से अधिक" कीमतों के बीच सरकार का अपने लोगों के प्रति नैतिक दायित्व है।

### सोमालिया में अमेरिकी हवाई हमले में अल-शबाब के 13 आतंकवादी ढेर

वाशिंगटन। अमेरिका ने सोमालिया में हवाई हमले में अल-शबाब के 13 आतंकवादियों को मार गिराया है। अफ्रीका कमान (अफ्रीकॉम) ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह हवाई हमला 14 अगस्त को सोमालिया के तीदान के पास एक दूरस्थ स्थान पर किया गया था। अफ्रीकॉम ने एक बयान में कहा, कमान का प्रारंभिक आकलन यह है कि हमलों में अल-शबाब के 13 आतंकवादी मारे गए थे इस हमले में कोई भी नागरिक घायल या मारा नहीं गया था। उल्लेनीय है कि वर्ष 1991 में सियाद बर्रे की तानाशाही के पतन के साथ एक एकीकृत राष्ट्र के रूप में सोमालियाई सरकार समाप्त हो गयी। अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने संघीय सरकार को एकमात्र वैध प्राधिकरण के रूप में मान्यता दी, जो राजधानी मोगादिशु और सोमालिया के कई क्षेत्रों को नियंत्रित करता है। अल-शबाब आतंकवादी समूह संघीय सरकार के खिलाफ सशस्त्र संघर्ष कर रहा है और सोमालिया के दक्षिणी और मध्य भागों के बड़े क्षेत्रों को नियंत्रित करता है। मई में अमेरिका ने अमेरिकी साझेदार बलों के लिए बढ़ते खतरे का मुकाबला करने के लिए आतंकवादी समूह के खिलाफ हमलों को फिर से शुरू करने का फैसला किया।

### ऑस्ट्रेलिया ने नए दूतावास के लिए रूस के भूमि के पट्टे को किया रद्द

मास्को/कैनबरा। ऑस्ट्रेलिया ने रूसी दूतावास के लिए एक नए भवन के निर्माण हेतु रूस द्वारा खरीदी गई भूमि के पट्टे को समाप्त कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्रीय राजधानी प्राधिकरण (एनसीए) ने बुधवार को यह जानकारी दी। प्राधिकरण ने बताया कि इस बारे में रूस को जानकारी दे दी गयी है। एनसीए की ओर से जारी बयान में कहा गया, कई वर्षों में रूसी प्रतिनिधियों के साथ नियमित परामर्श और चर्चा के बाद एनसीए ने रूसी संघ को यारालुमला में ब्लॉक 26 खंड 44 पर पट्टे को समाप्त करने के अपने निर्णय की सलाह दी है। रूस ने 2008 में ग्रिफ़िथ के उपनगर में मौजूदा दूतावास की जगह एक नया दूतावास बनाने के लिए इस जमीन के अधिकार खरीदा था। वर्ष 2011 में रूस को सभी कार्यों और भवन की मंजूरी दी गई थी और उसने तीन साल में निर्माण पूरा करने का वादा किया था, लेकिन आज तक इस परियोजना को पूरा नहीं किया है। एनसीए की मुख्य कार्यकारी सैली बार्न्स ने कहा, चल रहे अधूरे काम राजनयिक मिशनों और राष्ट्रीय राजधानी में विदेशी प्रतिनिधित्व के लिए आरक्षित क्षेत्र के समग्र सौंदर्य, महत्व और गरिमा को कम करते हैं।


### पेलोसी की ताइवान यात्रा पर चीन ने पुतिन के रुख की सराहना की

बीजिंग। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने बुधवार को कहा कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के इस बयान की चीन अत्यधिक सराहना करता है कि अमेरिकी सदन की अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी की ताइवान यात्रा 'सावधानीपूर्वक तैयार किया गया उकसावा' था। श्री पुतिन ने मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा पर 10वें मास्को सम्मेलन के प्रतिभागियों और मेहमानों को संबोधित करते हुए कहा कि पेलोसी की ताइवान यात्रा 'सावधानीपूर्वक नियोजित उकसावा' था, जिसका उद्देश्य एशिया-प्रशांत क्षेत्र में स्थिति को अस्थिर करना था। रूसी नेता के बयानों पर टिप्पणी करने के लिए पूछे जाने पर राजनयिक ने कहा, चीन रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा व्यक्त किये गये रुख की बहुत सराहना करता है। श्री वांग ने कहा कि जब से पेलोसी ने ताइवान का दौरा किया है 170 से अधिक देशों ने वन चाइना सिद्धांत के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है और अपनी राज्य की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए बीजिंग के प्रयासों का समर्थन किया है। श्री वांग के अनुसार श्री पुतिन की राय चीन और रूस के बीच उच्च स्तर के रणनीतिक सहयोग का प्रतिनिधित्व करती है। चीन ने द्वीप पर वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारियों के दौरे का बार-बार विरोध किया था क्योंकि वह ताइवान को अपने क्षेत्र का हिस्सा मानता है और ताइपे के साथ किसी भी प्रत्यक्ष आधिकारिक विदेशी संपर्क का विरोध करता है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# कृष्ण जन्मभूमि मथुरा है बेहद खास





## इन प्रसिद्ध जगहों पर जरूर जाएं एक बार!

भगवान कृष्ण की नगरी कहलाई जाने वाला धार्मिक स्थल मथुरा दुनियाभर में पर्यटकों के बीच प्रसिद्ध है। यहां भगवान कृष्ण के दर्शन करने के लिए विश्वभर से पर्यटक आते हैं। ये स्थल भगवान श्री कृष्ण जन्मभूमि से भी जाना जाता है। विशेषतौर होली मानाने के लिए यहां दूर-दूर से लोग आया करते हैं। यहां कृष्ण मंदिर के अलावा कई अन्य जगह भी हैं जहां आप घूमने के लिए जा सकते हैं। मथुरा से करीब 56 किलोमीटर की दूरी पर आगरा है। आप चाहें तो मथुरा के साथ-साथ आगरा भी घूमने जा सकते हैं। वहीं, अगर आप मथुरा घूमने का प्लान बना रहे हैं तो आज हम आपको जिन प्रमुख जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं वहां आप घूमने जा सकते हैं। आइए आपको मथुरा के कुछ प्रमुख स्थानों के बारे में बताते हैं...

### कृष्ण जन्मभूमि

अगर आप मथुरा जा रहे हैं तो सबसे पहले कृष्ण जन्मभूमि मंदिर ही जाएं। कृष्ण जन्मभूमि से ही आपको ये साफ हो गया होगा कि ये कृष्ण भगवान का जन्म स्थान है। बता दें कि इस मंदिर को उसी कारागार के बाहर बनाया गया है जहां भगवान कृष्ण ने जन्म लिया था। कहते हैं कि यहां कृष्ण भगवान की शुद्ध सोने से बनी 4 मीटर की मूर्ति थी, जिसको महमूद गजनवी द्वारा चुरा लिया गया था।

### बांके बिहारी मंदिर

मथुरा के सबसे प्रसिद्ध मंदिरों में से एक बांके बिहारी मंदिर है। ये राधा वल्लभ मंदिर के पास स्थित है। बता दें कि भगवान कृष्णा का दूसरा नाम बांके बिहारी भी है। इस मंदिर में बांके बिहारी की मूर्ति काले रंग की होती है। इस मंदिर में पहुंचने के लिए आपको संकरी गलियों से जाना पड़ेगा।

### द्वारकाधीश मंदिर

अगर आप भगवान कृष्ण से संबंधित घटनाएं कलाकृतियां देखना चाहते हैं तो द्वारकाधीश मंदिर जा सकते हैं। ये मंदिर विश्राम घाट के निकट स्थित है। इसका निर्माण साल 1814 में किया गया था। इस मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ लगी रहती है, खासतौर पर जन्माष्टमी में यहां ज्यादा भीड़ देखने को मिलती है।

### मथुरा संग्रहालय

मंदिर के दर्शन करने के अलावा आप म्यूजियम भी देखने जा सकते हैं। साल 1974 में मथुरा संग्रहालय का निर्माण किया गया था। इस संग्रहालय का पहले नाम फ्कर्जन म्यूजियम ऑफ आर्कियोलॉजीफ्र था। यहां आप कुषाण और गुप्त वंश से संबंधित कई कलाकृतियां देख सकते हैं। यहां अनोखी वास्तुकला और कई कलाकृतियों हैं, इसका चित्र भारत सरकार के स्टैंप पर भी छापा गया है।

### कुसुम सरोवर

मथुरा के प्रमुख स्थानों में से एक कुसुम सरोवर है। ये लगभग 60 फीट गहरा और 450 फीट लंबा है। इस सरोवर का नाम राधा के नाम पर रखा गया है। कहते हैं कि यहां भगवान कृष्ण और राधा मिलने के लिए आया करते थे। कुसुम सरोवर में कई लोग नहाने भी आते हैं, यहां का पानी शांत और साफ-सुथरा है। यहां पर होने वाली शाम की आरती यहां का मुख्य आकर्षण केंद्र, कई पर्यटक इस दृष्य को अपने कैमरे में भी कैद करते हैं।

### गोवर्धन पर्वत

अगर आप मथुरा घूमने आए हैं तो गोवर्धन पर्वत के दर्शन करने भी जरूर जाएं। इसका हिन्दू पौराणिक साहित्य में बेहद खास महत्व है। पौराणिक ग्रंथों के अनुसार भगवान कृष्ण ने अपनी एक छोटी उंगली से इस पर्वत को उठा लिया था। इस पर्वत का दर्शन करने वाले लोग इसके चक्कर जरूर लगाते हैं। मान्यता है कि ऐसा करना अच्छा होता है और भगवान कृष्ण की खास कृपा होती है।

### कंस किला

जयपुर के महाराजा मानसिंह द्वारा कंस किले का निर्माण किया गया था। अकबर के नवरत्नों में मानसिंह शामिल थे। हिन्दू और मुगल वास्तुकला के मिश्रण का अच्छा नमूना ये मंदिर यमुना नदी के किनारे स्थित है।

# 10 साल पहले नक्सलियों का गढ़ था त्रिपुरा का बंश ग्राम, आज है पर्यटकों का पसंदीदा स्थल

त्रिपुरा भारत के सभी पूर्वोत्तर राज्यों में एक सांस्कृतिक रूप से समृद्ध राज्य है। विरासत और ऐतिहासिक स्थल, सैकड़ों साल पुराने मंदिर, वन्यजीव स्थल और एक संपन्न कला और शिल्प उद्योग, त्रिपुरा का आकर्षण हैं। एक समय में त्रिपुरा में कुछ ऐसी घटनाएं हुई जिसकी वजह से इस राज्य की छवि पर असर पड़ा लेकिन अब हालत पूरी तरह से बदल चुके हैं। त्रिपुरा पर्यटकों के लिए एक बेहतरीन पसंद बनता जा रहा है। पिछले कुछ सालों में पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी हुई हैं। त्रिपुरा भारत के उन यात्रा स्थलों में से एक है जो परिवारों, दोस्तों, कपल और सोलो यात्रियों को आकर्षित करता हैं। वैसे तो त्रिपुरा में घूमने के लिए कई बेहतरीन हॉटस्पॉट है लेकिन आजकल एक खास स्थल की लोकप्रियता काफी बढ़ गयी है। इस खूबसूरत जगह का नाम है बंश ग्राम। त्रिपुरा के कटमारा गांव की सीमा के तहत अगरतला से लगभग 35 किलोमीटर दूर स्थित, बंश ग्राम त्रिपुरा में सबसे लोकप्रिय पर्यटन स्थलों में से एक है। यहां पर आप देख सकते हैं कि भारी संख्या में पर्यटकों का जमावड़ा है। इस जगह के बारे में अभी ज्यादा जानकारी गूगल पर उपलब्ध नहीं है लेकिन जो लोग वहां जा चुके हैं उन्होंने इस जगह की काफी तरीफें की है। बंश ग्राम में आप नैचुरल खूबसूरती देख सकते है। घनें जंगल, शुद्ध हवा, झीलों से घिरे बंश ग्राम में पर्यटकों के लिए काफी अच्छी व्यवस्था है। आज से दस साल पहले बंश ग्राम में एक ऐसा हादसा हुआ था जिसके बाद इस जगह को यहां के निवासी छोड़कर भाग गये थे। एक दशक से भी कम समय पहले, बंश ग्राम इलाका अपनी उग्रवादी गतिविधियों के लिए जाना जाता था। 1999 में पंचबती हत्याकांड के बाद विशेष रूप से प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स (अअस्र) द्वारा बंश ग्राम में 18 लोगों की बेरहमी से हत्या कर दी गयी थी। हत्या के बाद बड़ी संख्या में लोग यहां से भाग गए थे। बंश ग्राम नाम के इस इलाके में एक बहुत की शानदार रेस्टोरेंट भी है जहां पर्यटक खाने पीने के लिए आते हैं। इस जगह का नाम बंश ग्राम है। बंश ग्राम के संस्थापक मन्ना रे ने कहा कि उन्होंने इसे बनाया था। स्थानीय संसाधनों के उपयोग से इको-टूरिज्म डेस्टिनेशन को बढ़ावा देने के लिए सुंदर बांस का सहारा लेकर इस जगह को बनाया है। प्रकृतिक चीजों से बना बंश ग्राम लोगों के बीच काफी मशहूर हो रहा है। बांस की झोपड़ियों से लेकर कुर्सियां, मेज, पुल, वॉचटावर यहां सब कुछ बांस से बना है।



# अमरकंटक : तपोभूमि और प्राकृतिक छटा जहां जाने से मिलता है मोक्ष

**मध्यप्रदेश** के अनूपपुर जिले के पुष्पराजगढ़ तहसील में स्थित नर्मदा नदी का उद्गम स्थल अमरकंट कई ऋषि-मुनियों की तप-स्थली होने के साथ ही यह स्थल आध्यात्मिक और प्राकृतिक दृष्टि से बहुत ही सुंदर और मनोरम है। अमरकंटक का उल्लेख महाभारत काल में भी मिलता है। ऐतिहासिक दृष्टि से भी यह स्थल महत्वपूर्ण है।

**तपस्थली** : कहते हैं, किसी जमाने में यहां पर मेकल, व्यास, भृगु और कपिल आदि ऋषियों ने तप किया था। ध्यानियों के लिए अमरकंटक बहुत ही महत्व का स्थान है। जगतगुरु शंकराचार्य ने यही पर नर्मदा के सम्मान में नर्मदाष्टक लिखा था। भारत भ्रमण करते समय शंकराचार्य ने कुछ दिन यहां गुजारे और कई मंदिरों की स्थापना की। बीर ने भी यहां कुछ समय बिताया था, जिसे आज कबीर चौरा के नाम से जाना जाता है।



**मंदिर** : अमरकंट के कोटितीर्थ के मंदिरों के अलावा यहां से कुछ कदमों की दुरी पर कल्चुरि राजाओं के द्वारा बनाए गए मंदिर हैं। यहां स्थित मंदिरों में पातालेश्वर महादेव मंदिर, शिव, विष्णु, जोहिला, कर्ण मंदिर और पंचमठ महत्वपूर्ण है। पातालेश्वर महादेव मंदिर में स्थित शिवलिंग की स्थापना शंकराचार्य ने की थी। इस मंदिर की विशेषता यह है कि शिवलिंग मुख्य भूमि से दस फीट नीचे स्थित है यहां श्रावण मास के एक सोमवार को नर्मदा का पानी पहुंचता है। कोटितीर्थ से आठ किमी उड्डार में स्थित है 'जलेश्वर महादेव'। यहां के मंदिरों को संवारने का कार्य कई शासकों ने किया जिनमें नाग, कल्चुरि, मराठा और बघेल वंश के शासक रहे हैं।

**नर्मदा का उद्गम स्थल** : कोटितार्थ मां नर्मदा का उद्गम स्थल है। यहां सफेद रंग के लगभग 34 मंदिर हैं। यहां नर्मदा उद्गम कुंड है, जहां से नर्मदा नदी का उद्गम है जहां से नर्मदा प्रवाहमान होती है। मंदिर परिसरों में सूर्य, लक्ष्मी, शिव, गणेश, विष्णु आदि देवी-देवताओं के मंदिर है।

**शोण शक्तिपीठ** : मध्यप्रदेश के अमरकंटक के नर्मदा मन्दिर शोण शक्तिपीठ है। यहां माता का दक्षिण नितम्ब गिरा था। एक दूसरी मान्यता यह है कि बिहार के सासाराम का ताराचण्डी मन्दिर ही शोण तटस्था शक्तिपीठ है। यहां सती का दायां नेत्रा गिरा था ऐसा माना जाता है। यहां की शक्ति नर्मदा या शोणाक्षी तथा भैरव भद्रसेन हैं।

**प्राकृतिक सुंदरता** : अमरकंटक अपने प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है। अमरकंटक मैकल पर्वतश्रेणी की सबसे ऊंची श्रृंखला है। विंध्याचल, सतपुड़ा और मैकल पर्वतश्रेणियों की शुरुआत यही से होती है। अमरकंटक अपने औषधि वाले जंगल के लिए जाना जाता है। यहां तरह-तरह की औषधियां मिलती हैं।



**नदियों का उद्गम स्थल** : समुद्रतल से अमरकंटक 3600 फीट की ऊंचाई पर स्थित अमरकंटक को नदियों की जननी कहा जाता है। यहां से लगभग पांच नदियों का उद्गम होता है जिसमें नर्मदा नदी, सोन नदी और जोहिला नदी प्रमुख है। अमरकंटक के कोटितीर्थ से लगभग एक किमी दूर स्थित है सोनमुंग जिसे सोनमुड़ा भी कहते हैं। सोनमुंग से ही सोन नदी का उद्गम होता है जो उड्डार की ओर बहती हुई गंगा नदी में मिल जाती है। सोनमुंग से प्रकृतिक नजारा देखने लायक है। प्रकृतिप्रेमियों के लिए यह जगह आनंद देने वाली है। यहां बंदरों की आप पूरी फौज को देख सकते हैं। यहां के बंदरों की खासियत यह है कि यह सभी भी शांत चिड्डा नजर आते हैं। सोनमुंग से एक किमी दूर स्थित है माई की बगिया। लोक मान्यता अनुसार यहां नर्मदा नदी बचपन में खेल खेला करती थी। माई की बगिया से लगभग 3 किमी दूर स्थित है नर्मदा द्वारा बनाया गया पहला जलप्रपात जिसे कपिलधारा के नाम से भी जाना जाता है।

CMYK CMYK CMYK CMYK